www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024, वर्ष-10 अंक- 09 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पहला चरण: आज तय होगा 102 सीटों के 1625 उम्मीदवारों का भाग्य

लोकसभा चुनाव: 21 राज्यों की 102 सीटों पर शाम 5 बजे तक होगा मतदान 8 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल मैदान में..

नई दिल्ली/ रायपुर/ भोपाल/ नव प्रदेश। लोकसभा चुनाव के पहले चरण 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल शुक्रवार यानी (आज) मतदान होगा। छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। जिसमें भाजपा से महेश कश्यप और कांग्रेस से कवासी लखमा प्रत्याशी है।

इस लोकसभा सीट के अतिसंवेदनशील क्षेत्र वाली पोलिंग बूथ पर सुबह 7 से 3 बजे तक और बाकी स्थानों पर सुबह 7 से 5 बजे तक मतदान होगा। लोकसभा चुनाव 2024 में ह्यह्यआठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल समेत 1,625 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है।

इन राज्यों में शाम 5 बजे तक होगा मतदान

पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान 7 बजे तक होगा।

पहला चरण : यूपी-उत्तराखंड की इन सीटों पर मतदान

यूपीःनगीना, कैराना, मुरादाबाद, पीलीभीत, सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर व मुजफ्फरनगर।
उत्तराखंड : टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल।

गडकरी, सोनोवाल, बालियान की किस्मत का होगा फैसला

- नितिन गडकरी नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने तैयार
- किरेन रिजिजू चौथी बार जीतने की तैयारी
- मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल और नीलगिरि से एल मुरुगन मैदान में हैं।
- पूर्व सीएम त्रिवेंद्रसिंह रावत हरिद्वार व त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव देव पश्चिम त्रिपुरा से मैदान में।
- तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबटूर से मैदान में हैं।
- चिदंबरम के बेटे कार्ति शिवगंगा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।
- राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी हैं।

छत्तीसगढ़ में केवल एक सीट बस्तर पर मतदान

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन इन नेताओं ने झोंकी ताकत

प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी ने पूरी ताकत झोंक दी।

पूर्वोत्तर के दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए भी होगा मतदान

अरुणाचल प्रदेश (50 सीट) और सिक्किम (32 सीट) में विधानसभा चुनाव के लिए भी शुक्रवार को मतदान होगा।

आज बेबाक

पूरे देश में रामनवमी शांतिपूर्वक मनाई गई। कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई लेकिन बंगाल में बवाल हो गया। मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा में पथराव किया गया। जिससे कई रामभक्त घायल हो गए। बंगाल पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रही। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार यह आशंका व्यक्त करती रही है कि रामनवमी पर हिंसा हो सकती है। सवाल यह उठता है कि उनकी सरकार ने हिंसा रोकने के लिए एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए। अब टीएमसी इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा कर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत चरितार्थ कर रही है।

मुकेश गुप्ता को हाईकोर्ट से राहत

बिलासपुर, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्व पुलिस महानिदेशक मुकेश गुप्ता को राहत प्रदान करते हुए उनके खिलाफ की जा रही लोक आयोग की

कार्रवाई पर गुरुवार को रोक लगा दी। आज का दिन छत्तीसगढ़ के डीजीपी (सेवानिवृत्त) मुकेश गुप्ता के लिए काफी राहत भरा रहा। उनके खिलाफ की जा रही लोक आयोग की कार्रवाई पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी। साथ ही आयोग को उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने शिकायतकर्ता माणिक मेहता को छूट दी है कि वे नए सिरे से इस मामले में विधिवत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मुकेश गुप्ता के खिलाफ माणिक मेहता ने वर्ष 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपये का अनुदान लिया। उक्त अनुदान की राशि से गरीबों को मोतियाबिंद के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वीवीपैट पर सुको में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट की वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर की गई थीं। उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पीठ ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि

उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है।

चुनाव अधिकारी ने समझाया ईवीएम-वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया

शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ईवीएम, इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि वीवीपैट और ईवीएम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है? पीठ ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन पर लोगों की आशंकाएं दूर करने चुनाव आयोग को निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर लोगों में जारी आशंकाएं दूर करने के आदेश चुनाव आयोग को दिए हैं। इस मामले पर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुको ने ये बातें कही हैं।

कोर्ट के मुताबिक ईवीएम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान (गिनती) या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण के एक सवाल पर चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से इस आरोप की जांच करने को कहा कि केरल के कासरगोड जिले में मॉक पोल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार को अतिरिक्त वोट मिले थे।

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर ईडी का शिकंजा

- पुणे स्थित बंगले समेत 98 करोड़ की संपत्ति जप्त

मुंबई (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पुणे स्थित बंगले और इक्विटी शेयरों सहित करीब 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशकों के पैसे से धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, 'जब्त की गई संपत्तियों में मुंबई का जुहू स्थित फ्लैट है, जो शिल्पा शेट्टी के नाम पर है और पुणे का बंगला है, जो राज कुंद्रा के नाम पर है। इसके अलावा जब्त संपत्ति में इक्विटी शेयर शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया है कि करीब 97.79 करोड़ रुपये की इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया गया है। ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद जांच शुरू की थी। आरोपियों पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन के रूप में काफी मोटी रकम जमा की थी।

सुखोई की नजर के सामने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, (वार्ता)। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, दीपुर से गुरुवार को स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षण के दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। परीक्षण रेंज पर विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर द्वारा मिसाइल परीक्षण की निगरानी की गई थी। वायु सेना के सुखोई विमान से भी मिसाइल की उड़ान पर नजर रखी गई। इस सफल उड़ान परीक्षण के माध्यम से गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई), बेंगलुरु द्वारा विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली को भी कसौटी पर परखा गया। यह मिसाइल बेहतर और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आबकारी घोटाला: त्रिपाठी फिर रिमांड पर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कथित आबकारी घोटाले में फंसे सीएसएमसीएल के पूर्व एमडी अरूणपति त्रिपाठी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। गुरूवार

को एक बार फिर कोर्ट ने त्रिपाठी को पूछताछ के लिए रिमांड पर भेज दिया है। एसीबी ने पूर्व एमडी से पूछताछ के लिए रिमांड लेने आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर कोर्ट ने मंजूरी दी। जानकारी के मुताबिक अनवर ढेबर और अरविंद सिंह के साथ पूर्व एमडी अरूणपति त्रिपाठी को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश निधि शर्मा की अदालत में सभी को पेश करने के बाद एसीबी की ओर से रिमांड लेने आवेदन प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अरविंद और अनवर ढेबर को वापस जेल भेजने फैसला सुनाया जबकि सीएसएमसीएल के पूर्व एमडी अरूणपति त्रिपाठी की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल जानबूझ कर मीठी चीज़ें खाकर बढ़ा रहे अपना बीपी- शुगर

- आम, चीनी वाली चाय और मीठी चीज़ों से शुगर बढ़ाकर लेना चाहते हैं जमानत
- एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट का आरोप

नई दिल्ली/ नवप्रदेश। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ईडी का सनसनीखेज आरोप। उन्होंने संदेह जताया है कि सीएम अरविन्द केजरीवाल मीठी चीज़ें खाकर बढ़ा रहे हैं अपनी शुगर ताकी जमानत ले सकें। दिल्ली के सीएम केजरीवाल जानबूझ कर मीठी चीज़ें खाकर बढ़ा रहे अपना शुगर कर आम, चीनी वाली चाय और अन्य मीठी चीज़ें खाकर अपना

शुगर बढ़ा रहे हैं। इस तरह केजरीवाल ब्लड शुगर में उतार चढ़ाव की बात कहकर जमानत पाना चाहता हैं।

ईडी के वकील ने कोर्ट में दी यह दलील

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष केजरीवाल की अपने शुगर स्तर की नियमित जांच और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने नियमित डॉक्टर से परामर्श की याचिका के जवाब में ये दलीलें दीं।

कोर्ट ने जेल प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

इसको लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार को बताया कि जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाइयां खा रहे हैं, ताकि ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाया जा सके और इसे चिकित्सा आधार पर जमानत हासिल करने के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। वहीं, ईडी के इस आरोप के बाद कोर्ट ने तिहाड़ जेल से रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जेल प्रशासन से केजरीवाल का डाइट चार्ट मांगा है।

डॉ. विजय यादव एएमएचएसएससी के नए सीईओ

नई दिल्ली, (वार्ता)। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत अपैरल, मेड अप्स और होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) डॉ. विजय कुमार यादव को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। डॉ. यादव की नियुक्ति एक अप्रैल 2024 से प्रभावी हो गयी है। डॉ. यादव के पास कपड़ा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

लोकतंत्र के लिए जनसंपर्क विभाग और मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया में जारी की फोटो

पहले चरण के मतदान से पहले पोलिंग ऑफिसर की फोटो वायरल

मध्यप्रदेश के 6 लोकसभा सीटों पर होना है मतदान

भोपाल/नवप्रदेश। देश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल यानी 19 अप्रैल को होगा। इससे पहले चुनावी सामग्री लेकर चुनाव अधिकारी अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए निकले। इसको मध्य प्रदेश के जनसंपर्क विभाग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनावी सामग्री ले जाती हुई एक महिला अधिकारी की फोटो शेयर की है और सोशल मीडिया पेज पर लिखा है, कर्तव्य पथ पर बढ़ते कदम, मतदान कराने चले हम।

मध्य प्रदेश में छह सीटों पर मतदान होना है। जिसमें सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान होना है। इससे पहले वोटिंग कराने वाले दलों को चुनावी सामग्री भी बांट दी गई। इसी बीच छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र की एक चुनाव अधिकारी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। मध्य प्रदेश के जनसंपर्क विभाग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनावी सामग्री ले जाती हुई एक महिला अधिकारी की फोटो शेयर की है और सोशल मीडिया पेज पर लिखा है, कर्तव्य पथ पर बढ़ते कदम, मतदान कराने चले हम...छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र क्र.-16 निर्वाचन दल के सदस्य लोकतंत्र के महापर्व में निभा रहे हैं अपनी सहभागिता। आप भी निभाएं अपना फर्ज, वोट डालने जरूर जाएं।

पीली साड़ी वाली रीना द्विवेदी भी हुईं थीं वायरल

बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी पीली साड़ी पहने एक महिला पोलिंग अफसर रीना द्विवेदी की तस्वीर खूब वायरल हुई थी। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में लोक निर्माण विभाग की क्लर्क रीना इंटरनेट की सनसनी बन गई थीं। इसके बाद के चुनावों में वह वेस्टर्न ड्रेस और सन ग्लास में भी नजर आई थीं। वायरल फोटो वाली महिला का नाम सुशीला कनेश है। वह मध्यप्रदेश सरकार की सहायक ग्रेड-3 अधिकारी हैं और छिंदवाड़ा जिले में आपूर्ति शाखा में पदस्थ हैं।

मध्यप्रदेश : आज 6 सीटों पर होगा चुनाव, पहली बार एयर एंबुलेंस-हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल

भोपाल। लोकसभा चुनाव के पहले चरण पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा और बालाघाट में चुनाव होंगे. इसे लेकर चुनाव आयुक्त अनुपम राजन ने कहा कि मध्य प्रदेश की 6 सीटों पर पहले चरण का मतदान होगा. इस चुनाव में पहली बार हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस की व्यवस्था होगी. हेलीकॉप्टर बालाघाट और एयर एंबुलेंस जबलपुर से उपलब्ध होगी. पहले चरण का मतदान 29 संसदीय क्षेत्रों में होगा. इस मतदान में 88

उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है. सबसे ज्यादा नामांकन जबलपुर में भरे गए हैं. उन्होंने कहा कि मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा. जबकि,

इतने लोग घर से कर चुके हैं मतदान

राजन ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर पूरी व्यवस्था की गई है. पिंक पोलिंग बूथ की संख्या 1118 है. 5466 बुजुर्ग मतदाताओं और 2881 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया है. उन्होंने बताया कि आचार संहिता के बाद लगातार करवाई भी गई है. पहले चरण के चुनाव तक 120 करोड़ रुपये का कैश ओर सामान जप्त किया गया है. कार्रवाई के दौरान 18 करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है. 30 करोड़ रुपये की अवैध शराब बरामद की गई है. 20.86 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं.

नक्सली इलाकों में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी।

पहले चरण की वोटिंग के लिए 13,588 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. इसके साथ-साथ 18 सहायक मतदान केंद्र भी स्थापित किए गए हैं. उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान में 2651 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं. चुनाव आयुक्त अनुपम राजन ने बताया कि प्रथम चरण में 1 करोड़ 13 लाख 9 हजार 636 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें 57 लाख 20 हजार 780 पुरुष, 55 लाख 88 हजार 669 महिला और 187 थर्ड जेंडर शामिल हैं. 1 लाख 42 हजार 10 दिव्यांग मतदाता हैं. 771 व्यक्ति 100 उम्र के पार हैं. युवा मतदाताओं की संख्या 344244 है. सर्विस वोटर 10 हजार 522 हैं।

नक्सल प्रभावित बालाघाट पर विशेष नजर

दूसरी ओर, मध्य प्रदेश के नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में पहले चरण के मतदान को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. 50 कंपनियों के लगभग 8 हजार जवानों को तैनात किया गया है. लोकसभा सीट में मतदान के लिए कुल 2321 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. इसमें बालाघाट में 1675 और सिवनी में 646 सहित संसदीय क्षेत्रों में 2321 मतदान केंद्र हैं. वहीं, 319 सवेंदनशील और 58 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र हैं. गौरतलब है कि जिले 74 प्रतिशत नक्सल प्रभावित सहित अन्य मतदान केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जाएगी.

कांग्रेस कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़ : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए आज एक वीडियो जारी किया और कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ तथा कांग्रेस का असली डीएनए हैं। गांधी ने लोक सभा चुनाव के पहले चरण के एक दिन पहले जारी एक वीडियो संदेश में कहा ÷मेरे प्यारे कार्यकर्ता साथियों' आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। मैंने सोचा चुनाव का समय है, मैं आपसे थोड़ी सी सीधी बात कर लूं। ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसमें आप जैसे 'बब्बर शेर' कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में हैं। उन्होंने कांग्रेस की घोषणा पत्र की तारीफकरते हुए कहा कांग्रेस का मेनिफेस्टो एक बेहतरीन मेनिफेस्टो है।

जनता की बात सुनकर मेनिफेस्टो किया तैयार

कांग्रेस नेता ने कहा हमने जनता की बात सुनकर यह मेनिफेस्टो तैयार किया है। आप इसके बारे में देश की जनता को बताइए। उन्हें बताइए कि भाजपा हिंदुस्तान की सोच पर हमला कर रही है, हिंदुस्तान की विचारधारा को खत्म कर रही है, संविधान को मिटाने की कोशिश कर रही है।आप सभी को बहुत-बहुत प्यार। नमस्कार, जय हिंद।

बालाघाट लोकसभा: रिश्ते में पति-पत्नी मगर चुनाव में प्रतिद्वंद्वी

भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवारों से ज्यादा इस दंपति की चर्चा

शिवम यादव

बालाघाट। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों से ज्यादा चर्चा मुंजारे दंपत्ति की हो रही है. इस दंपत्ति के साथ लोधी वोटों का समर्थन भी है. कंकर मुंजारे चुनाव भी अपनी जाति के वोटों के कारण ही लड़ते आए हैं. कंकर मुंजारे पहली बार 1989 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय सांसद चुने गए थे।

उन्होंने किसी एक दल में टिककर राजनीति नहीं की. अनुभा मुंजारे से उनका विवाह 1991 में हुआ. मुंजारे सांसद थे. अनुभा को उन्होंने टीचर की नौकरी ज्वाइन नहीं करने दी. राजनीति में ले आए थे. बालाघाट की राजनीति में उनकी स्थिति एक और एक ग्यारह की मानी जाती है.

लेकिन, लोकसभा के इस चुनाव में अनुभा मुंजारे के बगैर कंकर मुंजारे की ताकत भी कम हुई है. कंकर मुंजारे ने लोकसभा का पिछला चुनाव भी बहुजन समाज पार्टी से लड़ा था. उन्हें 85 हजार से अधिक वोट मिलने के बाद भी जमानत जब्त हो गई थी.

बसपा से टिकट कंकर मुंजारे की मजबूरी?

कंकर मुंजारे को वापस बहुजन समाज पार्टी की ओर कांग्रेस के रवैये के कारण जाना पड़ा. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा का समझौता है. इस गठबंधन में सपा को खजुराहो की सीट कांग्रेस से मिली थी. लेकिन घोषित उम्मीदवार मीरा यादव की गलती से वह गठबंधन की इस सीट को चुनाव से पहले ही गंवा बैठी. बसपा का किसी दल से कोई गठबंधन नहीं है. इस कारण कंकर मुंजारे को टिकट मिलने में भी मुश्किल नहीं हुई. मुकाबला भी त्रिकोणीय हो गया है. बालाघाट संसदीय क्षेत्र सामान्य कैटेगरी की सीट है. इस संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की आठ सीटें शामिल हैं. ये सीटें हैं ङ्क बैहर, लांजी, परसवाड़ा, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, बरघाट और सिवनी. बालाघाट को मैंगनीज नगरी के नाम से भी जाना जाता है. इस शहर को पहले बूढा के नाम से जाना जाता था. पिछले पांच लोकसभा चुनाव से इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी लगातार जीतती रही है. 2024 के आम चुनाव में बालाघाट लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने मौजूदा सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन का

समाजवादी पार्टी से लड़े थे चुनाव

इसके पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में मुंजारे दंपति समाजवादी पार्टी से विधायक का चुनाव लड़े थे. अनुभा मुंजारे ने बालाघाट और कंकर मुंजारे ने परसवाड़ा से चुनाव लड़ा. परसवाड़ा में कंकर मुंजारे ने कांग्रेस को नंबर तीन पर कर दिया था. यहां भाजपा चुनाव जीती थी. इसी तरह बालाघाट में अनुभा मुंजारे दूसरे नंबर पर रहीं थीं. कांग्रेस तीसरे नंबर पर चली गई. कांग्रेस ने मुंजारे दंपति की ताकत समझा और अनुभा मुंजारे को समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दिलाकर उन्हें कांग्रेस में शामिल करा लिया. उन्हें बालाघाट से टिकट दी. उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर बिसेन को पराजित कर कांग्रेस की स्थिति मजबूत कर दी. इस जीत के बाद से ही पति-पत्नी के बीच दूरी दिखने लगी थी. पहली बार कंकर मुंजारे ने परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ा.

कांग्रेस से टिकट न मिलने से खफा मुंजारे

लोकसभा चुनाव में कंकर मुंजारे की पहली प्राथमिकता कांग्रेस का टिकट हासिल करने की थी. कमलनाथ के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटने के बाद मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पूरी राजनीति बदल गई. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर कंकर मुंजारे ने अपना पक्ष रखा था. लेकिन, कांग्रेस ने टिकट जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार को दी है. सम्राट के पिता अशोक सरस्वर के खिलाफभी अनुभा मुंजारे चुनाव लड़ चुकी हैं. अब उन्हें अपने राजनीतिक विरोधी के पक्ष में प्रचार करना पड़ रहा है. वे प्रचार में पति कंकर मुंजारे के खिलाफकुछ नहीं बोल रहीं. जबकि मुंजारे कई बार भाजपा सरकार के बजाए अनुभा मुंजारे के क्षेत्र के प्रति उपेक्षा पर रोष जाहिर करते हैं. अनुभा मुंजारे पति की नाराजगी पर चुप हैं. वे कहती हैं कि कंकर मुंजारे मेरे गुरु हैं. बड़े नेता है.

हो सकता है जातिगत समीकरणों में बदलाव

बालाघाट क्षेत्र में पंवार, लोधी और मरार समाज का बोलबाला है. लगभग हर चुनाव में जातीय समीकरण मुख्य भूमिका निभाते हैं. भाजपा की भारती पारधी पंवार समाज से हैं. उन्हें इसका लाभ मिलेगा. दूसरे नंबर पर लोधी समाज है. पंवार और लोधी समाज कभी भी एक साथ नहीं आते. वैसे लोधी को भाजपा का वोट माना जाता है. लेकिन, उम्मीदवार पंवार होने से जातीय समीकरण बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं. ऐसे में लोधी समाज के पास एक विकल्प कंकर मुंजारे के तौर पर उपलब्ध है. क्षेत्र के लोधी वोटों को साधने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल बालाघाट में सकिय हैं. वे 1999 में इस सीट से सांसद भी चुने जा चुके है. कांग्रेस उम्मीदवार सम्राट सरस्वार कलार समाज के हैं लेकिन इन्हें लोधी समाज का समर्थन मिल सकता है. कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे इसी समाज से हैं. वे कांग्रेस का काम कर रही हैं. कंकर मुंजारे इस समाज का बड़ा हिस्सा अपने पक्ष में ले जा सकते हैं।

भाजपा ने रत्नागिरी सिंधुदुर्ग सीट से राणे को बनाया उम्मीदवार

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र की रत्नागिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की आज यहां जारी 13 वीं सूची में केवल एक नाम ही घोषित किया गया, जिसमें कहा गया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने श्री राणे को महाराष्ट्र की रत्नागिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से उम्मीदवार होंगे। उल्लेखनीय है कि श्री राणे पारंपरिक रूप से रत्नागिरी सिंधुदुर्ग सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं।

गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई में कैसी है लड़ाई

पटना/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार बंद होने के बाद मतदान को लेकर तमाम दल अपने कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल तक जमे रहने की रणनीतियां बनाए हुए हैं. गया, नवादा, औरंगाबाद

और जमुई सीटों पर मुकाबले को लेकर अपने पक्ष में अधिक मतदान करवाने की रणनीति तैयार की गई है. इन चारों सीटों पर मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है क्योंकि एक ओर जहां जातीय समीकरण की सियासत का लिटमस टेस्ट है वहीं एनडीए की विकासवादी राजनीति की अग्निपरीक्षा है. औरंगाबाद में महागठबंधन में राजद के अभय कुशवाहा और नवादा में श्रवण कुशवाहा को चुनावी मैदान में उतारकर जहां राजद ने बड़ा दांव खेला है, वहीं गया और जमुई से दलित कैंडिडेट को सियासी पिच पर उतारकर अपनी सामाजिक न्याय के दावे वाली राजनीतिक रणनीति बनाई, वहीं एनडीए ने गया से जीतन राम मांझी, नवादा से विवेक ठाकुर, जमुई से अरुण भारती और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह को चुनावी मैदान में उतारकर सर्वसमाज की अवधारणना वाली राजनीति को आगे बढ़ाने पर बल दिया. आइये जानते हैं लोकसभा चुनाव में इन चारो सीटों पर कौन-कौन से प्रत्याशी मुख्य मुकाबले में हैं और कहां कैसा समीकरण बन रहा है.

दौसा की सियासत: सचिन के भरोसे कांग्रेस सामने कद्दावर भाजपा नेता, क्या होगा खेल?

जयपुर। पूर्वी राजस्थान की राजनीति का यदि कोई केंद्र है तो वह है दौसा. और इस बार भी यह सीट पूर्वी राजस्थान की सबसे हॉट सीट कही जा रही है. यहां दो राजनीतिक क्षत्रपों, कैबिनेट मंत्री व बीजेपी नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और कांग्रेस के कद्दावर नेता सचिन पायलट की साख दांव पर लगी है. कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा पार्टी में सचिन पायलट खेमे के सिपहसालार माने जाते हैं. वहीं, बीजेपी के उम्मीदवार कन्हैयालाल मीणा बस्सी से चार बार विधानसभा में पहुंच चुके हैं और वे मंत्री भी रहे हैं. मुरारीलाल मीणा भी दौसा से तीन बार जबकि एक बार बांदीकुई से विधायक रहे हैं.

खास बात यह है कि दोनों ही लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं. इससे पहले 2019 में कांग्रेस के टिकट पर मुरारीलाल मीणा की पत्नी सविता मीणा ने चुनाव लड़ा था और बीजेपी की जसकौर मीणा से हार गई थीं. इस बार बीजेपी ने जसकौर के बजाय कन्हैयालाल मीणा पर दांव खेला है. सबसे ज्यादा यदि किसी का

इस सीट पर वर्चस्व देखने के मिला है तो वह पायलट परिवार का रहा है. परिसीमन और रिजर्व सीट होने से पहले कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खास सहयोगी राजेश पायलट यहां से पांच बार चुनाव लड़े और जीते भी. साल 2000 में सड़क दुर्घटना में उनके निधन के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी रमा पायलट चुनकर आईं. साल 2004 में सचिन पायलट भी दौसा सीट से सांसद रह चुके हैं. 2009 के चुनाव में यह सीट एसटी के लिए रिजर्व हो गई. वहीं, 2009 में सीट रिजर्व होने के बाद किरोड़ी लाल मीणा निर्दलीय चुनाव लड़े और जीते. दोनों

भाई यहां भाई को हरा चुका

10 साल पहले 2014 के आम चुनाव में बीजेपी के हरिश्चंद्र मीणा अपने भाई और कांग्रेस के कद्दावर नेता नमोनारायण मीणा के खिलाफ चुनाव लड़े. वहीं, तीसरे उम्मीदवार डॉ. किरोड़ी लाल मीणा थे. इस चुनाव में नमोनारायण मीणा तीसरे नंबर पर रहे थे और बीजेपी के हरिश्चंद्र मीणा ने किरोड़ी लाल को 45 हजार से ज्यादा मतों से हराया था.

दोनों बड़ी पार्टियों ने झोंकी ताकत

हॉट सीट होने के चलते दोनों ही पार्टियां इस लोकसभा क्षेत्र में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहती हैं. प्रदेश स्तर के नेताओं के अलावा यहां बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोड-शो कर चुके हैं. वहीं, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी इस क्षेत्र के बांदीकुई में जनसभा की हैं. यानी दोनों ही पार्टियों के लिए यह सीट बराबर अहम है. और यहां का ऊंट किस करवट बैठेगा, आश्वस्त दोनों हैंज या दोनों में कोई नहीं.

लालू ने पप्पू यादव को छोड़ क्यों लगाया बीमा भारती पर दांव?

■ खुद 5 बार के विधायक ने खोला राज

पटना। बिहार में राजनीति और गर्मी का तापमान बढ़ा हुआ है. बात अगर सबसे हॉट सीट की करें तो पूर्णिया अभी सबसे आगे है.यहां पर एनडीए, इंडिया गठबंधन और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच कांटे का मुकाबला है. एनडीए की उम्मीदवार के प्रचार में पीएम मोदी चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं. वहीं इंडिया एलायंस की और से पांच बार की विधायक बीमा भारती चुनाव मैदान में है. वहीं कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय पूर्व सांसद पप्पू यादव ताल ठोक रहे हैं. ऐसे में मुकाबला काफी रोचक हो गया है.

सबसे ज्यादा चुनौती किनको मानती हैं?

हम किसी को चुनौती नहीं मानते हैं. जनता की अदालत में है. जनता ही मालिक है.जनता से हम वोट मांगने का काम कर रहे हैं. जनता तय करेगी

कौन जीतेगा और हारेगा. हम घर-घर जाकर अपनी बातों को बता रहे हैं. अब जनता तय करेगी क्या करना है. पप्पू यादव को मानते हैं चुनौती? बीमा भारती ने कहा कि हम किसी को चुनौती नहीं मान रहे हैं. जनता की अदालत में फैसला होगा कौन कितना भारी है. जनता तय करेगी।

जानिए बीमा भारती का राजनीतिक सफर

बीमा भारती की राजनीतिक सफर 2000 से शुरू हुई. रूपौली निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव जीतकर बिहार विधान सभा के लिए चुनी गईं. इसके बाद, वह राजद की सदस्यता ग्रहण की. फिर फरवरी 2005 के चुनाव में वह उस समय के एलजेपी के शंकर सिंह से चुनाव हार गईं. लेकिन अगले अक्टूबर के चुनाव में वह सीट वापस जीतने में सफल रहीं. बाद में उन्होंने राजद छोड़ दिया.

एयरपोर्ट को चालू करवाना प्राथमिकता

बीमा भारती ने कहा कि मेरे लिए कोई चुनौती नहीं है. हम जनता की अदालत में जा रहे हैं. जनता के बीच में जा रहे हैं. जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है. लोग मेरी बातों को समझ रहे हैं. चुनाव जीतने के बाद पहला काम कौन करेगी? बीमा भारती ने कहा कि सीमांचल का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है. इसके लिए एयरपोर्ट का चालू करवाना प्राथमिकता है. एयरपोर्ट चालू होने के बाद यहां का विकास का रास्ता खुल जाएगा. अगर चुनाव जीतती हूं तो सबसे पहली आवाज एयरपोर्ट के लिए ही उठाउंगी.

दिल्ली नगर निगम चुनाव : आरक्षित श्रेणी में महापौर

■ आप ने महेश खिची को महापौर और रविंद्र भारद्वाज को उपमहापौर का उम्मीदवार बनाया

नई दिल्ली, (वार्ता)। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के महापौर के लिए महेश खिची और उपमहापौर पद के लिए रविंद्र भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया हैं।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और निगम के प्रभारी दुर्गेश पाठक ने महापौर उपमहापौर प्रत्याशी की घोषणा करते हुए आज कहा कि पहले भी दिल्ली के लोग लोकसभा, विधानसभा और निगम के चुनाव में वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनती रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल के उदय के बाद पहली बार दिल्ली और देश में काम की राजनीति

15 साल तक भाजपा का शासन रहा

इस दौरान निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि एक साल पहले दिल्ली की जनता ने निगम में भी अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाई। लोगों ने बड़ी उम्मीदों के साथ अरविंद केजरीवाल को एमसीडी की जिम्मेदारी दी। इससे पहले 15 साल तक भाजपा का शासन रहा। उस दौरान हमेशा जगह-जगह कूड़ा फैला होने, ड्रेनेज सिस्टम खराब और भ्रष्टाचार समेत नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती थी। 15 साल तक दिल्ली के लोगों को अपमानित किया गया। लोगों को घर के सामने पड़े कूड़े को हटवाने के लिए भी दर-दर की ठोंकरे खानी पड़ती थी। 15 साल की गंदगी को साफकरने में समय लगता है। भाजपा द्वारा निगम के एक-एक विभाग को खत्म कर दिया गया। किसी भी विभाग के कर्मचारी को समय पर सैलरी नहीं मिलती थी। कई बार कर्मचारी आठ से दस महीने तक सैलरी के लिए धरने पर बैठने को मजबूर थे।

शुरू हुई है। वहीं, दूसरी तरफ लोग भाजपा की नकारात्मक राजनीति से धीरे-घीरे दूर होते गए। दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बुरी तरह हारने के बाद भाजपा यह समझ गई कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह से हराया नहीं जा सकता है इसलिए षड़यंत्र करके आम आदमी पार्टी को खत्म करना पड़ेगा। राय ने कहा कि भाजपा के षड़यंत्र की शुरूआत एमसीडी चुनाव से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के साथ हुई। सारे षड़यंत्रों के बाद भी दिल्लीवालों ने दिल्ली विधानसभा की तरह निगम से भी भाजपा की विदाई कर दी। निगम में हारने के बाद भाजपा और बौखला गई। इसके बाद भाजपा ने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कराया और अब अरविंद केजरीवाल को भी झूठे आरोपों में जेल में बंद कर दिया गया है।

गोड्डा सीट पर दीपिका पांडे-निशिकांत दुबे के बीच होगा मुकाबला

गोड्डा, (वार्ता)। झारखंड की गोड्डा संसदीय सीट पर इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) की कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल (राजग) में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। इंडी गठबंधन की ओर से आखिरकार लंबे इंतजार के बाद गोड्डा संसदीय सीट के प्रत्याशी का नाम घोषणा हो गयी है। गोड्डा सीट पर भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे के सामने कांग्रेस ने दीपिका पांडे को टिकट दिया है। वह 2008 में कांग्रेस की जिला अध्यक्ष भी रही है। दीपिका पांडेय सिंह ,राहुल गांधी के यूथ ब्रिगेड की कोर कमेटी मेंबर भी हैं। पहले उन्हें कांग्रेस यूथ विंग का महासचिव बनाया गया फिर महिला मोर्चा का राष्ट्रीय सचिव और वर्तमान में दीपिका कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हैं। वहह पिछले चुनाव में उत्तराखंड, हिमाचल समेत कई राज्यों में प्रभारी रह चुकी हैं। दीपिका पांडे सिंह को 2019 के विधानसभा चुनाव में महागामा सीट से कांग्रेस ने टिकट दिया। दीपिका पांडे के सामने भाजपा के दिग्गज और तीन बार के विधायक रहे अशोक कुमार भगत थे।

अशोका बिरयानी के सीवर टैंक में उतरे दो सफाई कर्मियों की मौत

गंदगी और संकरी सीवर टैंक में जहरीली गैस बनने से हादसे की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। अशोका बिरयानी के सीवर टैंक की सफाई के लिए बिरयानी सेंटर के दो कर्मचारियों को उतारा गया था। फ़िलहाल मौत का कारण अज्ञात है और संभावना जताई जा रही है कि दोनों स्वीपर्स की मौत दम घुटने या गटर में जानलेवा गैस बनने से हुई होगी। रायपुर के जीई रोड स्थित अशोका बिरयानी सेंटर में 2 कर्मचारियों की मौत हो गई है। टैंक की सफाई के लिए दो कर्मचारियों को गटर में उतारा गया था।

इस दौरान घटना कवरेज के लिए गए मिडिया कर्मियों से भी अशोका बिरयानी के स्टाफ ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया है। नाराज पत्रकारों ने थाना पहुंचकर आरोपी स्टाफ और संचालक के खिलाफ शिकायत करने लामबंद होकर पहुंचे हैं।

बताते हैं कि मृतक डेविड साहू और नीलकुमार पटेल सांस नहीं ले पाने की वजह से गटर से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे लेकिन दोनों ही अंदर फंस गए। बहुत देर बाद स्टाफ को भनक लगी तब दोनों की बॉडी निकली गई लेकिन अस्पताल ले जाते ही उन्होंने दम तोड़ दिया था।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जहरीली गैस से जान जाने की आशंका है। दोनों को वी केयर हॉस्पिटल भेजा गया जिन्हे डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया। मृतकों का नाम डेविड साहू पिता यशवंत राम उम्र 19 साल निवासी खामहरिया जिला धमतरी और नीलकुमार पटेल पिता जगदीश पटेल उम्र 30 साल निवासी खुटादरहा जांजगीर -जिला जांजगीर है।

पत्रकारों पर स्टाफ ने किया हमला

राजधानी की सबसे महँगी और नामचीन नॉन वेज संस्थानों में शुमार अशोका बिरयानी में हुए इस हादसे की खबर कवरेज करने पहुंचे मिडिया कर्मियों से संचालकों के इशारे पर स्टाफवालों ने मारपीट किये हैं। अशोका बिरयानी ऊंचा नाम और बदतर इंतजाम का कहीं खुलासा न हो जाये इसलिए मिडिया को हादसे की खबर कवरेज करने से रोका गया था और इस दौरान पत्रकार व् मिडिया कर्मी से मारपीट की गई। मामले की शिकायत मिडिया कर्मियों कर्मियों ने पुलिस से किया है।

गांव से रोजी-रोटी कमाने आये थे, मिली मौत

पुलिस ने बताया कि मृतक कर्मचारियों में से एक डेविड साहू (19) धमतरी के खम्हरिया का रहने वाला था। नीलकुमार पटेल (30) जांजगीर-चांपा जिले के खूंटादहरा का रहने वाला था। दोनों के परिवार वालों से संपर्क किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

ननि ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह और रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन निरन्तरता से चलाया जा रहा है. आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के तहत डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर अमलीडीह के रहवासी क्षेत्र में एआईजी (ट्रेफिक) संजय शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों सहित एनयूएलएम के तहत महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं, नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के मतदाता रहवासियों को दिनांक 7 मई 2024 को रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ दिलवाई गयी.

सप्ताह में 3 दिन अवैध कब्जे ग्रीन नेट पर कार्रवाई के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने जोन कमिश्नरों को सड़क पर रखे कंडम वाहन, सड़क पर अतिक्रमण कर ठेले - गुमटी लगाने, सीएनडी वेस्ट और ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों पर सप्ताह में तीन दिन कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कार्रवाइयों की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के लिए कहा है। जिससे उन कार्रवाइयों की समीक्षा की जाएगी। नगर निवेशक निशिकांत वर्मा ने बताया कि कमिश्नर श्री मिश्रा के निर्देश पर कार्रवाई करने के लिए जोन वार सूची बनाई गई है। कौन सा जोन सप्ताह के किन 3 दिनों में कार्रवाई करेगा, इसका भी प्रारूप बनाया गया है। ये कार्रवाई सोमवार से शुक्रवार तक सप्ताह में 5 दिन की जाएगी।

वर्षा जल संग्रहण करने निगम लेगा विशेषज्ञों की मदद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा वर्षा जल का संघहण करने तथा ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। इसमें विभिन्न तकनीति विशेषगों के साथ वर्षा जल को संरक्षित रखने के कार्य को क्रियान्वित किया जाएगा। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा द्वारा सभी 10 जोनों को वर्षा जल संरक्षण पर कार्य करने के लिए कार्य करने के लिए कहा गया है।

एक साल में 2000 अपराधियों की डिजीटल कुंडली तैयार

पुलिस के अनुसार इंटर स्टेट इन्वेस्टिगेशन में मिलेगी मदद



रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेंज में हार्डकोर अपराधियों का डिजीटल डाटा तैयार हो चुका है। अब इंटर स्टेट इन्वेस्टिगेशन में पुलिस की टीम आसानी से छानबीन कर आरोपियों का पता लगा पाएगा। राजधानी में एंटी क्राइम यूनिट ने एक खास तरह का डाटा तैयार कर लिया है जिसे दूसरे राज्यों की पुलिस ऑन लाइन जांच पड़ताल कर सकेगी। संभाग में होने वाले अपराधों की जांच के समय में लोकल पुलिस को मदद मिलेगी।

जानकारी के मुताबिक राजधानी में सायबर क्राइम यूनिट ने लगभग 2000 अपराधियों का डाटा तैयार किया है। अपराधियों का डिजीटल डाटा इस तरह से बनाया गया है जिसमें उनके रहने के प्रमाण से लेकर आधार की जानकारी दर्ज है। अब इस डाटा को इंटर स्टेट इन्वेस्टिगेशन के लिए इस्तेमाल करने की तैयारी है। अपराधियों का डिजीटल डाटा बनने के बाद पुलिस को उम्मीद है कि पेशेवर गिरोह जो राज्य के बाहर जाकर बड़ी वारदातों को अंजाम देते हैं उनकी पहचान करने में आसानी होगी। पैटर्न के हिसाब से पेशेवर गिरोह की कुंडली पहले ही बनाई गई है। शहर में अपराध होने के बाद दूसरे राज्यों में घटित अपराधों की जांच कर आरोपी गिरोह की तलाश करते हैं अब डिजीटल डाटा तैयार होने से जांच में तुरंत मदद मिलेगी।

शहर से भागने वाले बदमाशों पर लगाम

डिजीटल कुंडली बनने से शहर के बाहर भागने वाले बदमाशों की धरपकड़ में पुलिस को मदद मिलेगी। कई बार स्थाई व गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद अपराधी दूसरे शहरों में शरण लेते हैं लेकिन अब डिजीटल डाटा तैयार होने के बाद उनका आसानी से पता लगाया जा सकेगा। दूसरे राज्य में पैठ जमाने पर लोकल पुलिस की मदद से आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

थानों में सूची बदलने का सिस्टम

एसएसपी संतोष सिंह ने थानों में अब नए गुंडे बदमाशों पर लगाम कसने के लिए उनकी सूची चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में थानेवार पुराने गुंडे बदमाशों के साथ अपराधिक मामलों में संलिप्त नए बदमाशों की सूची चस्पा करने कवायद तेज कर दी गई है। थानों में गुंडा लिस्ट की नई सूची जारी होने के बाद उनकी सूची जारी करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

डिजीटल डाटा से मदद

पुराने बदमाशों का डिजीटल डाटा बनाया गया है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन में इस डाटा से पुलिस को काफी मदद मिल रही है। आगे नए बदमाशों की भी कुंडली तैयार करेंगे।
-संजय सिंह, डीएसपी क्राइम

सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तारीखें घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (CEE) की तारीखें भारतीय सेना द्वारा घोषित कर दी गई हैं । विभिन्न श्रेणियों के ऑनलाइन परीक्षा (CEE) हेतु अप्रैल महीने की 22, 23, 24, 25, 29, 30 तथा मई महीने की 02 और 03 तारीख निर्धारित गयी है ।

निर्धारित तारीखों को ऑनलाइन परीक्षाएं तीन शिफ्टों में आयोजित की जाएगीं । इस बार अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टायपिंग टेस्ट भी निर्धारित ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर ही आयोजित की जा रही हैं । ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम का प्रवेश-पत्र भारतीय सेना की व े ब स ा इ ट - www.joinindianarmy.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

छत्तीसगढ़ में सीईई परीक्षा भिलाई-दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएंगी । यह परीक्षा भिलाई में- आई ओ एन डिजिटल जोन, आई डी जेड, ग्राउण्ड, सेकण्ड और थर्ड फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर (छत्तीसगढ़) 492101, रूंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई नगर (छत्तीसगढ़) 490024, साई कॉलेज, स्ट्रीट-69, सेक्टर-6, भिलाई नगर (छत्तीसगढ़) 490006, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई नगर (छत्तीसगढ़) 490024, दुर्ग में- छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001, भारती कॉजेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001 आदि।

लिवर दिवस: रामकृष्ण हास्पिटल में जागरूक कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। लिवर मानव शरीर के सबसे अहम अंगों में से एक है, महत्वपूर्ण अंग होने के बावजूद भारत समेत दुनिया भर में बडी संख्या में लोग फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहें हैं। यह जीवन के लिए खतरा तो नहीं हैं, लेकिन इसकी लगातार अनदेखी करना खतरनाक हो सकता है। रामकृष्ण केयर हास्पिटल के डॉ संदीप पाण्डे, डॉ. ललित निहाल, डॉ. अजीत मिश्रा एवं डॉ. धीरज प्रेमचंदानी ने आज विश्व लिवर दिवस पर लोगों को लिवर से संबंधित रोगों एवं बचाव हेतु कई महत्वपूर्ण जानकारियों प्रदान की। लिवर की समस्या का मुख्य कारण लोगों की असंतुलित जीवन शैली है। आरामदेह एवं अव्यवस्थित जीवन शैली के चलते लोगों को अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड रहा है। जिसके कारण फेटी लिवर, लिवर के सूजन, सिरोसिस जैसी समस्याएं अधिक देखने में आ रही है। खानपान में अ÷ गुद्धता के चलते लिवर में परेशानी स्वाभाविक है वही अधिक अल्कोहल पीने से लिवर के कमजोर होने का खतरा हमे। बना रहता है। आज कल मेटाबालिक एसोसियेटेड, फेटी लिवर डिसीज के रूप में एक नई तरह की समस्या भी देखने में आ रही है जिसे सामान्य भाषा में समझते तो अगर किसी को डायबिटिज, मोटापा या अनियंत्रित ब्लड प्रोर जैसी समस्या है तो लिवर की बिमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। कमर के आसपास फैट इकत इकट्ठा हो रहा है या गर्दन मोटी और काली हो रही है तो यह भी लिवर की समस्या के प्रारंभिक संकेत है, ऐसी स्थिति में लिवर की जॉच अवश्य करानी चाहिए। शुरूआती लक्षणों से संबंधित बिमारियों का पता लगाया जा सकता है जैसी सीधे हाथ में उपर की तरह थोडा भारीपन महसूस हो सकता है। गंभीरता बढाने पर पैरो में सूजन, पेट का आकार, पेट में पानी इकट्ठा होने इत्यादि। लोगों को लिवर संबंधी कोई समस्या होने पर हेपेटाइटिस बी और सी की भी स्क्रीनिंग करा लेनी चाहिए। कभी जाने अनजाने में ड्रग्स के प्रयोग, असुरक्षित यौन संबंध जैसे कारणों से भी हेपेटाइटिस की आशंका रहती है। इस बिमारी का बचाव संभव है बातें सही समय पर जाँच हो और सही उपचार हो। लिवर को स्वास्थ्य रखने के लिए अच्छी डाईट और पर्याप्त एक्सरसाईज, भोजन में चीनी फेट कम से कम रखे ।

पहले चरण के चुनाव प्रचार से साफ हुआ जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रथम चरण का चुनाव प्रचार आज समाप्त हो गया। छत्तीसगढ़ के बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बस्तर एवं पूरी छत्तीसगढ़ की जनता अब की बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने मतदान करने का मन बना चुकी है। जनता मोदी सरकार की विदाई के लिये मतदान करने को आतुर है। लोग मोदी और उनके सरकार के कोरे भाषणों और जुमलेबाजी से परेशान है।

छत्तीसगढ़ में मोदी और राज्य की साय सरकार की वादाखिलाफी बड़ा मुद्दा है। राज्य में मोदी की गारंटी के नाम से बड़ी-बड़ी बातें हो रही है लेकिन जनता से किये वादे साय सरकार पूरी नहीं कर रही, न 18 लाख आवास का वादा पूरा हुआ, न महतारी वंदन की पूरी राशि महिलाओं को मिली और न ही किसानों का कर्जा माफहुआ। भाजपा की धोखेबाजी के खिलाफ मतदान होगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री बताएं कि उनके दो कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनके 2014 के वायदों का क्या हुआ? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादे कर क्या हुआ? किसानों की आय दोगुनी का क्या हुआ? मोदी यह बताये 10 साल के बाद भी अपने समर्थन मूल्य गारंटी के लिये भारत का किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहा है। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार क्यो नही मिला? पेट्रोल डीजल के दाम 35 रु क्यो नही हुआ? हर के खाते में 15 लाख क्यो नही आया? 2022 तक हर आवासहीनों के मकान के वायदे का क्या हुआ, विदेशों से काला धन लाकर हर नागरिक के खाते में 15 लाख लाने के वादे का क्या हुआ? मोदी बताएं देश के महिलाओ को सुरक्षित वातावरण क्यों नही मिल रहा है?

हीमोफिलिया पर संगोष्ठी: पैथालॉजी और मेडिसीन विभाग का संयुक्त आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। हीमोफिलिया रक्त की एक दुर्लभ अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें रक्त के थक्का जमने में आवश्यक फेक्टर 8 या फेक्टर 9 की कमी होती है, जिससे रक्त का थक्का नहीं बन पाता। इस कारण बार-बार रक्तस्त्राव होने लगता है। विभिन्न जोड़ों में रक्तस्त्राव के कारण विकृति और विकलांगता निर्मित होती है और आंतरिक महत्वपूर्ण अंगो में रक्तस्त्राव मृत्यु के कारण भी बनते हैं। उक्त हीमोफिलिया बीमारी के विभिन्न चिकित्सकीय पहलुओं पर जानकारी हेतु पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पैथालॉजी और मेडिसीन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड हीमोफिलिया डे का आयोजन किया गया।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पैथालॉजी ने अपने स्वागत उद्बोधन में हीमोफिलिया बीमारी के चिकित्सकीय, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुये इस संगोष्ठी के औचित्य और उपयोगिता का उल्लेख किया। बाल्को मेडिकल सेंटर के हिमेटोलॉजिस्ट डॉ. दिब्येन्दू डे ने अपने व्याख्यान में हीमोफिलिया बीमारी के पहचान के लक्षण, रक्त परीक्षण एवं ईलाज हेतु ऑन डिमांड और बचाव के लिये फेक्टर 08 और फेक्टर 09 कितनी मात्रा और कितने अंतराल में दिये जाना है, इसकी विस्तृत विवेचना की। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में छत्तीसगढ़ राज्य में हीमोफिलिया रोगियों की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने इसके नये उपचार जिसमें जीन थेरेपी प्रमुख है, के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके बेहतर परिणाम मिल सकते हैं एवं मरीजों के लिये अच्छे, स्वस्थ और लंबे जीवन हेतु आशा की किरण नजर आती है ।

हीमोफिलिया मरीजों के लिए प्रोफाइलेक्सिस थेरेपी एवं होम थेरेपी से उनकी विकलांगता को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

सकारात्मक ऊर्जा के लिए नवरात्र पर साधना जरूरी: डॉ. प्रणव पण्ड्या

हरिद्वार/नवप्रदेश। नवरात्र साधना के अंतिम दिन गायत्री तीर्थ शांतिकुंज व देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में साधकों ने इदं न मम के भाव से अपने अपने अनुष्ठान की पूर्णाहुति कीं। इस अवसर पर शांतिकुंज परिसर में बहिनों ने 51 कुंडीय तथा देसंविवि परिसर में छात्रों ने 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया। वहीं आखिरी दिन अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने आस्था संकट के दौर में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए नवरात्र साधना को महत्वपूर्ण बताया। संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने एकता, समता एवं शुचिता की मर्यादा का जो पाठ पढ़ाया है, उसका सभी को अनुपालन करना चाहिए। इसके साथ ही 9 अप्रैल से प्रारंभ हुए श्रीरामचरित मानस में माता शबरी की योगसाधना के नौ सोपान पर आधारित विशेष व्याख्यानमाला का समापन तथा नवरात्र साधना की पूर्णाहुति दी गयी। इस अवसर पर अनेक साधकों ने इस चैत्र नवरात्रि को अपने जीवन का सबसे अमूल्य क्षण बताते हुए डॉ. पण्ड्या से मिले मार्गदर्शन को जीवनभर अपनाने की बात कही। विभिन्न संस्कार निःशुल्क सम्पन्न - श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर पुंसवन, नामकरण, मुण्डन, जनेऊ, गुरुदीक्षा आदि संस्कार सैकड़ों की संख्या में निःशुल्क सम्पन्न कराये गये। तो वहीं नवदंपतियों ने पवित्र अग्नि की साक्षी में एक दूसरे का हाथ थामकर वैवाहिक जीवन के सूत्र में बँधे।

शांतिकुंज में अखंड रामायण पाठ का आयोजन

हरिद्वार/नवप्रदेश। प्रभु श्रीराम के अवतरण दिवस के मौके पर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में चौबीस घंटे का अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। इस दौरान अनवरत रामायणजी की चौपाइयाँ मधुर स्वरों में संगीतबद्ध हो गूंजती रही। रामायण पाठ में शांतिकुंज कार्यकर्ता भाई बहिनों के अलावा विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में आये प्रशिक्षणार्थी भाई-बहिन शामिल हुए। इस दौरान राम भक्ति के भाव लोगों के चेहरे में स्पष्ट रूप से झलक रही थी। आयोजन के समन्वयक श्यामबिहारी दुबे ने बताया कि जहां भी रामायण का पाठ होता है वहां हनुमानजी अदृश्य रूप में उपस्थित होते हैं। रामायण में भगवान श्रीराम का गुणगान और वृतांत कहा गया है। जिस घर में रामायण को सम्मान के साथ रखा, पूजा और गायन किया जाता है, वहाँ किसी प्रकार का कोई अभाव नहीं रहता है।

सुविचार

शिक्षा और संस्कार जीवन के मूलमंत्र हैं। शिक्षा कभी झुकने नहीं देती और संस्कार कभी गिरने नहीं देते। - अज्ञात

रामनवमी पर फिर बंगाल में बवाल

एक ओर तो पूरे देश में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को लेकर लोगों में अपार उत्साह देखा गया। वहीं दूसरी ओर इस बार भी बंगाल में रामनवमी के दिन बवाल खड़ा हो गया। मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर निकाली गई शोभा यात्रा पर पथराव किया गया। जिसकी वजह से एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए। इस शोभा यात्रा को प्रशासन ने अनुमति दी थी और यह यात्रा निर्धारित रूट पर ही निकाली गई थी। इसके बावजूद शोभा यात्रा पर पथराव की घटना प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। जिसमें शोभा यात्रा के दौरान किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एहतियाती कदम नहीं उठाए गए थे। मजे की बात यह है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपनी चुनावी सभाओं में लगातार यह आशंका जाहिर करती रही हैं कि बंगाल में रामनवमी के दिन हिंसा हो सकती है। जब मुख्यमंत्री को हिंसा होने की आशंका थी तो उन्होंने रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभा यात्राओं के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध आखिर क्यों नहीं किए। वैसे भी बंगाल में अमूमन हर रामनवमी पर हिंसक घटनाएं होने का इतिहास रहा है। ऐसी घटनाएं उस समय भी हुआ करती थीं। जब बंगाल में वामपंथी दल सत्ता में थे। ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद भी हालात नहीं बदले बल्कि यह कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि ममता बनर्जी के राज में हालात और बद से बदतर हुए हैं। हर चुनाव के दौरान बंगाल में भारी हिंसा होना आम बात हो गई है। इसी तरह रामनवमी सहित अन्य त्यौहारों के दौरान भी बंगाल में हिंसक घटनाएं होती हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ इस घटना को लेकर भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला है और यह आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी के भड़काऊ बयानों के कारण ही मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई है। और पुलिस प्रशासन हिंसा रोकने में विफल रहा है। भाजपा के इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए टीएमसी नेताओं ने इस हिंसा के लिए भाजपा को ही जिम्मेदार ठहरा दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में चुनाव आयोग ने मुर्शिदाबाद के डीआईजी का तबादला कर दिया था। उस समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीआईजी के तबादले का विरोध करते हुए यह बयान दिया था कि यदि मुर्शिदाबाद में हिंसक घटनाएं होती हैं। तो इसके लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार होगा। ममता बनर्जी के इस बयान के बाद मुर्शिदाबाद में रामनवमी के दिन हिंसा होना यही दर्शाता है कि इसके पीछे जरूर कोई साजिश होगी। भाजपा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत की है। बहरहाल बंगाल में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए यह आशंका बलवती हो रही है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी वहां हमेशा की तरह इस बार भी हिंसक घटनाएं हो सकती है। ऐसा न हो इसके लिए यह आवश्यक है कि रामनवमी पर हुई हिंसा को मद्देनजर रखकर चुनाव आयोग बंगाल में केन्द्रीय सुरक्षाबलों की संख्या में और इजाफा करें। ताकि वहां चुनाव रक्त रंजित न हो और मतदाता शांतिपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएं।

क्या न्यायालय के निर्णयों में भी "न्याय" के साथ "संतुलन" का "भाव" दिखता है?

राजीव खण्डेलवाल

संविधान की तीन स्तंभों में सबसे महत्वपूर्ण न्यायपालिका की "माननीय न्यायालय" का काम "सिर्फ और सिर्फ" "न्याय" देने का ही होता है। "न्याय" देते समय न्यायालय को सिर्फन्याय देने पर ही ध्यान केन्द्रित करना होता है। न्यायालय के आस-पास विद्यमान "परिसर" से लेकर, बाहर क्या परिस्थितियां, घटनाक्रम चल रहा है, उससे प्रभावित हुए बिना सिर्फ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत रिकॉर्ड (केस डायरी) पर उपलब्ध तथ्यों की न्यायिक समीक्षा कर माननीय न्यायाधीश "न्यायिक निर्णय" देते हैं। न्याय की यह आदर्श स्थिति हैं। न्यायालय का निर्णय किस पक्षकार के पक्ष में है, हार-जीत में है, और निर्णय का समाज या देश के अन्य तंत्रों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, उससे उन्मुक्त होकर ही, ड़रे बिना ही निष्पक्ष व निरपेक्ष होकर माननीय न्यायाधीश निर्णय देते है। यही वास्तविक न्याय है। यथा "न्याय न क्यारी ऊपजे, पंच न हाटे बिकायः"। "संतुलन का परसेप्शन"। माननीय उच्चतम न्यायालय के पिछले कुछ न्यायिक निर्णयों से ऐसा आभास सा हो रहा है कि उन निर्णयों में कहीं न कहीं न्यायालय का "प्रयास" (स्वाभाविक अथवा अतिरिक्त?) 'न्याय' के साथ दोनों पक्षों के बीच एक संतुलन बनाने का प्रयास होता हुआ दिखता है। तथापि निर्णय 'न्यायिक' ही होते हैं। इस हेतु जरूरत पड़ने पर न्यायालय अनुच्छेद 142 के अंतर्गत प्राप्त असीमित विशेषाधिकार का भी सहारा लेती है। सामान्यतः न्यायालय के सामने दो ही पक्ष होते है, जो अपना-अपना पक्ष रखते हैं, जिनके बीच ही निर्णय का तराजू का काटा धूमता है। तीसरा पक्ष वह होता है, जो न्यायिक निर्णय के परिणाम के आकलन का पक्षपात पूर्ण हुए बिना निष्पक्ष होकर मूल्यांकन करता हैं, जिससे न्यायालय को न तो कोई लेना-देना होता है।

संजय सिंह का जमानत आदेश

इसी संदर्भ में अभी ताजा उदाहरण आप पार्टी के सांसद संजय सिंह के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई ''पीएमएलए'' कानून के अंतर्गत शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में की गई कार्रवाई के तहत की गई गिरफ्तारी पर उच्चतम न्यायालय द्वारा संजय सिंह को दी गई जमानत के निर्णय है। चूंकि आरोपी को जमानत मिली, इसीलिए उसके साथ न्याय हुआ, आरोपी की यह सोच स्वभाविक ही है। कहते है न कि ''अघाए को ही मल्हार सूझता है''। दूसरी ओर अभियोजन पक्ष जिसने आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्रवाई की बावजूद जमानत का विरोध ऑन रिकॉर्ड नहीं किया, तब भी यह कहा जा सकता है, अभियोजन पक्ष की भी जीत हुई है। क्योंकि उसने जमानत का विरोध नहीं किया, जो सामान्य रूप से अन्य प्रकरणों में ई.डी. अभी तक करता चला आ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उक्त अधिनियम के अंतर्गत मोदी सरकार के कार्यकाल में अभी तक दर्ज 121 मामलों में (जिनके मात्र 6 सत्ता पक्ष के नेताओं के विरुद्ध ही) से अधिकतरों में आरोपी को जमानत ई.डी. के विरोध के कारण नहीं मिली है। भले ही प्रकरणों में चालान प्रस्तुत न हुए हो अथवा गवाही की कार्रवाई चालू न हुई हो। विपरीत इसके पूर्व की यूपीए सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में मात्र 26 नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिनमें से 14 (54 प्रतिशत) विपक्ष के थे। इस प्रकार सिक्के के दूसरे पहलू का एक अर्थ यह भी निकलता है कि कांग्रेस (स्वतंत्रता के बाद की) भाजपा की तुलना में ज्यादा भ्रष्ट पार्टी है। इसलिए केन्द्रीय एजेंसीयस् को सरकार होने के बावजूद उन्हें सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करनी पड़ी थी।

ईडी द्वारा संजय सिंह का जमानत का विरोध नहीं

सबसे महत्वपूर्ण गौर करने वाली बात यह है कि प्रस्तुत प्रकरण में न्यायालय ने संतुलन बनाने का प्रयास किया है, ऐसा इसलिए लगता है कि न्यायालय के समक्ष अभियुक्त ने पीएमएलए की धारा 45 के अंतर्गत यह कहकर जमानत की मांग की थी कि, प्रथम दृष्टया यह प्रावधान आरोपी पर लागू नहीं होता है, क्योंकि इसके समस्त आवश्यक तत्वों का पूर्णतः अभाव है। सुनवाई के समय न्यायालय इस बात से शायद संतुष्ट भी था। इसीलिए माननीय न्यायालय ने ई.डी. से यह कहा कि आरोपी 6 महीने से जेल में बंद है, उसके पास से कोई रुपये की जप्ती अभी तक नहीं हुई है। आपके पास आरोपी को निरोध में आगे रखने के लिए और कोई तथ्य, साक्ष्य हो, तो रिकॉर्ड पर लाईये। कृपया यह ध्यान में रखिये कि यदि हमने खामियां पाई तो धारा 45 के अंतर्गत हम यह रिकॉर्ड करेंगे कि अपराध नहीं किया है, जो आपके लिए नुकसानदेह होकर उसका असर ट्रायल की सुनवाई पर होगा। इस प्रकार एक तरह से उच्चतम न्यायालय ने एक विकल्प देकर ई.डी. को अप्रत्यक्ष रूप से मजबूर किया कि वह जमानत का विरोध न करें। अन्यथा उनके खिलाफ आदेश पारित कर जमानत दे दी जायेगी।

चंडीगढ़ मेयर का चुनाव

इसी तरह का चंडीगढ़ मेयर के चुनाव के वोट का डाका सरे आम हुआ। मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा। उच्च न्यायालय के अंतरिम सहायता देने के इंकार के अंतरिम आदेश के विरुद्ध अपील दायर की गई थी। तब उच्चतम न्यायालय ने यह कहा कि उच्च न्यायालय के सामने प्रस्तुत रिकॉर्डिंग वीडियो से स्पष्ट रूप से धांधली होते हुए दिख रही थी, तब क्यों नहीं अंतरिम आदेश पारित किये गये? परंतु दुर्भाग्यवश उच्चतम न्यायालय ने भी स्वयं तुरंत उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित नहीं किया, बल्कि सरकार को नोटिस देते हुए 15 दिन बाद की सुनवाई निश्चित की गई। तत्पश्चात सिर्फ स्थगन आवेदन पर आदेश पारित करने की बजाए पूरे मामले को गुण-दोष के आधार पर न केवल चुनाव अवैध घोषित कर दिया, बल्कि हारे हुए उम्मीदवार को जीता हुआ भी घोषित कर दिया, जो याचिकाकर्ता की मांग ही नहीं थी। इससे न्याय के साथ-साथ यदि संतुलन बनाये रखने का परसेप्शन बना, ऐसा कहने वाले को गलत नहीं कहा जा सकता है।

''श्री राम जन्म भूमि निर्णय''

इसी प्रकार रामजन्म भूमि विवाद का निर्णय में भी दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करते हुए, उच्चतम न्यायालय ने आदेश पारित किया। जो मुद्दे, विचाराधीन नहीं थे उन्हें भी आदेश में प्रतिपादित किया। विवादित भूमि पर मुस्लिम पक्ष के दावे को अस्वीकार करते हुए पूरी तरह से ''रामलला'' का हक माना गया। बावजूद इसके सुन्नी वक्फ बोर्ड को अयोध्या में ही किसी उचित जगह मस्जिद निर्माण हेतु भूमि देने तथा मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट बनाने का दिया गया आदेश भी एक प्रकार से ''संतुलन के न्याय'' का ही आदेश था।

अनुच्छेद 370 का मामला

उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने वाले राष्ट्रपति के आदेशों को सद्भावना पूर्व होते हुए वैद्य माना गया। तथापि अनुच्छेद 367 में संशोधन करने वाले आदेशों को असवैधानिक मानने के बावजूद जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन की वैद्यता को निर्णित करने के बजाए सालिटर जनरल के आश्वासन के कथन को स्वीकार कर लिया, जो एक संतुलन बनाने की ओर बढ़ने का आदेश ही कहलायेगा।

महाराष्ट्र की राजनीति का सुभाष देसाई बनाम प्रधान सचिव प्रकरण

उच्चतम न्यायालय ने राज्पाल के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को तथाकथित शिवसेना में विभाजन के बाद बहुमत साबित करने के निर्णय को अवैध घोषित करने के बावजूद उस अवैध निर्णय से उत्पन्न अवैध सरकार को भंग करने की इच्छा के संकेत देने के बावजूद भंग कर यथा स्थिति बहाल करने का न्यायिक आदेश न देकर, इसे संतुलन बनाने का प्रयास के अतिरिक्त और क्या कहा जा सकता है?

बस्तर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट भी शामिल है। बस्तर में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं लेकिन नक्सली संगठनों द्वारा चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने की आशंका बरकरार है। हालांकि पुलिस और सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ के दौरान 29 नक्सलियों को मार गिराया है। किन्तु इसके बाद बौखलाए नक्सलियों ने बस्तर के नारायणपुर जिले में एक भाजपा नेता की हत्या कर दी। नक्सलियों ने वहां पांपलेट भी छोड़े है। जिसमें उन्होंने पुलिस की मुखबीरी करने वाले भाजपा नेताओं को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। ऐसी स्थिति में बस्तर में शांतिपूर्ण मतदान कराना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। नक्सली मुठभेड़ की घटना को लेकर सियासत भी तेज हो गयी है। जहां एक ओर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मुठभेड़ पर सवालिया निशान लगाया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने तो मारे गए नक्सलियों को शहीद बता दिया है। कांग्रेस नेताओं के ऐसे बयान अपनी जान पर खेल कर नक्सलियों से लोहा लेने वाले पुलिस और सुरक्षाबलों के मनोबल को कम कर सकते हैं। यह बात अलग है कि इस मुठभेड़ में घायल हुए जवानों का मनोबल नहीं गिरा है। उनका कहना है कि हम मरने से नहीं डरते। जिन जवानों के जज्बे को सभी सलाम कर रहे हैं। किन्तु विपक्ष अब इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। इस वजह से 19 अप्रैल को मतदान के दिन बस्तर में हिंसक घटना की आशंका को देखते हुए वहां सुरक्षा के और कड़े इंतजाम करना निहायत जरूरी है। ताकि बस्तर के मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें। उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग बस्तर में सुरक्षा के और पुख्ता इंतजाम करेगा। और बस्तर में शांतिपूर्ण मतदान कराने में चुनाव आयोग सफल रहेगा।

प्रेरक प्रसंग

दया का प्रतिदान

देशमान्य गोपालकृष्ण गोखले बचपन में बहुत गरीब थे। प्रारंभिक शिक्षा जैसे-तैसे पूर्ण हुई। अब कॉलेज की ऊँची व खर्चीली पढ़ाई का प्रश्न सामने आया। चारों ओर निराशा के बादल ही दिखाई दे रहे थे। तभी साहस दिलाया उनके बड़े भाई श्री गोविंद राव ने। भाभी की उदारता भाई से भी बढ़ी चढ़ी निकली। उन्होंने कुछ आभूषण बेचे और कॉलेज की प्रारंभिक फीस भर दी। गोविंद राव को कुल पंद्रह रुपए मासिक वेतन मिलता था। लेकिन भाई के प्रति ममता इतनी अधिक थी कि वे कहते थे कि चाहे मुझे मजदूरी करनी पड़े, पर अपना भाई को उच्च शिक्षा अवश्य दिलवाऊँगा। और पंद्रह में से केवल आठ रुपए व अपने लिए रखते थे। शेष सात गोखले जी को भेज देते थे। जब गोखले जी की शिक्षा पूर्ण हो गई, तब उन्हें पैंतीस रुपए प्रति मास की नौकरी मिली। बड़े भाई के उपकार से उनका रोम-रोम कृतज्ञता से झुका था, सो वे भी अपने लिए मात्र ग्यारह रुपए खर्चे को रखकर चौबीस रुपए प्रति मास बड़े भाई को भेज देते थे। बड़े भाई बहुत कहते कि तुम अच्छी तरह आराम से रहा करो मुझे मत भेजा करो, किंतु यह रुपयों का बदला रुपयों में नहीं था, बल्कि ममता की प्रतिक्रिया थी श्रद्धा के रूप में।

आज का इतिहास

अप्रैल 19 1451 में आज ही के दिन बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया था। 1770 में आज ही के दिन कैप्टन जेम्स कुक ऑस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने थे। 1775 में 19 अप्रैल को ही अमेरिकी क्रांति की शुरुआत हुई थी। 1919 में आज ही के दिन अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई थी। 1936 में 19 अप्रैल को फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए थे। 1950 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मिनिस्टर बने थे। 1968 में आज ही के दिन हिंदी एक्टर अरशद वारसी का जन्म हुआ था। 1971 में इंडिया ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट सीरीज जीती थी। 1972 में आज ही के दिन बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना। 1975 में आज ही के दिन भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च किया था और अंतरिक्ष युग में प्रवेश लिया। यह भारत का पहला वैज्ञानिक उपग्रह था। 2006 में आज ही के दिन प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सदियों की अंधी रात को

सदियों की अंधी रात को छोड़ आये सुबह के दर पर यूं हमने भी कुछ आज लम्हों से शरारत कर ली! कहीं खोजते फिरते थे उसकी खानगाह जब जहाँ जी चाहा सिर झुकाया, इबादत कर ली!

\- जावेद उस्मानी

बधिया बाजे रघुवर वाणी

बधिया बाजे रघुवर वाणी धुन जन्म महोत्सव सुन रामचंद्र आएं हैं। चरण पखार लूं वात्सल्य दुलार दूं गोद में जगत प्रिय रामचंद्र निहार लूं। सूर्याभिषेक मेरे अनुराग मस्तक पर सीधे -सीधे रामचंद्र पाएंगे। सरयू पर मेरी सांध्य सजेंगे कतार दीप कंचन प्रकाश सभी रामचंद्र पाएंगे!

\- पुष्पा त्रिपाठी

ख़ास पाती । जाना था मुझे वहां वो शहर

जाना था मुझे वहां वो शहर उस वक्त में जहां छूट गया था मेरा यौवन जीवन की आपा धापी में पेट की जलती आग में परिवार की छाव बनने में कहां छूट गया मेरा यौवन याद नही रहा शायद उस यौवन में था मेरा रूप सौन्दर्य मेरा प्रिय एहसास शायद तब था मेरे नखुनों में वो तुर्रापन जो खोज पाता किसी युवती के केशों में सजे बेली के गजरों का कारज शायद वहीं कहीं छूट गया मेरा अधुरापन जो किसी से जुड़ने को जरूरी था मुझे जाना है वहां जहां मेरा आधा इश्क बैठा है वहीं किसी पार्क के बेंच पर हां मुझे जाना है वो शहर उस वक्त में....

\- प्रीति श्रीवास्तव

मेरे पास है कपास जो तटस्थ है श्वेत

मेरे पास है कपास जो तटस्थ है श्वेत है रँग हैं खिलखिलाते और मुस्कुराते और चुपचाप अपने आँसू बहाते जरी है कहीं सुनहरी कहीं कहीं रुपहली कहीं तामिया और कुछ कालिख पड़ी हुई हमें बुनना है इन्हीं से अपना आकाश, पर्वत, नदी, समुद्र जिसे हैं पहनते, ओढ़ते, बिछाते इनका जरा सा पिछोरा पर्याप्त है एक जन्म के लिये

\- अमित कुमार नेमा

कभी हवाओं ने दिशा बनकर निशान लूट लिया

कभी हवाओं ने दिशा बनकर निशान लूट लिया कभी जफ़ाओं ने वफ़ा बनकर ईमान लूट लिया जब लुटना ही नसीब हो,इसमें क्या ग़लत हुआ यदि दरों-दीवारों ने मिलकर मकान लूट लिया

\- रामकिशोर उपाध्याय

मुरादें जब तक माँगी नहीं जातीं उनका रंग

मुरादें जब तक माँगी नहीं जातीं उनका रंग खिलता नहीं माँ ने मुरादों में हमें माँगा हमने अपने प्रेमी को हमारी मुरादों के बाहर रहकर भी माँ मुरादें माँगकर भेजती रही हमारी ओर जैसे सूरज की तपिश को सहकर भी पेड़ भेजते रहते हैं छाया धरती की ओर मुरादें माँगना लेन-देन नहीं, प्रेम है, जिसे वासना रहित माँगा गया मुरादें माँगते वक्त मैं उतरती रही अपने भीतर जहाँ सिर्फ़हम थे हमने अपनी मुरादों में शामिल किया माँ को सबके जाने के बाद।

\- कल्पना मनोरमा

कभी एनर्जी ड्रिंक के नाम पर क्रिकेट प्लेयरों

कभी एनर्जी ड्रिंक के नाम पर क्रिकेट प्लेयरों द्वारा विज्ञापित एनर्जी ड्रिंक हमें पिलाया जाता था, अब जब आप और हम जान चुके हैं आपके और हमारे स्वास्थ्य और हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए क्या श्रेष्ठ है तो देर किस बात की अपनी निरंकुशता को थोपने वाले संस्थान पर कड़ी चोट करें। पतंजलि का समर्थन करें।

\- नवीन शंकर शर्मा

व्यस्त व्यक्ति कभी दुःखी (डिप्रेशन)नहीं होता

व्यस्त व्यक्ति कभी दुःखी (डिप्रेशन)नहीं होता और अस्त-व्यस्त व्यक्ति कभी सुखी(खुश) नहीं होता,,, व्यस्त होना और अस्त-व्यस्त होना दो अलग बातें हैं एक सार्थक है और एक निरर्थक है ,,, अस्त-व्यस्त लोग अटेंशन सीकर और निरुद्देश्य होते है,,, इनका कोई कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होता,,, इनको साक्षात ब्रह्मा भी खुश नहीं कर सकते।

\- तनु देहलवी

QUIZ TIME

1) अशोक के शासन में आयोजित बौद्ध संगीत का अध्यक्ष कौन था?

2) कोई व्यक्ति भारत के अटॉर्नी जनरल बनने की योग्यता प्राप्त कर लेता है यदि वह किस पद की योग्यता प्राप्त कर लेता है?

3) पृथ्वी की भूमध रेखा की कुल लम्बाई लगभग कितनी है?

4) ज्यादा वैयक्तिक होना, किस प्रकार का सम्प्रेशण माध्यम है?

5) प्रसिद्ध नाबाकलेबर त्योहार किस प्रदेश से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मोग्गलिपुत्त तिस्स (2) सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश (3) 40075 किमी (4) अंतरवैयक्तिक संप्रेषण माध्यम (5) ओडिशा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -031

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. बचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्तः :18:48, चन्द्रोदयः :14:14, चन्द्रास्तः : 27:28, अयन : उत्तरायण, ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (कालयुक्त) (महाराष्ट्र एवम् गुजरात के अनुसार 2080), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर): कालयुक्त, युगाब्द (कलि संव) : 5126, मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : मघा, योग : वृद्धि, प्रथम करण : गर (17:31 तक), द्वितीय करण : वणिज (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : सिंह (07:56 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:01 से 12:52, राहुकाल : 12:00 से 13:37, यमगण्ड : 06:05 से 07:40, दुर्मुहूर्त : 10:19 से 11:10, अमृत काल : 06:10 से 07:57, रवियोग : पूरे दिन, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:22, गोधूलि मुहूर्त : 18:48 से 19:10, सायाह्न सन्ध्या : 18:49 से 19:55, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:42, राहुवास : दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप प्रत्येक कार्य मे बुद्धि विवेक का परिचय देंगे। अचल संपत्ति के कार्य से यात्रा के प्रसंग बनेंगे।

वृषः आज के दिन आपका स्वभाव स्वयं के दृष्टिकोण से ठीक लेकिन अन्य लोगो की नजर में अटपटा सा लगेगा। भाई बंधुओ से आज स्वार्थ के व्यवहार रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपको लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन आपका स्वभाव अकस्मात गर्म होने पर इससे वंचित भी रह सकते है इसका ध्यान रखें।

कर्कः बीते दिन की तुलना में आज का दिन शांतिदायक रहेगा फिर भी पुरानी बातों को भूलने का प्रयास कर नई योजना बनाने में समय का उपयोग करे।

सिंहः आज आपका स्वभाव मनमौजी रहेगा अपने मे मस्त रहेंगे आवश्यक कार्यो को भी मजबूरी में करेंगे।

कन्याः आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में धन का हास कराएगा। जमीन संबंधित कार्यो में निवेश संध्या बाद करे आगे लाभ देगा।

तुलाः आज का दिन शारीरिक दृष्टिकोण से बीते कुछ दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा चुस्ती की कमी दिन के आरम्भ में रहेगी लेकिन मध्यान बाद से सामान्यता आने लगेगी।

वृश्चिकः आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा। दिन के आरम्भ से ही आध्यात्म में रुचि रहेगी घरेलू पूजा पाठ के साथ धार्मिक क्षेत्र की यात्रा के अवसर भी मिलेंगे।

धनुः आज के दिन आपकी धार्मिक भावनाए प्रबल रहेंगी। आज की मेहनत कल अवश्य ही फलित होगी इस बात को दिमाग मे बैठाकर कार्य करें।

मकरः आज के दिन आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। दिन के आरम्भ में थोड़ी सुस्ती रहेगी लेकिन मध्यान तक कार्यो के प्रति गंभीर हो जाएंगे।

कुंभः आज के दिन आपके अंदर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा भक्ति भावो में डूबे रहेंगे।

मीनः आज का दिन मिला जुला फल देने वाला रहेगा।

न्यूज गैलरी

पूर्वा को यूपीएससी में 189वीं रैंक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर की मेधावी छात्रा पूर्वा अग्रवाल ने अपने दूसरे प्रयास में यूपीएससी में 189वीं रैंक हासिल कर बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। कलेक्टर अवनीश शरण ने कल जारी परिणाम में 189वीं रैंक के साथ चयनित होने पर उन्हे बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। पूर्वा ने परिवारजनों के साथ कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा बिलासपुर से पूरी की है और मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी की। कलेक्टर अवनीश शरण ने पूर्वा की शानदार सफलता के लिए उन्हे बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने यह सफलता हासिल की । कलेक्टर ने कहा कि पूर्वा की सफलता प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे सैकड़ो युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य निर्धारित कर सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह और निगम कमिश्नर अमित कुमार ने भी पूर्वा को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। पूर्वा ने बताया कि पहले प्रयास में वे मेन्स क्लियर नहीं कर पाई थीं, इसके बाद पढ़ाई के लिए उन्होंने विशेष रणनीति बनाई और समय प्रबंधन किया। उन्होंने बताया कि अपनी बहन और कई सीनियर्स को यूपीएससी की तैयारी करते देख उन्हे यह प्रेरणा मिली, जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और ये मुकाम हासिल किया। उल्लेखनीय है कि पूर्वा के पिता एम. एल. अग्रवाल छत्तीसगढ़ टेक्निकल ऐजुकेशन में एडीशनल डायरेक्टर और उनकी मां इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर है।

राम मंदिर तिलक नगर में मनाया गया राम जन्मोत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव राम मंदिर तिलक नगर में धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर भक्तो द्वारा श्री रामजी का सुबह 6 बजे अभिषेक कर गुड़ी स्थापना ,पूजन आरती की गई एवम मराठी में श्रीराम जन्मोत्सव कीर्तन किया गया। कीर्तनकार नागपुर के संजय बुवा करतालकर थे। इसके पहले सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली गई और शाम 4 बजे से ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई । जन्मोत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रमोद काले, उपाध्यक्ष मधुसूदन अडवे, अरविंद देहनकर, सचिव संजीव बाटवे सहसचिव डा. विवेक अंबलकर, विजय दिघ्रस्कर, कोषाध्यक्ष विश्वास जलताड़े, कमल बघेल समेत मराठी समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल थे।

दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र साधना

बिलासपुर/नवप्रदेश। दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र

साधना बिलासपुर नवराति में पुरे 9 दिन मैडिटेशन होल, श्री साई कृपा होस्पिटल, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा में सम्पन्न हुई। यह साधना सामूहिक होती है और पूर्णतः निशुल्क है. कोई पंजीयन की आवश्यकता नहीं, जहाँ भी साधना होती है वहां भाग ले सकते हैं। बीजमन्त्रों से पूरे 13 अध्याय करते में मात्र 1 घंटा लगता है जबकि मूल मंत्र से 13 अध्याय को करने में 4 घंटा लग जाता है। हर गुरुवार को साधना मैडिटेशन हॉल, श्री साई कृपा हॉस्पिटल. सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा में हसं 4.30 पर शुरू होती है और 5.30 बजे समाप्त हो जाती है, साधक जो भाग लेना चाहते हैं साधना में आ सकते है कोई पंजीयन या शुल्क की जरूरत हैं बस अपने आपको लाना हो जो साधना करेगा। लगातार पिछ्ले 12 सालों से हो रही है, सिद्धों का कहना है की बीज मंत्र में ज्यादा शक्ति होती है क्योंकि यह मूल मन्त्रों का सार होता है जो ऋषियों द्वारा निकला गया है। ऋषि मुनि सिद्धों और संतों की कृपा जब हम पर होती है तक हम इस साधना का लाभ ले पाते हैं। माँ की कृपा हम पर तभी होती है जब हम शुरू से आखरी तक साधना में भाग लेते हैं और साधना से पहले मन को शांत रखते हैं।

कीर्ति देव मंच का अभियान 25 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व भारती युग जागरण युग क्रान्ति कलिग धर्म कीर्ति देव संस्कृति मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 25 अप्रैल से शुरू किए जा रहे कलिग धर्म कल्याण युग निर्माण अभियान के अन्तर्गत युग प्रहरी युग चिन्तक युग द्रष्टा कालदर्शी काल पुरूष कलिग अवतार युग प्रणेता धर्मयोगी युग शान्ति महानायक कलिग अनिमेष नागदेव के अनुसार अभियान में 17 लघु अभियान मुख्य रूप से शामिल है। जिनमें युग प्रतिकार-कलिग धर्म प्रचार अभियान, युग शुद्धि एवम् युग समृद्धि अभियान, युग समय तर्पन-युग समय का हवन अभियान, युग तिरस्कार युग विसर्जन अभियान, युग विवेचना कलिग धर्म का स्तूप स्थापना, युग विघटन युग मन्थन युग समय का पुतला दहन अभियान, धर्म सदस्यता अभियान, युग दर्शन युग साधना युग का स्तूप स्थापना अभियान, कलिग धर्म विश्व शान्ति समाज का स्तूप स्थापना, युग चिन्तन- कलिग धर्म विचार मन्थन अभियान, युग दर्पन-कलिग धर्म का उपदेश वचन अभियान, आदि लघु अभियान प्रमुख है जो कि कलकत्ता प्लासी वर्धमान रायगन्ज ढाका कमलपुर जिले में सम्पन्न होंगे।

भाजपा प्रत्याशी तोखन ने नामांकन रैली में दिखाई ताकत

रैली में मुख्यमंत्री साय हुए शामिल, प्रदेश की 11 सीटों को जीतने का दावा

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर तोखन साहू ने नामांकन जमा किया। नामांकन रैली के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर लोकसभा उम्मीदवार तोखन साहू ने अपना नामांकन जमा कर दिया। मुख्यमंत्री के अलावा उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मुंगेली विधायक पुन्नू लाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उनके साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की सभी 11 सीटों को जीतने का दावा किया है। लोकसभा चुनाव को के तीसरे चरण को लेकर नामांकन दाखिल की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं आज बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन रैली में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बिलासपुर पहुंचे, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट को जीतने का दावा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर जिस तरह राज्य सरकार ने काम किया है, इससे पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है और मतदाता भाजपा के साथ जुड़ चुके हैं, बिलासपुर प्रत्याशी तोखन साहू भी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। कांग्रेस पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस हारने लगती है तो ईवीएम को बहाना बनाती है।

सोशल मीडिया पर जनता ने तोखन पर जताया भरोसा

नामांकन के दौरान बिलासपुर लोकसभा ने आज सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर तोखन साहू के समर्थन में एक्स पर अपना विचार रखे जो पूरे देश भर में ट्रेंड में रहा । एक्स पर 7000 लोगों ने भाजपा के प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में अपना समर्थन दिए।

विष्णु यादव भाजपा में शामिल

भाजपा प्रत्याशी तोखनराम साहू की नामांकन रैली के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर पहुंचे हुए हैं यहां उनकी मौजूदगी में कांग्रेस नेता विष्णु यादव ने भाजपा में प्रवेश करके भाजपा का दामन थाम लिया। दरअसल विष्णु यादव ने नामांकन फॉर्म खरीदने के बाद कांग्रेस के नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि बार-बार उनके साथ अन्याय हो रहा हैएक बार उनका नाम घोषित हो जाने के बाद टिकट में बदलाव कर दिया जाता है। वे पूर्व में एआईसीसी के डेलिगेट रह चुके हैं इसके बाद भी उनको नजर अंदाज किया गया और लोकसभा की टिकिट से वंचित कर दिया गया। नाराज विष्णु यादव ने आखिरकार मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भाजपा में प्रवेश कर लिया। वही उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा छत्तीसगढ़ में अब दो विष्णु काम करेंगे।

हेराफेरी नहीं हुई तो मोदी चल देंगे झोला उठाकर :श्रीनेत

बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने राष्ट्रीय प्रवता सुप्रिया श्रीनेत बिलासपुर पहुंची ने प्रेस कांफ्रेंस कर पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे हैं। अब भाजपा 180 पार होने में भी मुश्किल है। अब लगातार उनकी सीटों की गिनती कम हो रही है वे 150-160 सीट में अटक जाएंगे । उन्होंने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है, लेकिन यहां रोजगार पर बात नहीं हो रही है। यहां युवाओं की बात नहीं हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी से हर समस्या बढ़ रही है। केंद्र में 30 लाख पद खाली है उसे भरा जाएगा। सेना को ठेके पर चलाने का काम चल है, हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे। पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि वो नारी न्याय की बात कर रहे हैं। महिला आज असुरक्षित है, कांग्रेस की सरकार आती है तो 50 प्रतिशत शासकीय नौकरी महिलाओं को दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रु सालाना दिया जाएगा। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं । किसान दिल्ली में आकर अपनी बात रखना चाहते थे, उनके राह में रोड़े अटकाए गए। किसानों की एमएसपी की बात हम कर रहे हैं और उनका कर्जा माफ करेंगे। कृषि को जीएसटी से मुत करेंगे। देश में हो रहे सुसाइड में एक चौथाई लोग श्रमिक शामिल है, यहां 73 प्रतिशत दलित, पिछड़ों की आबादी है, उनका प्रतिनिधित्व नहीं है, हमारी सरकार आई तो उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक जनगणना जरूरी है।

कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र ने दाखिल किया पर्चा

बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने आज अपना नामांकन पत्र जमा किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के समक्ष कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने दोपहर को कांग्रेस की रैली के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, प्रदेश कांग्रेस सचिव विवेक बाजपेई, विधायक दिलीप लहरिया के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे जहां उन्होंने अपना नाम नामांकन पत्र दाखिल किया। आज भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टी के द्वारा शहर में रैली निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी की रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक,बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित तमाम दिग्गज मौजूद रहे,वहीं कांग्रेस ने भी शक्ति प्रर्दशन किया।

झुलसाने लगी धूप पारा 41 के पार

एक-दो दिनों में और बढ़ेगी गर्मी

बिलासपुर/नवप्रदेश। *शहर सहित पूरे प्रदेश में बदली-बारिश का सिलसिला थम गया है। हालंकि गुरुवार को प्रदेश के कुछ इलाकों में आंशिक रूप से बदल छाए रहे लेकिन आने वाले एक-दो दिनों में मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा। इसके बाद तापमान में तेजी के साथ वृद्धि होगी। शहर में दिन का तापमान 41 डिग्री रिकार्ड रहा। शुक्रवार को भी मौसम शुष्क रहने की संभावना है।*

मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अभी अगले तीन दिन तापमान में लगातार वृद्धि होगी। पूरे प्रदेश में यही स्थिति रहने के आसार हैं। फिलहाल छत्तीसगढ़ या आसपास कोई सिस्टम नहीं है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। दोपहर 12 बजे के बाद तो कई इलाकों में गर्मी की वजह सड़कों में ट्रैफिक कम हो गया था। बाजारों में आम दिनों की तुलना में भीड़ कम थी। वहीं जगदलपुर, बिलासपुर, और राजनांदगांव में भी तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच गया।

व्याख्याता को समय पर वेतन नहीं विवि को अवमानना नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। विवि की मनमानी कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। जस्टिज़ रजनी दुबे ने मामले को गभीरता से लेते हुए स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के रजिस्टार व रूंगटा कालेज के प्रचार्या को अवमानना नोटिस जारी किया है। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने दो माह में याचिकाकर्ता का प्रकरण निराकृत करने का निर्देश दिया था। हाइकोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर याचिकाकर्ता आशीष साहू ने तकनीकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अंकित अरोरा और रूंगटा कॉलेज के प्रिंसिपल राकेश हिमटे के खिलाफ अधिवक्ता विकास दुबे के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की है। आशीष साहू रूंगटा कॉलेज में व्याख्याता के पद पर कार्यरत रहे। वेतन के नियमित रूप से भुगतान न होने से व्यथित होकर उन्होंने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के समक्ष विश्वविद्यालय विनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया। लेकिन काफी समय व्यतीत होने के बाद भी नियमों में उल्लेखित प्रावधानों के तहत विश्वविद्यालय ने कोई कार्रवाई नहीं की। अतः याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसमें विनियम में उल्लेखित नियमों के तहत कार्रवाई कर प्रकरण का निराकरण दो माह में करने का निर्देश न्यायालय द्वारा दिया गया। निर्धारित समय पूरा होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। मामले का संज्ञान लेते हुए जस्टिस रजनी दुबे की सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद रजिस्ट्रार अंकित अरोरा एवम कॉलेज के प्रिंसिपल राकेश हिमटे को अवमानना नोटिस जारी किया है।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म आरोपियों की अपील खारिज

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रजनी दुबे की डीबी ने जशपुर जिला क्षेत्र के चर्चित रेप कांड के आरोपियों की अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत की सजा को अथवत रखा है। निचली अदालत ने पाक्सो एक्ट में आरोपियों को 20-20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। जशपुर जिला निवासी नाबालिग पीड़िता 2 फरवरी 2021 की दोपहर स्कूल में रिसेस होने पर अपने सहपाठी के साथ पास के जंगल में बैठी थी। उसी समय आरोपी नंदलाल कुजूर (20), मनीष लकड़ा (18), अनिल एक्का (21) आये और उसके दोस्त व पीड़िता से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने दोनों की मोबाईल फोन भी लूटकर ले गए। 4 बजे आरोपियों के चंगुल से छूटने पर घायल अवस्था में गांव पहुंचे व घर वालों को घटना की जानकारी दी। शाम 7 बजे थाना पहुंचकर पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने बारीकी से जांच कर पीड़िता का मेडिकल कराया एवं एफएसएल जांच कराई। मेडिकल में पीड़िता को कई चोट आने व सामूहिक दुष्कर्म होने की पुष्टि की गई। एफएसएल जांच में भी उसके कपड़ो में मानव स्पर्म मिलने की पुष्टि की गई। पुलिस ने धारा 294, 506, 394, 376 डी व पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को पाक्सो एक्ट में 20-20 वर्ष कैद की सजा सुनाई । सजा के खिलाफ आरोपियों ने हाई कोर्ट में अपील पेश की। चीफ जस्टिस व जस्टिस रजनी दुबे की डीबी ने आरोपियों की अपील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा रेप पीड़िता एक इन्जुरेड विटनेस है। उसकी गवाह एक्सक्लुसिव है। यह अपराध का सपोर्टिंग गवाही है।

एसपी की अनूठी पहल, बनी 'प्रसिद्धी की दीवार'

घायलों को मदद करने वाले होंगे सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा अनूठी पहल करते हुए गुड सेमिरिटन अर्थात नेक इंसान, यह वे शख्स होते हैं, जो सड़क दुर्घटना में घायलों को उनकी जान बचाने की आशा से तत्काल अस्पताल भेजने में किसी भी स्तर का सहयोग करते हैं, ऐसे नागरिकों को बिलासपुर पुलिस लगातार चिन्हित कर उन्हें सम्मानित और पुरष्कृत कर रही हैं। विगत दिवस ऐसे 10 नेक इंसानों को चिन्हित किया गया एवं उन्हें जिला पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के हाथों सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। साथ ही ऐसे प्रत्येक गुड सेमेरिटन की फोटो एवं किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इसी क्रम पर

पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुठी पहल का आगाज़ करते हुए यातायात थाने के सामने प्रसिद्ध की दीवार बनाई गई है और इसमें गुड सेमिरिटन के आकर्षक फोटो लगाई गई हैं, ताकि इसे देखकर और भी लोग प्रेरित हो और आवश्यकता पड़ने पर ऐसे घायल व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल भेजने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके। इस संबंध मे ट्रैफिक एएसपी नीरज चंद्राकर ने बताया कि जीवन बहुमूल्य है, ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमिरिटन नेकदिल इंसानों को सम्मान मिलना चाहिए। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रोत्साहित किए जाने सम्मानित किया गया ताकि अन्य शहरवासी सामने आए भीड़ का हिस्सा ना बनते हुआ घायलों की मदद कर पुलिस अधीक्षक से पुरस्कृत होकर इस प्रसिध्दी की दीवार का हिस्सा बने।

रक्तदान कर मतदान महादान का संदेश

कलेक्टर ने की शहरवासियों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मानवता की सेवा हेतु रक्तदान करने के साथ ही शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जाएगा। रक्तदान एवं मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने रक्तदान-महादान मतदान-महादान कार्यक्रम का आयोजन 19 अप्रैल को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना भवन के सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की है।

सुविधा कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने पुरी-निज़ामुद्दीन- पुरी के मध्य ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शुरु

बिलासपुर रूट में पुरी-निज़ामुद्दीन-पुरी समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पूरी-निज़ामुद्दीनपूरी के मध्य 10 फेरों के लिए ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

यह गाड़ी पूरी से प्रत्येक शुक्रवार को 19 अप्रैल, 3, 10, 17, 24 एवं 31 मई, 7, 14, 21 एवं 28 जून को 08475 नं के साथ निज़ामुद्दीन के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार निज़ामुद्दीन से प्रत्येक शनिवार को 20 अप्रैल, 4, 11, 18 एवं 25 मई, 1, 8, 15, 22 एवं 29 जून को 08476 नं के साथ पूरी के लिए रवाना होगी 7 इस गाड़ी में 2 एसएलआर, 5 सामान्य, 7 स्लीपर, 06 एसी थ्री तथा 2 एसी-2 सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी। यह गाड़ी 08475 पूरी-निज़ामुद्दीन समर स्पेशल ट्रेन पूरी से प्रत्येक शुक्रवार को 04.50 बजे रवाना होकर खुर्दा रोड 05.30/05.35 बजे, भुवनेश्वर 06.15/06.20 बजे, नराज मार्थापुर 06.55/07.00 बजे, ढेंकानल 07.45/07.50 बजे, अंगुल 08.45/08.50 बजे, रेढ़ाखोल 10.10/10.12 बजे,

सम्बलपुर सिटी 11.25/11.30 बजे, झारसुगुड़ा रोड 12.15/12.20 बजे, बिलासपुर 16.50/17.00 बजे, कटनी मुरवारा 23.30/23.40 बजे, दमोह 01.00/ 01.02 बजे, सागर 07.05/02.10 बजे, बिरंगना लक्ष्मीबाइ (झाँसी) 08.10/08.15 बजे, ग्वालियर 10.15/10.10 बजे, आगरा कंट 13.00/13.05 बजे, मथुरा 14.30/14.15 बजे, निज़ामुद्दीन 17.40 बजे पहुंचेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा यह गाड़ी 08476 निज़ामुद्दीन-पूरी समर स्पेशल ट्रेन निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन से प्रत्येक शनिवार को 23.35 बजे, रवाना होकर मथुरा 02.10/02.12 बजे, आगरा 03.03/03.05 बजे, ग्वालियर 04.55/05.00 बजे, बिरंगना लक्ष्मीबाइ (झाँसी) 06.00/06.10 बजे, सागर 10.20/10.25 बजे, दमोह 11.25/11.27 बजे, कटनी मुरवारा 12.50/13.00 बजे आदि।

मंडल के सभी स्टेशनों में पर्याप्त पेयजल सुविधा

दिनोदिन बढ़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मण्डल रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर व वाटर नल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही साथ सभी प्रमुख स्टेशन के स्टालों में पर्याप्त मात्रा में रेलनीर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है । यात्रा के दौरान यात्रियों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है । मण्डल के प्रमुख स्टेशनों में गैर सरकारी संगठन एवं समाज सेवी संस्थाओं को स्टेशन पर यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल पिलाने के लिए रेल प्रशासन द्वारा अनुमति भी प्रदान की गई है । मंडल के रायगढ़, चांपा, शहडोल व उमरिया स्टेशनों में समाज सेवी संस्थाओं द्वारा स्टेशन में प्याऊ खोला गया है जहां प्लेटफार्म के यात्रियों के साथ ही ट्रेनों के कोच में बैठे यात्रियों तक भी शीतल पेयजल निःशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। मंडल रेल प्रशासन गर्मी के सीजन में पर्याप्त मात्रा में ठंडा और स्वच्छ पेयजल यात्रियों को उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है । जनरल कोच के यात्रियों का विशेष ध्यान रखते हुये रेलकर्मियों द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों में ट्रेनों के जनरल कोच के यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराई जा रही है।

न्यूज गैलरी

मातृत्व अभिनंदन नारी सम्मान का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी का गत दिनों बस्तर संभाग के जिला कोंडागांव के ग्राम छोटे आमाबाल के आगमन पर मातृत्व वंदन योजना में सभी माताओं को महीने में 1000 रुपए से सम्मान कर सभी माताओं को मोदी की ओर से जय जोहार का संदेश दिया गया। उसी संदेश को मातृत्व अभिनंदन कार्यक्रम मंडल धनेलीकन्हार के अन्तर्गत शक्ति केंद्र कोदागांव 7 से 9 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी महिलाओं को मोदी जी का जय जोहार का संदेश देते हुए श्रीफल से सम्मान कर नारी का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी पंचू राम नायक संयोजक मधुसूदन साहू,बुथ अध्यक्ष लाल दास साहू,बुथ समिति व भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

700 छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला शत प्रतिशत मतदान की अपील

फ्कांकेर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ईमलीपारा स्थित एक विद्यालय के 700 छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर ''10 डेज टू गो प्लीज वोट'' लिखकर मतदाताओं से शत-प्रतिशत वोट करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने विद्यालय स्टाफ के साथ व्यायाम शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने पालक एवं अन्य मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी आबिद खान सहित विद्यालय की प्राचार्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सामान्य और व्यय प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। आम निर्वाचन अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू एवं व्यय प्रेक्षक संदीप मंडल ने आज जिले के अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) चेक पोस्ट मरोड़ा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ आने-जाने वाले वाहनों की कड़ी निगरानी रखते हुए सघन जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम बी.एस. उइके, पखांजूर एसडीएम ए.एस. पैकरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

रामनवमी पर निकली झांकी ने मोहा लोगों का मन

■ **रामजी की सेना की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, लेजर लाइट के प्रदर्शन से शहरवासी अभिभूत**

कांकेर/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र और रामनवमी शहर ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूरा कांकेर शहर भगवामय में हो गया था। इस बीच हिंदू संगठन के युवाओं ने शीतला पारा के शीतला माता मंदिर से झांकी और लेजर लाइट का प्रदर्शन करते हुए राम नवमी पर एक रथ में बच्चे भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान व वानर सेना के वेशभूषा में सवार थे।

साथ में बस्तर का लोकनर्तक दल मांदरी नृत्य करते चल रहा था। रास्ते भर भगवान राम के जयकारा लगाते रहे। भगवान राम की शोभायात्रा शीतला मंदिर से संजय नगर, कलेक्टोरेट बंगला, ऊपर नीचे रोड से शहर के मुख्य मार्ग होकर नया बस स्टैंड से राजापारा के रामजानकी मंदिर पहुंची। रामजी की सेना व श्रद्धालुओं ने महाआरती की गई। रामजी की सेना के प्रमुख रहे लेखराज देवांगन श्रदेश चौहान धर्मेंद्र देव सागर देव सरकार सिंह ठाकुर अभिषेक देव सहित बड़ी संख्या में संख्या में रामजी की सेना के लोग शामिल हुए।

रामजानकी मंदिर में की पूजा अर्चनाः रामनवमी को लेकर सारी तैयारियां रामजी की सेना के युवाओं द्वारा की गई थी। शहर को भगवा ध्वज से सजाया गया था। रामनवमी की सुबह देवभूमि राजापारा के ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर में 12 बजे भगवान राम की पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम 6 बजे भगवान राम की शोभायात्रा शीतला मंदिर से निकाली गई। रामजी की सेना की शोभायात्रा में शहर और गांव के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में राजनांदगांव से पहुंची झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी अयोध्या के राम मंदिर थीम पर थी। शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया। भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता की पूजा मंदिर पुजारी पंडित वासुदेव शर्मा ने कराई। भगवान राम को नए वस्त्र व आभूषण पहनाए गए। राम जानकी मंदिर की साज सज्जा की गई थी। मंदिर में दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रध्दालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया। पूजा के बाद महाआरती की गई।

गृहमंत्री शाह की आमसभा कांकेर में 22 को

कांकेर/नवप्रदेश। गृहमंत्री अमित शाह के 22 अप्रैल को कांकेर में होने वाली आमसभा की तैयारी हेतु आज भाजपा कार्यालय कमल सदन कांकेर में लोकसभा कांकेर के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की। बैठक में लोकसभा समन्वयक प्रेम प्रकाश पाण्डेय, बस्तर संभाग संगठन प्रभारी पूर्व विधायक रजनीश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सांसद मोहन मण्डावी, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी विक्रम उसेण्डी, यशवंत जैन, लोकसभा सह प्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा, सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, नीलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि ये क्षेत्र के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि कांकेर लोकसभा के चुनाव प्रचार में देश के गृहमंत्री अमित शाह आ रहे हैं। हम सब को कड़ी मेहनत कर अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में जनता को इस आमसभा में लाने हेतु प्रयास करनी होगी। कांकेर में विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा हो चुकी है और अब गृहमंत्री जनता को संबोधित करने आ रहे हैं। कांकेर लोकसभा में हमारी जीत तय है।

बस्तर के संगठन प्रभारी रजनीश सिंह ने कहा कि चुनाव अब एकदम नजदीक है हमें और ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है। लोकसभा की अधिकांश बूथों में बैठकें हो चुकी है अब शक्ति केन्द्रों की बैठकों में आम जनता को भी शामिल कर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करें। लोकसभा में भाजपा के पक्ष में हवा बह रही है। इस बार जीत का मार्जिन बढ़ाने हेतु हमें जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा जाना होगा।

संगठन प्रभारी यशवंत जैन ने केन्द्र की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में संपर्क करने के निर्देश दिये।भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह की सभा को सफल बनाने हेतु सभी मंडलों में बैठकें कर प्रचारित करने होंगे। लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक में पूर्व विधायक, सुमित्रा मारकोले, मंतुराम पवार, सेवक राम नेताम, कमलेश ठोकने, बृजेश चौहान, दिलीप जायसवाल, हलधर साहू, प्रवीर बदेशा, विजय कुमार मण्डावी, आलोक ठाकुर, टेकेश्वर जैन, सर्वेश चौहान, राजीव लोचन सिंह, देवेन्द्र भाउ, अनूप राठौर, सुषमा गंजीर, राजा देवनानी, रत्नेश सिंह, निपेन्द्र पटेल, राधे नाग, रामचरण कोर्राम, निखिल राठौर, विजय मण्डावी, संजय सिन्हा, राजा पाण्डेंय, खलिल खान, मोतीराम नाग, ईश्वर कावड़े, दीपक खटवानी, यशवंत सुरोजिया, पंचूराम नायक, नारायण पोटाई, पीलम नरेटी,नरोत्तम चौहान, जितेन्द्र मरकाम, दिनेश आंचला, रतन हालदार, श्यामल मण्डल, राजेन्द्र गौर,रूखमणी उइके, विजय लक्ष्मी कौशिक, गिरधर यादव, उत्तम यादव, दिनेश रजक, शैलेन्द्र शोरी आदि उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को किया रवाना

नारायणपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के अंतर्गत 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गुरुवार को 94 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रांगण में मतदान सामग्री का वितरण कर संबंधित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर मतदान दलों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी ने कहा कि सभी मतदान दल गंभीरता एवं उत्साह के साथ मतदान कार्य को संपन्न करें। उन्होंने वितरण स्थल में मतदान दलों को सामग्रियों का मिलान करने का भी निर्देश दिया।

मतदान दलों की रवानगी पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा महिला मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को गुलाब भेंटकर उत्साहवर्धन करते हुए मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। साथ ही सफलतापूर्वक शत-प्रतिशत मतदान करवाने और सकुशल वापस आने की अपील भी की। जिले में 127 मतदान केन्द्र बनाया गया है, जिसमें से 16 अप्रैल को 33 अति संवेदनशील एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया है। गुरुवार को जिले के 94 मतदान दलों को रवाना किया गया। कुल मतदाताओं की संख्या 89 हजार 301 है, जिसमें से पुरूश मतदाता 42 हजार 670 और महिला मतदाता 46 हजार 628 हैं तथा अन्य 03 मतदाता हैं।

कलेक्टर श्री मांझी ने वितरण केंद्र के स्टालों में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 6 बजे से वितरण किया गया जिसमें 10 संगवारी मतदान केंद्र, 5 युवा, 1 दिव्यांग और 5 आदर्श मतदान केंद्र के लिए अलग-अलग वितरण केंद्र बनाया गया था। मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान कर्मचारी सामग्री का मिलान कर अपने दलों के सदस्यों तथा सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। संगवारी मतदान केंद्र के महिला कर्मियों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करवाने की उत्साह दिखाई। पुलिस विभाग द्वारा इन केंद्रों के लिए सुरक्षा बल भी दिया गया है।

जिले के 226149 मतदाता आज डालेंगे वोट

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में प्रथम चरण के मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके तहत 298 दलों का गठन किया गया है, जिसमें कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के 242 और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में 56 मतदान केन्द्र हैं। सुबह 7 से 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

इन मतदान केन्द्रों में 2 लाख 26 हजार 149 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे, जिनमें 01 लाख 08 हजार 958 पुरुष मतदाता, 01 लाख 17 हजार 185 महिला मतदाता और 06 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। कोंडागांव विधानसभा में कुल 1 लाख 87 हजार 920 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 90 हजार 586 पुरुष मतदाता, 97 हजार 328 महिला मतदाता और 06 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। वहीं नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में कुल 38 हजार 229 मतदाता शामिल हैं। जिनमें 18 हजार 372 पुरुष मतदाता, 19 हजार 857 महिला मतदाता मतदान कर सकेंगे। इसके साथ ही जिले में महिलाओं द्वारा संचालित दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं पांच युवा एवं एक दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाया गया है। इसके साथ ही मतदान के दिन दिव्यांग रथ भी चलाए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगों के निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। मतदान केन्द्रों में गर्मी को देखते हुए छांव, पेयजल इत्यादि व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और वे सहजता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। सभी मतदान केंद्रों में मतदान सामग्री के साथ ही मतदान दलों को एक दिन पूर्व पहुंचा दिया गया है।

नक्सलियों से भाईचारा निभाती कांग्रेस की यह शर्मनाक गिरावट

■ **अपने इस बयान के लिए कांग्रेस प्रदेश की जनता से बिना शर्त माफी मांगेः भाजपा**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के आदिवासी नेताओं सांसद मोहन मंडावी, विधायक विक्रम उसेंडी, आशाराम नेताम भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, मन्तु राम पवार ने काँकेर मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को शहीद बताने पर कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस की यह सोच उसके वैचारिक तौर पर पूरी तरह दीवालिया हो जाने का एक और जीता-जागता सबूत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विचारों के स्तर पर इतनी कंगाल होती जा रही है कि अब वह आतंकवादियों, नक्सलवादियों को शहीद तक बताने पर गुरेज नहीं कर रही है। नक्सलियों को 'भटका हुआ' और 'मासूम' बताते-बताते कांग्रेस अब उनको शहीद बता रही है, इससे अधिक शर्मनाक गिरावट माओवादी उग्रपंथियों से भाईचारा निभाती कांग्रेस की और क्या हो सकती है? उन्होंने कांग्रेस से अपने इस बयान के लिए पूरे प्रदेश, विशेषकर बस्तर की जनता से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को शहीद कहा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में नक्सली मोर्चे पर अपनी नाकामी और नाकारापन की कुंठा से ग्रस्त पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक तरफ काँकेर मुठभेड़ को फर्जी बताकर सुरक्षा बलों के मनोबल और पराक्रम पर प्रहार करने का काम करते हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता नक्सलियों को शहीद बताकर जनभावनाओं का अपमान करती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को इस मुठभेड़ में घायल जवानों की वीरता को फर्जी बताने में जरा भी शर्म इसलिए महसूस नहीं हुई क्योंकि उनके शासनकाल में एक तरफ नक्सली राजनीतिक संरक्षण में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की टारगेट किलिंग का सिलसिला चलाए हुए थे, भरी सभा में कांग्रेस विधायक की मौजूदगी में भाजपा के चुनाव प्रचारकों को काट और मार डालने की धमकियाँ दी जाती थीं, वहीं दूसरी तरफ नक्सली बारुदी विस्फोट करके जवानों का खून बहाने की कायरता का प्रदर्शन कर रहे थे और कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार उन शहीद जवानों का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में नहीं करने की नक्सली धमकी के सामने दुम दबाकर बैठी रही थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

वीवीपैट पर सुको में बहस...

पूछा, ''अगर किसी मतदाता को यह (वीवीपैट) पर्ची थमा दी जाए कि उसने अपना वोट डाल दिया है तो इसमें क्या नुकसान है?''इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

मुकेश गुप्ता को हाईकोर्ट ...

मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करानी थी, लेकिन गुप्ता ने इसका इस्तेमाल अपना ऋण की रकम भरने के लिए किया जो कि ट्रस्ट ने एमजीएम नेत्र संस्थान भवन के लिए एसबीआई बैरन बाजार, रायपुर शाखा से तीन करोड़ 10 लाख रुपये का लोन लिया था।

लोक आयोग के अलावा माणिक मेहता ने ईओडब्ल्यू में भी इसकी शिकायत की थी, जिस पर मुकेश गुप्ता उनके ट्रस्टी पिता जयदेव गुप्ता तथा डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा अग्रवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 406 तथा 120 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया था।

आबकारी घोटाला: सीएसएमसीएल ...

रिमांड के लिए मंजूरी दे दी।

अनवर और अरविंद 2 मई तक रिमांड पर

अनवर ढेबर और अरविंद सिंह दोनों को 2 मई तक की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी 25 अप्रैल तक एसीबी की रिमांड में रहेंगे। बताया जा रहा है कि अरविंद सिंह ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट के समक्ष इ'छा मृत्यु की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने वकील के माध्यम से आवेदन लगाने को कहा। न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत इस आवेदन पर अलग से सुनवाई करने की बात कही।

सुखोई की नजर के सामने स्वदेशी ...

विश्वसनीय प्रदर्शन उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। मिसाइल को अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) द्वारा विकसित किया गया है।

यह विकास एक मील का पत्थर है- रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है और कहा है कि स्वदेशी प्रणोदन द्वारा संचालित लंबी दूरी की स्वदेशी सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल विकास भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास के लिए एक मील का पत्थर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने आईटीसीएम की सफल उड़ान परीक्षण पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी।

डॉ. विजय यादव एएमएचएसएससी के ...

उद्योग में 22 वर्षों से अधिक का अनुभव है और साथ ही यह विभिन्न कंपनियों के शीर्ष पदों पर कार्यरत रहे हैं।

एएचएसएसएससी के अध्यक्ष डॉ ए सक्तिवेल ने नये सीईओ का स्वागत किया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में टेक्सटाइल्स और परिधान की गहरी समझ के साथ दूरदर्शी दृष्टिकोण को अपनाते हुये अपनी उपलब्धियों में रिकॉर्ड कायम किया है।

डॉ. यादव ने कहा कि परिधान उद्योग को कुशल कार्यबल उपलब्ध कराने के लिये समर्पित एएमएचएसएससी का नेतृत्व करना उनके लिये गर्व और सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा, ÷प्रतिभाशाली टीम के साथ एएमएचएसएससी को कपड़ा और परिधान के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में और आगे बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध हूँ। अपने सभी उद्योग पार्टनर, ट्रेनिंग और अकादमिक पार्टनर एवं अन्य हितधारकों के साथ मिलकर अपैरल स्किल इकोसिस्टम को नयी बुलंदियों तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जायेगा।÷

भारत को जगतगुरु बनाती है कृषि व ऋषि प्रधान पृष्ठभूमि: आचार्य शर्मा

भिलाई। रामनवमी भारतीय नववर्ष और नवरात्रि जैसे त्योहारों की त्रिवेणी से कृषिप्रधान और ऋषि प्रधान भारत विश्व प्रसिद्ध हुआ। इन पर्वों के द्वारा सूर्य, चन्द्र,धरती, हवा और पानी आदि से हमारी कृषि और ऋषि की संस्कृति फली-फूली। ये पृष्ठभूमि भारत को जगद्गुरु बनाती है। हमारे सांस्कृतिक शब्दार्थ सीताराम, राधेश्याम और मातापिता आदि में तो महिला शक्ति पहले क्रम पर है ही, अपने प्रिय देश को भी हम भारत माता ही कहते हैं। मां दुर्गा के आशीर्वाद से श्रीराम ने रावण का वध किया। उस नवरात्रि के अन्त में दशहरा और इस नवरात्रि के अन्त में रामनवमी आती है। हिन्दू नववर्ष का शुभारम्भ भी उनके राज्याभिषेक दिवस से होता है। बाद में युधिष्ठिर और विक्रमादित्य आदि के प्रसंग भी इससे जुड़े। पूरे देश में युगादि, चेटीचंड, गुड़ी पड़वा और वैशाखी आदि इसी के आसपास मनाये जाते हैं।हिमालय और हिन्द महासागर के पहले और अन्तिम शब्दों से हिन्दू शब्द बना।वह सर्वधर्म समादर करते हुये अनावश्यक हिंसा से दूर रहने के कारण हिन्दू कहलाया। उक्त उद्गार धर्म, साहित्य और संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा के देश-विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक भ्रमण कर चुके डॉ. शर्मा केसरी नन्दन हनुमान् मन्दिर, मीनाक्षी नगर दुर्ग में धर्मप्रेमी जनों को सम्बोधित कर रहे थे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि अपने आदर्श चरित्र और देशभक्ति के लिये श्रीराम विश्व वन्दनीय हैं। रामायण में उन्होंने ही जननी और जन्मभूमि को स्वर्ग से भी महान बताया है। आचार्य शर्मा के उद्बोधन के पूर्व भगवान शिव, श्रीराम, दुर्गा और हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। आयोजकों की ओर से जीएन वर्मा और पीआर साहू ने डॉ शर्मा का सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीके शर्मा ने किया।

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। जहां पीड़ित लड़की के परिचित शादीशुदा अंकल ने उसे अपने साथ ले जाने के बहाने घर में बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

नाबालिग से दुष्कर्म का यह मामला कोंडागांव जिले का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुर में रहने वाले अघन सिंह मरकाम पर नाबालिग लड़की ने रेप का आरोप लगाया है। नाबालिग की शिकायत के अनुसार शादीशुदा अघन सिंह पीड़िता के परिजनों से परिचित था, वह रोजाना घर आया करता था। काफी लंबे समय से घर में रहने वाली 14 साल की नाबालिग बच्ची पर आरोपी की बुरी नजर थी। इस बीच 14 अप्रैल की सुबह आरोपी नाबालिग को अपने साथ बाइक में घूमने के बहाने अपने घर ले गया। जहां उसने नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

बताया जा रहा है कि नाबालिग बच्ची को हवस का शिकार बनाने के बाद आरोपी दूसरे दिन विश्रामपुरी में उसे छोड़कर फरार हो गया। इस घटना के बाद बच्ची घबराई हुई थी और उसने घर पहुंच कर अपने परिजनों को अपने साथ हुई इस पूरी घटना की जानकारी दी। जब बच्ची ने अपने साथी दरिंदगी की बात परिजनों को बताई तो माता-पिता ने विश्रामपुरी थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल परीक्षण करने के बाद आरोपी के खिलाफ तत्काल अपराध कायम करते हुए उसकी तलाशी शुरू कर दी। लगातार छानबीन करने के बाद नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

जिले के 296 मतदान दलों को किया रवाना

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण के तहत कोंडागांव व नारायणपुर जिले में शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिसके लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दूदावत ने 296 मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने बसों एवं वाहनों में जाकर मतदान दलों से चर्चा की और सफलतापूर्वक मतदान कार्य के संपादन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले के कोंडागांव विधानसभा और नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र के 298 मतदान केन्द्रों में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। गुरुवार को मतदान दलों को शासकीय शहीद गुण्डाधुर महाविद्यालय से मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। वहीं 2 मतदान दलों को बुधवार को ही हेलीकॉप्टर द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में पहुंचाया जा चुका है

राम मंदिर से निकली रामजी की शोभायात्रा

कोंडागांव/नवप्रदेश। रामनवमी के अवसर पर बुधवार 17 अप्रैल को शहर के गाँधी चौक के स्थित राम मंदिर में भजन कीर्तन कर राम मंदिर सेवा समिति द्वारा महा आरती की गई। बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राम भक्तों व विश्व हिन्दू परिषद सहित अन्य हिन्दू संगठनों ने नगर में देर शाम को भगवान श्री राम कि भव्य झांकी निकाली,जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर राम मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। झांकी के दौरान विधायक कोंडागांव लता उसेंडी सहित बड़ी संख्या में नगर के रामभक्त उपस्थित थे।

बोड़तरा में अष्टमी का हवन

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम बोड़तरा मे महामाई मावली माता प्रांगण में अष्टमी हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।इस वर्ष यहां 51 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हए. है। सरपंच प्रतिनिधि रवि आडिल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गाँव के बैगा खूबीराम ध्रुव और समस्त ग्रामवासीयो का पूरा सहयोग से नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया गया इस दौरान ग्राम की खुशहाली प्रदेश वासियो की सुख,शांति की कामना की गई।

बोड़तरा में कराया गया नेवता-भोज

भाटापारा/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला बोड़तरा में श्यामलाल आडिल एवं श्रीमती शकुंतला आडिल के 55वी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर उनके पुत्रवधु श्रीमती पुष्पा आडिल प्रधानपाठिका प्राथमिक शाला बोड़तरा के द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चो की पूजा कर खीर- पुरी, सब्जी, केला, अंगूर, मिठाई, एवम चॉकलेट बांटा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक/ शिक्षिका अशोक सोनी ,श्रीमती अनिता त्रिवेदी ,श्रीमती भावना क्षत्रिय, श्रीमती भागमती ध्रुव एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप में आदित्य सिंह निर्णायक होंगे

भाटापारा/नवप्रदेश। कोच्चि (केरल) में 19 से 21 अप्रेल तंक आयोजित होने वाली साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के स्टार 1 अंतराष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सिंह को स्पर्धा में निर्णायक की अहम भूमिका निभाने के लिए अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनिकी निर्देशक रवि कपूर द्वारा नियुक्त किया गया है। अदित्य सिंह पूर्व में कई अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में बतौर कोच एवम मैनेजर की भूमिका निभा चुके है, सुकलाल यदु ,गोपी देवांगन , जितन्द्र नामदेव , सरस्वती यादव , गौतम मिरी , रोशनी साहू ने शुभकामनाये दी है।

पीएम आवास योजना से मिली गरीबों को पक्की छत : विजय शर्मा

तीन करोड़ लोगों को अगले पांच वर्षों में मिलेगा अपना पक्का मकान

कवर्धा/नवप्रदेश। बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने पहुँचे कवर्धा विधायक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महराजपुर, खैरबना, रौचन, समनापुर पहुँचकर जनता से भेंट मुलाकात के साथ सघन जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय दिलाने के लिए लोगो से आव्हान भी किया।

सभा मे विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आज़ादी के 55 साल बीत जाने के बाद भी न देश से गरीबी हटी और न ही लोगो को मूलभूत सुविधा मिला । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के आधी आबादी 50 प्रतिशत महिला आबादी के पीड़ा को समझते हुए मूलभूत सुविधा उन तक पहुचाने का काम किया । उन्होंने कहा महिलाओं के बड़ी समस्या स्वछता और सम्मान का ख्याल रखते हुए ओ डी एफ खुला शौचालय मुक्त भारत बनाकर महिलाओं के सम्मान के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया वही

10 वर्षों में देश मे 4 करोड़ पक्के मकान बनाये गए तो करोड़ो लोगो को चूल्हे के धुएं से निजात दिलाते हुए उज्वला गैस घर घर तक पहुँचा दिया । अब हर घर नल से जल की सेवा मूर्त रूप लेने लगी है ।

उन्होंने कहा देश की सुरक्षा के साथ साथ नए विकसित भारत की कल्पना से भारत आगे बढ़ा इन सबके बीच देश के गरीब तबके तक मूलभूत सुविधा का सीधा लाभ उन तक पहुँचे ऐसी व्यवस्था की है । भारत को आगे बढ़ाने के लिए देश की जनता ने मन बना लिया है तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना है । उन्होंने कहा देश को नई दशा और दिशा देने वाले इस यज्ञ में राजनांदगांव पीछे नही रहने वाला है । कवर्धा से भाजपा के सहज सरल प्रत्याशी संतोष पांडे जी को भारी बहुमत से जिताकर कवर्धा भी मोदी जी के संकल्पना को साकार करने के लिए आहुति देगा ।

श्री शर्मा ने रामनवमी के अवसर पर कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई देते हुए कहा भांचा राम के आज जन्मदिन हे अऊ भांचा के कतका मान अऊ सम्मान छत्तीसगढिया मन कतका करथन एला सब झन जानथन । वही भांचा राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा भी मोदी जी के कार्यकाल में होईस हे । हमर भांचा भगवान राम अयोध्या म अपन भव्य मंदिर में विराजमान होईस हे वो 22 जनवरी के सुंदर दृश्य से मन भर जथे। भगवान राम के राम नवमी के बेरा सब झन ल बधाई ।

इस अवसर पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल,पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, ईश्वरी साहू, भाजपा भोरमदेव मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

प्रियंका गांधी की सभा से कांग्रेस की जीत का होगा आगाज : दीपक बैज

■ सेक्टर व बूथ प्रभारियों से चर्चा कर दिया मार्गदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की स्टार प्रचारक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के मोहड़ डोंगरगांव में 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सभा होनी है, उसकी तैयारियों का जायजा लेने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज स्थल पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किए हैं। मोहड़ में प्रियंका गांधी की सभा को विशाल ऐतिहासिक बनाने कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे लगन से जुटे हुए हैं, उनके उत्साहवर्धन एवं कार्यक्रम की तैयारी का अवलोकन कर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज तैयारियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रियंका जी की यह सभा भी ऐतिहासिक होगी और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होने के साथ-साथ देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, इस दिशा में एक सुखद संदेश जाएगा, क्योंकि जिस प्रकार से केन्द्र की महंगाई बेरोजगारी से आम जनता का जीवन दूभर हो गया है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग भी भाजपा के सरकार ने जिस प्रकार से किया, उससे संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है, इसके लिए हमें देश में स्वस्थ एवं सुशासित सरकार लाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में कर्मठता से कार्य कर अपने प्रत्याशी सहित कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को जैसे ही जानकारी लगी कि अभी बूथ सेक्टर प्रभारियों की भी बैठक है, तो उन्होंने बूथ एवं सेक्टर प्रभारी से रूबरू होने उनके बीच पहुंचकर उनके साथ जमीन में बैठकर आत्मीय चर्चा करते हुए चुनावी रणनीति के संबंध में रायशुमारी कर कांग्रेस की जीत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में सुनिश्चित नजर आने पर उन्होंने बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों को मजबूत कार्य करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को अपने बीच पाकर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। अंत में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी अपील भी की 21 तारीख की सभा को ऐतिहासिक बनाकर भाजपा की हार सुनिश्चित है का संदेश देने की जवाबदारी हमारी है।

इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, आलोक चंद्राकर, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, वीरेंद्र बोरकर, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, रामछत्री चंद्रवंशी, संजय मुटकुरे, रवि शुक्ला, मोहन अय्यर, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, शेषनाथ सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने की नवरात्र में सेवा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा चैत्र नवरात्र पर्व पर प्रत्येक दिवस के रात्रि में मां बम्लेश्वरी मंदिर में सेवा कार्य किया गया। बता दे मां बम्लेश्वरी शक्तिपीठ जो कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ नामक स्थान पर दुर्गम पहाड़ी पर विराजमान हैं, जहां नवरात्र के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ दर्शन लाभ के लिए लगती है। साथ ही दूर-दूर से पदयात्री मातारानी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आते है, जहां प्रशासन बड़ी मुस्तैदी के साथ भक्तजनों को दर्शन कराने का भरकस प्रयत्न करती है। साथ ही मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट भी श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन के लिए व्यवस्था बनाती है।

अभाविप राजनांदगांव जिला संयोजक अमन बृज नामदेव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के स्टुडेंट फॉर सेवा कार्य के माध्यम से मां बम्लेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय सेवा कैम्प लगाकर श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन सुविधा उपलब्ध कराई, जिसमें प्रत्येक रात्रि को अलग-अलग नगर के कार्यकर्ता एकम के दिन डोंगरगढ़, दूज की रात्रि को डोंगरगढ़ एलबी नगर के 20 कार्यकर्ता, तीज की रात्रि को डोंगरगांव राजनांदगांव नगर के 30 कार्यकर्ता, चतुर्थ के रात खैरागढ़ व मोहला के 40 कार्यकर्ता, पंचमी के रात्रि में रायपुर के 30 कार्यकर्ता, षष्ठमी में दुर्ग के 30 कार्यकर्ता, सप्तमी की रात्रि को कवर्धा के 35 कार्यकर्ता, अष्टमी को पुनः डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नीचे चिरपानी टीन शेड में व सीढ़ियों के स्टॉपर के पास ऊपर मंदिर के अंदर यात्रियों के भीड़ को संभालने का कार्य एवं एसएफएस, एसएफडी के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त मंदिर परिसर अभियान चलाया, जिसमें यात्रियों से पॉलिथीन लेकर कपड़े व कॉटन वाले झोले का वितरण भी किया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए जल की व्यवस्था एवं अनेक सेवा के कार्य करने अभाविप कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह से लगे रहे।

हवन पूर्णाहुति और भंडारे के साथ ही अनुष्ठान का समापन

■ श्रीमद्भागवत कथा और श्रीराधा कृष्ण की हुई प्राणप्रतिष्ठा

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। सांई बाबा सेवा समिति एवं नगरवासी केसहयोग से 7 दिनों चले श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री राधा कृष्ण प्राणप्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को हवन पूजन व महाभंडारे के साथ संपन्न हुआ। सात दिवसीय इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में अयोध्या व वृंदावन धाम के आचार्य पंडित सदाशिव तिवारी, पंडित अजय शर्मा, पंडित आदर्श तिवारी, पंडित कुलदीप तिवारी,आदित्य ओझा, पंडित अविनाश महराज के द्वारा कराया गया।

कथा व्यास पंडित अविनाश महाराज ने कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। कथा यज्ञ के पश्चात तुलसी वर्षा की महिमा यदि पूजा अर्चना के दौरान कोई भूलचूक अपराध हो जाये तो गोविंद क्षमा याचना करते हैं। जिस प्रकार से श्रीमद्भागवत भगवान कृष्ण का पूरा स्वरूप माना गया है, ठीक उसी प्रकार गीता को भगवान का मुख कहा गया है। गीता पाठ से भी भगवान को पूर्णआहुति होना बताया गया है।

उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है।

यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। अविनाश महराज ने बताया कि सनातन धर्म मे ब्राम्हण को सर्वोपरि माना गया है। स्वयं भगवान भी ब्राम्हण से आशीर्वाद लेते हैं। कथा श्रवण करते हुए हृदय में उतारना चाहिए आत्मसात करने से हो फलीभूत होना बताया गया है। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब

शहर में आज निकलेगी श्री राम जी की विशाल शोभायात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रामनवमी शोभा यात्रा समिति द्वारा विगत 17 वर्षों से श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया जा रहा है, व राम जी की शोभायात्रा हर्षोल्लास से निकाली जाती है। इस तारतम्य में इस वर्ष भी 18 अप्रैल, दिन गुरुवार को विशेष शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। समिति के त्रिगुण सदानी ने बताया कि 550 वर्षों के पश्चात हमारे आराध्य प्रभु श्री रामचंद्र जी अयोध्या के मंदिर में विराजित हुए हैं। विराजित होने के बाद यह पहले जन्म उत्सव है, जिसे पूरे देश में हर्षोउल्लास से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भव्य शोभायात्रा का आयोजन रामनवमी शोभायात्रा समिति व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा किया जा रहा है। यह शोभायात्रा इस शोभायात्रा में विविध कार्यक्रम आदिवासी नृत्य, झांझ पार्टी, भजन, बैंड, भगवान श्री राम जी की झांकी व सजीव झांकी शामिल रहेगी। यह शोभायात्रा 18 अप्रैल, दिन गुरुवार को महावीर चौक श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी और शहर के विभिन्न स्थलों से मानव मंदिर चौक से होते हुए दुर्गा चौक, सदर बाजार, भारत माता चौक, रामाधीन मार्ग, सुरजन गली, कामठी लाइन से हलवाई लाइन होते हुए गुड़ाखू लाइन, भगत सिंह चौक होते हुए महावीर चौक में समापन किया जाएगा। अतः इस भव्य शोभायात्रा में आप समस्त सनातनियों से करबद्ध निवेदन है कि इसमें सम्मिलित होकर अपने आप को कृतार्थ करें।

रामलीला के नन्हें कलाकारों ने किया हनुमान चालीसा का सौवां पाठ

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा की ऐतिहासिक 105 वर्ष प्राचीन आदर्श रामलीला नाटक मंडली के नन्हे कलाकारों के द्वारा अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ते हुए ऐतिहासिक रूप से आदर्श रामलीला मंडप में हनुमान चालीसा पाठ समिति का निर्माण कर प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का 11 पाठ बच्चो के द्वारा किया जा रहा था और इस समिति ने मंगलवार को 100 वां पाठ पूर्ण किया। रामलीला कार्यालय में पंचमुखी सुंदरकांड पाठ समिति के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । 100 वां हनुमान चालीसा पाठ एवँ सुंदरकांड पाठ में भाटापारा नगर के युवा,वरिष्ठ एवँ सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

उपस्थित देवेंद्र बाबू भृगु ने 8 - 9 वर्ष के उम्र के बच्चो द्वारा रामलीला के कार्यालय में हनुमान चालीसा का फर्राटे से पढ़ रहे पाठ पर बच्चो की तारीफ करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया वही इतना लंबा समय तय कर हनुमान चालीसा का 100 पाठ तक छोटे बच्चे जो भाटापारा के इस ऐतिहासिक रामलीला के कलाकार भी है उन्होंने सम्पन्न किया । इस अवसर पर आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति के

श्याम मल, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा, जय मल, निलेश मल,अभी अग्रवाल, अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, धर्मपाल सोनी, आदित्य सोनी, नमन मल, कार्तिकेय पांडे, वैभव तिवारी, प्रहस्त सिंह सेंगर, लक्ष्य चौरसिया, आयुष तिवारी, शौर्य मिश्रा, सुयश शर्मा, मुकुल शर्मा, अभिनव मिश्रा, राघव नथानी, सुयश नथानी, केशव लाहोटी, सागर जयसवाल, हर्ष गुप्ता,अग्रंश शर्मा, अद्यांश मिश्रा(मंगल) को शुभकामनाएं एवँ बधाई देते हुए आदर्श रामलीला समिति के बाबू शुक्ला, हेमंत मल, बजरंग चौरसिया, शिव गुप्ता, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, प्रकाश शर्मा,देवनारायण शर्मा, रामजी जोशी, मोनू मल, कोमल शर्मा ने उनके कार्यों की सराहना की। रामलीला के सचिव कोमल शर्मा ने बताया कि बच्चो में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली कलाकार छात्रों को नगद राशि से पुरुस्कृत एवं सम्मानित भी मन किया जाएगा।

राजनीति — गांव-गांव, गली-गली घूमकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की गई

पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता : संतोष पांडे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे पिछले दो दिनों से कबीरधाम जिले के सुदूर अंचलों का व्यापक दौरा करने के पश्चात आज फिर जिले में आकर डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में गाँव-गाँव, गली-गली घूमकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के अवसर पर संसदीय क्षेत्र की जनता को रामनवमी राम जन्मोंत्सव की बधाई देते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता में हैं। आज अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद वह शुभ दिन आया हैं, जब भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में पहला जन्मोत्सव मनाया गया। श्री पांडे ने कहा कि सदियों बाद आज रामनवमी को अभिजीत मुहूर्त में श्री रामलला का राजोपचार पूजन हुआ, आज तड़के ही उतिष्ठ राघवम् कहकर रामलला को जगाया गया, चांदी सोने के रथ, हाथी, घोड़े, अस्त्र-शस्त्र उन्हें समर्पित किया गया। वाध्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच नृत्य व गीत हुआ, वेदों पुराणों का पाठ हुआ, भगवान के जन्मोत्सव के पश्चात चार वेदों की सभी शाखाओं का पाठ सुनाया गया। सोने-चांदी के बर्तनों में 106 प्रकार के भोग अर्पित हुए,

सबसे खास अवसर श्री रामलला के सूर्याभिषेक का हुआ, ठीक 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला के माथे पर सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक सूर्य तिलक किया। ऐसा नयनाभिराम दृश्य पूरे संसार ने देखा, जिससे करोड़ों राम भक्तों का सीना गर्व से चौड़ा हो रहा हैं।

श्री पांडे ने आगे कहा की सनातन के इस वैभव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम था, जो विवाद पिछले 500 वर्षों से अनसुलझा हुआ था, तमाम प्रयासों के बावजूद हल नहीं हो रहा था, जिसे श्री मोदी ने सहजता से हल करके देश का गौरव बढ़ाया। आज अयोध्या के विकास के लिए करोड़ों-करोड़ की परियोजना, चल रही हैं, पूरे विश्व भर से लाखों दर्शनार्थी श्री रामलला का दर्शन प्रतिदिन कर रहे हैं। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि मोदी सरकार ने देश के कई धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करके देश की सनातन संस्कृति का वैभव बढ़ाया हैं। काशी विश्वनाथ कारीडोर आज भारत का दूसरा सबसे बड़ा कारीडोर बन गया हैं। सन 1735 में इंदौर की महारानी देवी अहिल्या बाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया हैं। इतना ही नहीं देवभूमि उत्तराखंड के लिए चारधाम परियोजन शुरू की गई हैं। इस परियोजना के तहत गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम को जोड़ने वाली विशेष सड़कों का निर्माण किया जा रहा हैं, जो हर मौसम में आवागमन के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक होंगे। केदारनाथ धाम में श्री आदि गुरु शंकराचार्य जी की भव्य मूर्ति का अनावरण किए गया हैं। इसके अलावा ऋषिकेश को भी रेल मार्ग से जोड़ने का कार्य हो रहा हैं। सोमनाथ मंदिर के भी पुनर्निर्माण के लिए विभिन्न योजनाए चल रही हैं।

श्री पांडे आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के विस्तारित क्षेत्र में महाकाल लोक का निर्माण कराया, जो आकर्षक एवं दर्शनीय हैं। इसी तरह हैदराबाद में ग्यारहावी सदी के हिन्दू संत रामनुजाचार्य की 216 फिट ऊंची स्टैचु ऑफ इमेलिटी राष्ट्र को समर्पित की गई हैं।

2 जून से लगेगा भाटापारा में संस्कृत प्रेमियों का मेला

भाटापारा/नवप्रदेश। संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के द्वारा धर्म नगरी भाटापारा के सरस्वती शिशु मंदिर में 2 जून से 10 जून तक संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिला विकासखंड नगर से संस्कृत प्रेमियों का धर्म नगरी जमवाड़ा लगेगा इस शिविर में संस्कृत की बारीकियां को सिखाया जाएगा ।

विशेष बात यह है कि इस संस्कृत संभाषण वर्ग में जो व्यक्ति संस्कृत का कुछ भी नहीं जानता है वह भी यहां उपस्थित हो कर संस्कृत में धारा प्रवाह रूप से बोलने में संभाषण करने में दक्षता प्राप्त कर लेंगे संस्कृत भारती एक अखिल भारत सामाजिक संगठन है जो संस्कृत को जन भाषा बनाने के लिए संगठित है संस्कृतभारती का कार्य संपूर्ण भारत सहित 28 देश में फैला हुआ है। भाटापारा के सरस्वती शिशु मंदिर में लगने वाले यह प्रशिक्षण वर्ग प्रदेश व्यापी होगा ।आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर के तमाम कार्यकर्ता लगे हुए है व्यवस्था बनाने में संस्कृत भारती के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर गोपेश कुमार तिवारी कोषप्रमुख संजय सोनी डॉक्टर नगीता सोनी जनपद मंत्री साधनादेवी जिला अध्यक्ष हरेराम साहू विद्यालय प्रमुख गंगाराम बालकेंद्र प्रमुख राजकुमारी शिक्षण प्रमुख दुर्गेश कुमार तिवारी गीतांशु प्रसन्न देवेंद्र जायसवाल आदि कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

न्यूज गैलरी

प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षक निलंबित

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा मंगलवार को लोकसभा निर्वाचन के तहत चल रहें प्रशिक्षण के निरिक्षण में थे। निरिक्षण के दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रशिक्षण कार्यक्रम में घोर लापरवाही बरतने के कारण दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। पीठासीन अधिकारी भूषण लाल ढीमर व्याख्याता ई (एलबी) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रानो द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहना निर्वाचन कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही का परिचायक हैं एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 2 बिरेन्द्र कुर्रे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह द्वारा प्रशिक्षण में शराब के नशे में उपस्थित होकर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जानबूझकर लापरवाही बरतने, आचार संहिता का उल्लंघन एवं पदीय दयित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता के चलते निलंबित किया गया हैं। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में निर्वाचन कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही है। निलंबन अवधि में दोनों शिक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

हाट बाजारों में ग्रामीणों को अपराधों के प्रति जागरूकता

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ के माध्यम से थाना नवागढ, दाढी, चंदनू एवं पुलिस चौकी संबलपुर, देवकर स्टाफ के द्वारा ग्राम छिरहा, अंधियारखोर, संबलपुर, देवकर, ग्राम बुचीपुर नवरात्रि मेला एवं हॉट/बाजार,ग्राम में आस पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। आमजन को साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। साथ ही यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं यातायात सड़क संकेत तथा किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया।

कोटवारों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण व दिशा निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, नवागढ, साजा, परपोडी एवं पुलिस चौकी देवकर, खण्डसरा प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवारो का बैठक लेकर आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण व आवश्यक जानकारी एवं चुनाव के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने तथा आर्दश आचार सहिंता के नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आईटीबीपी के जवानों ने कराया कन्या भोज

खैरागढ़/नवप्रदेश। वनांचल ग्राम कटेमा में तैनात आईटीबीपी 40वी वाहीनी के अधिकारियो एवं जवानों ने कैप परिसर में रामनवमी पर्व मनाया । इस दौरान ग्रामीणों के साथ कैंप परिसर में नौ कन्या भोज का आयोजन किया और गांव की कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया।

वेदों का ज्ञान और कम्प्यूटर का कमांड श्रेष्ठ भारत के लिए बेसिक इंग्रिडिएंट्स

धमतरी/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर और श्री कम्प्यूटर के तत्वाधान में आमा तालाब स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा, तकनीकी और संस्कारों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि समाज सेवी और भाजपा नेता पँ राजेश शर्मा थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता कृष्ण कुमा रणसिंह ने की ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रकाश शर्मा ,श्री कंप्यूटर के संचालक मिलिंद कुलकर्णी,प्रदीप यादव,विकास शर्मा उपस्थित थे । मुख्य अतिथि पँ राजेश शर्मा ने कंप्यूटर टॉपर्स को पुरस्कार वितरण किया । साथ ही 5000 हज़ार फोटो युक्त हनुमान चालीसा का भी वितरण किया गया। पँ राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि, भविष्य के भारत के लिए युवाओं को कम्प्यूटर की आधुनिक शिक्षा जरूरी है साथ मे वेदों के संस्कार और ज्ञान भी जरूरी है, श्री कम्प्यूटर युवाओं को कम्प्यूटर की शिक्षा दे रही है शिशु मंदिर वेदों का निचोड नई पीढ़ी को पिला रही है, पँ शर्मा ने कहा कि यही तो श्रेष्ठ भारत के लिए बेसिक इंग्रिडिएंट्स है, इनके अभाव में श्रेष्ठता सिद्ध नही हो सकती।

मॉब लिंचिंग में बड़ा खुलासा, युवक की पिटाई से मौत, महिला समेत 10 गिरफ्तार

फिरौती का पैसा नहीं मिलने पर युवक को नहीं छोड़ा

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में मॉब लिंचिंग में एक शख्स की मौत का मामला सामने आया है. इस केस में पुलिस ने एक महिला सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कूकदूर के दमगढ़ गांव में मॉब लिंचिंग में धरम सिंह धुर्वे नाम के शख्स की मौत हो गई. वह दमगढ़ गांव में मवेशियों को खोजने आया था. इस दौरान कई युवकों ने उसे पकड़ लिया और रस्सी से बांधकर उसकी पिटाई की, इतना ही नहीं आरोपी उसे रात भर पीटते रहे. इस केस में पीड़ित पक्ष ने यह आरोप लगाया है कि आरोपी पीड़ित युवक को छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये की फिरौती मांग रहे थे, लेकिन फिरौती की रकम नहीं देने के कारण उसकी हत्या कर दी गई. जबकि आरोपी पक्ष की तरफ से यह कहा जा रहा है कि युवक ने गांव की एक महिला से छेड़छाड़ की थी. जिसकी वजह से उसके साथ पिटाई की गई. जिसमें उसकी मौत हो गई. रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने युवक को छेड़छाड़ की वजह से पीटा था. इसके अलावा आरोपियों ने पीड़ित युवक के परिजनों से 50 हजार रुपये फिरौती की मांग की थी. जब फिरौती की रकम नहीं मिली तो उसे पेड़ में बांधकर पीटा गया. लाठी डंडे से उसके ऊपर लगातार वार किया गया जिससे उसकी मौत हो गई. मॉब लिंचिंग केस में दस आरोपी गिरफ्तार-युवक धरम सिंह राली गांव से दमगढ़ गांव मवेशी ढूंढने के लिए आया था. इस दौरान उस पर महिला से छेड़खानी का आरोप लगाकर लोगों ने उसके साथ मार पिटाई की. उसे दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया फिर उसे रातभर रस्सी से पेड़ में बांधकर लटकाया गया. ज्यादा पिटाई और टॉर्चर करने के बाद उसकी मंगलवार सुबह को मौत हो गई. पुलिस ने इस केस में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक पुरुष और एक महिला आरोपी है. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. आरोपियों ने पुलिस को बताया की धरम सिंह उनके गांव आया हुआ था और गांव में महिला से छेड़छाड़ कर रहा था. जिसके बाद उसके साथ मार पिटाई की घटना हुई. मंगलवार की सुबह जब पीड़ित के परिजन दमगढ़ गांव में पहुंचे तो धरम सिंह धुर्वे की हालत नाजुक बनी हुई थी. आरोपी फिरौती के पैसे लेने की जिद पर अड़े हुए थे. पैसा नहीं देने की वजह से धरम सिंह धुर्वे को लोगों ने नहीं छोड़ा. परिजन जब तक पुलिस की मदद लेने पहुंचे तब तक काफी देर हो चुकी थी. मार पिटाई में घायल धरम सिंह धुर्वे की मौत हो गई।

कलेक्टर, एसपी ने आधी रात एसएसटी नाका/चेक पोस्ट की स्थिति जानने पहुंचे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बेमेतरा - आगामी लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए लगातार बाहर से आने-वाले बलों की रुकने की व्यवस्था व चेक पोस्ट एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। जिसके तहत 16 अप्रेल को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अचानक आधी रात को निकले जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, पुलिस चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत स्थित स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी साजा निलेश साहू, आरक्षक मनीष वर्मा, राजू धीवर सहित अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहें।

22 वाहन चालकों से 8100 रु समन शुल्क

बेमेतरा। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत विगत चार दिवस में यातायात बेमेतरा 9 चालान में 9 व्यक्ति, थाना बेमेतरा 1 चालान में 1 व्यक्ति, थाना परपोडी 5 चालान में 5 व्यक्ति, थाना दाढी 1 चालान में 1 व्यक्ति, थाना साजा 1 चालान में 1 व्यक्ति, चौकी मारो 5 चालान में 5 व्यक्ति कुल 22 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 22 प्रकरण में कुल 8100 रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में विगत चार दिवस में जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 1 प्रकरण में 1 व्यक्ति, थाना नवागढ 7 प्रकरण में 8 व्यक्ति, थाना परपोडी 5 प्रकरण में 6 व्यक्ति, थाना साजा 1 प्रकरण में 1 व्यक्ति, थाना दाढी 1 प्रकरण में 3 व्यक्ति, थाना चंदनू 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, चौकी मारो 2 प्रकरण में 3 व्यक्ति, चौकी देवकर 1 प्रकरण में 2 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 1 प्रकरण में 1 व्यक्ति, चौकी संबलपुर 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 110, 107, 116 (3), 151 जा.फौ. के तहत 23 प्रकरण में 29 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

अभिजीत मुहूर्त में रामलला का अभिषेक, श्रृंगार पूजन, भोग, भजन सहित भंडारे का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। भगवान राम की नगरी अयोध्या के लिए आज का दिन खास है। रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद ये पहली रामनवमी है। भगवान राम की नगरी अयोध्या में रामभक्तों का सैलाब उमड़ा है, तो वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में माहौल राममय हो गया हैं।

चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने दी जानकारी- शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया रामनवमीं पर सुबह से प्रभु श्री जानकी रमण प्रभुदेवालय कचहरी पारा में सनातनी हिन्दू भक्तों का आगमन प्रारम्भ हो गया था। प्रातः 11:02 बजे मंदिर के प्रमुख पुजारी आचार्य अखिलेश शुक्ला एवं अनुराग शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चार के साथ रामलला का विशेष अभिषेक कर स्वर्णजड़ित वस्त्रों, रत्नों के हार माला व स्वर्ण के मुकुट से सम्पूर्ण श्रृंगार कर प्रभु श्रीराम को अति प्रिय भोग मालपुआ व पंजरी का विशेष भोग लगाकर आरती की गई।

प्रभु आगमन की एक झलक पाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़- प्रभु श्रीराम के आगमन पर उनकी एक झलक पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वही आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में खड़े भक्तों ने एक-एक कर दर्शन लाभ लिया और इस दिव्य अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्रभु से मनवांछित फल की कामना की और आशीर्वाद लिया। वही, श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर के अंदर भजन कीर्तन की धुन पर सब झूमते दिखे व जय श्रीराम के नारे लगाएं गए।

भगवान के प्रकट होते ही माताओं ने गाएं बधाई गीत- प्रभु श्रीराम के प्राकट्य होते ही भजन मंडली की माताओं द्वारा ढोल मंजीरे के साथ संकीर्तन करते हुए बधाइयाँ गीत गाकर प्रभुश्रीराम का स्वागत किया गया। वही तरह-तरह की बधाई गीत व भजन गाकर प्रभुश्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा को प्रकट करते भक्त देखें गए।

ट्रस्ट द्वारा मालपुआ, पंजरी, खीर तो बनिया युकन मंडल द्वारा भव्य भोग भंडारे का हुआ आयोजन- श्रीराम के प्रकाट्य उत्सव को दुगना करने ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा भक्तों के लिए भरपूर मात्रा में मालपुआ, पंजरी व खीर का व्यवस्था की गई थी। वही बनियापारा के युवक मंडल द्वारा दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।

इनकी रही मौजूदगी- मुख्यरूप से शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय, ट्रस्टी अतुल देशलहरा, उमंग पांडे, गिरिराजदास वैष्णव, सतीश जैन, हरि विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, गुड्डू हलवाई, सुरेश मोदी, ज्ञानचंद लुनिया, पवन मिश्रा, धनराज उपाध्याय, रामकृपेश्वर उपाध्याय, रेखा पांडे, मधु तिवारी, स्मृति उपाध्याय, रत्ना उपाध्याय, संतोष चौबे, संतोष सोनी,दुर्गेश पांडे सहित हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 को

राजिम/नवप्रदेश। भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्र सुदी तेरस 21 अप्रैल रविवार को सकल जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। संघ सचिव अभिषेक दुग्गड के अनुसार इस अवसर पर पांच दिवसीय विविध आयोजन व ज्ञान वर्धक स्पर्धाओं का आयोजन श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में होगा।

इसमें सर्वप्रथम 17 अप्रैल को संध्या 8.30 बजे 'हम है जैन- सब है हमारे फैन' कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसका निर्देशन विवेक झाबक करेंगे। 18 अप्रैल को जैनधर्म पर आधारित 'नारे लिखिए' स्पर्धा का आयोजन ज्ञान ज्योति बहु मंडल द्वारा किया जाएगा। इसी दिन 'हंट 2024' कार्यक्रम विद्याश्री बालिका मंडल द्वारा आयोजित है। 19 अप्रैल दोपहर 3 से 4 बजे तक 'जैन शेफ मास्टर' कार्यक्रम का आयोजन वीरा ग्रुप द्वारा होगा। इसी दिन ज्ञान ज्योति बहु मंडल द्वारा बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट काम्पीटीशन कार्यक्रम होगा। संध्या 7.30 बजे पचपन से बचपन कार्यक्रम का आयोजन अरहम बहु मंडल द्वारा किया जाएगा। 20 अप्रैल संध्या 7.30 बजे श्री निपूणा जैन धार्मिक पाठशाला द्वारा अर्घ जिन शासनम का रंगारंग कार्यक्रम होगा। 21 अप्रैल रविवार को मनोहर बहुमंडल द्वारा निःशुल्क नेत्ररोग परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से होगा। इसमें अरबिंदो नेत्र हास्पिटल के साथ नेत्ररोग विशेषज्ञ आनंद सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित होंगे। 21 अप्रैल को श्वेताम्बर जैन मंदिर व दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातः 6 बजे से प्रक्षाल व अभिषेक का

कार्यक्रम आयोजित है। श्वेताम्बर जैन मंदिर में स्नात्र पूजा के बाद प्रातः 8 बजे भव्य बरगोड़ा (शोभायात्रा) नगर भ्रमण करेगा। शोभायात्रा के बाद सकल जैन समाज का स्वामी वात्सल्य 'मानतारा' भवन, भगवान महावीर स्वामी चौक में जैन श्री संघ द्वारा जैनम परिवार के तत्वावधान में होगा। रात्रि में आरती व भक्ति का कार्यक्रम होगा।झ

नुक्कड़ नाटक कर दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ

खैरागढ़/नवप्रदेश । शहर के लोगो को भी शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने सघन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत गंडई में मतदाता जागरुकता कैंपेन का आयोजन किया गया । अभियान मे जिला आइकॉन डॉ. पीसी लाल यादव ने लोगों को मतदाता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वीप नोडल लालजी द्विवेदी एवं सहायक स्वीप नोडल कृष्ण कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता एवं शत- प्रतिशत मतदान हेतु रैली निकाली गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत सीएमओ और स्वच्छता दीदियां भी उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डो में भी मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत करते नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरुकता अभियान के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान के तहत, मतदान केंद्र क्रमांक 222, 225, 226, और 228 में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने नगर पालिका के द्वारा विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर के शपथ दिलाई गई।

सीमेंट कंपनी पालिका से खरीदेगी कचरे से निकलने वाले हर तरह के प्लास्टिक

खैरागढ़/नवप्रदेश। बड़े शहरों की तरह अब खैरागढ़ शहर भी प्लास्टिक से मुक्त हो जाएगा । अहिवारा स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट उद्योग ने मंगलवार को नगरपालिका प्रशासन के साथ शहर के कचरों मे निकलने वाले सभी प्रकार के प्लास्टिक को अपने प्लांट मे उपयोग करने का अनुबंध किया है । अब शहर मे रोजाना निकलने वाले कचरे से सभी प्रकार के प्लास्टिक को पालिका की स्वच्छता विभाग इकटठा करेगी । इसके लिए सीमेंट कंपनी ने पालिका को प्रति टन प्लास्टिक का 12 सौ रू भुगतान भी करेंगी । सीमेंट कंपनी के प्रबंधक विकास तिवारी , सहायक प्रबंधक सौरभ सोनी ने पालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला, उपअभियंता दीपाली तंबोली की उपस्थिति मे अनुबंध किया। शहर भर से रोजाना निकलने वाले कचरें मे शामिल प्लास्टिक के हर प्रकार के कचरे को अब नए सिरे से इकटठा किया जाएगा । सफाई कर्मियों को इसकी जानकारी देते बताया गया कि प्लास्टिक पानी पाऊच, डिस्पोजल, विभिन्न प्रकार के खादयान वाले प्लास्टिक, पालीथीन, गुटका सहित पान मसाला के पाऊच सहित सभी प्रकार के दुकानों, मकानों से निकले प्लास्टिक को अब कचरा संग्रहण के दौरान अलग किया जाएगा । इसे

सुखाकर इसकी पेंकिंग की जाएगी । इसके बाद सीमेंट कंपनी को भेजा जाएगा । इसके लिए वाहन भी कंपनी उपलब्ध कराएगी । और प्लास्टिक कचरा लेकर जाएगी । सीमेंट कंपनी के प्रबंधक विकास तिवारी ने बताया कि इकटठा किए गए सभी प्लास्टिक का उपयोग सीमेंट उद्योग के बर्न युनिट मे इस्तेमाल किया जाएगा । केन्द्र सरकार के निर्देश और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत इस तरह की कार्यवाही पहले से जारी है । सीमेंट कंपनी खैरागढ़ नगरपालिका से पहले 16 से अधिक निकायों मे इस तरह का अनुबंध कर चुकी है । वातावरण को शुद्ध और प्लास्टिक मुक्त करने अभियान के तहत उक्त कार्यवाही होगी । शहर मे कचरो से निकलने वाले प्लास्टिक को फिलहाल सफाई विभाग द्वारा शहर के दोनो एसएलआरएम सेंटरों मे डंप किया जा रहा है ।

राम नवमी पर शोभायात्रा निकली, ज्योत-जंवारा का विसर्जन

कवर्धा/नवप्रदेश । नगर पिपरिया में आज रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान राम जानकी बड़े मंदिर ,राम जानकी छोटे मंदिर एवं श्री भगवान जगन्नाथ मंदिर में भगवान के जन्मोत्सव पर तीनो मंदिरों में विशेष पूजा -अर्चना की गई तत्पश्चात बाजे ,-गाजे डीजे के साथ आतिशबाजी करते हुए भगवान श्रीराम श्रीलक्ष्मण जी एवं भक्त हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्ग छोटे बाजार एवं बड़े बाजार होते हुए माँ सतबहिनियाँ मंदिर पहुचीँ जहाँ श्रृद्धालुओ द्वारा भगवानो की विशेष पूजा -अर्चना की गई तत्पश्चात जसगीत गाते -बजाते ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया गया है तथा गत पचासों वर्ष से परम्परानुसार रामनवमी मेले का आयोजन किया जाता है । उक्त अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक इंद्र कुमार केशरी,गेंदलाल केशरी,पूरन केशरी,संदीप केशरी नागेश्वर केशरी ,बहोरन देवागन,घुरूवाराम साहू,विक्की

अग्रवाल झगराम साहू,नंद कुमार शर्मा,दशरथ सोनी,बलदाऊ केशरी,हेमंत केशरी, खेलन साहू लोकेश साहू,उज्जवल दूबे गुल्ला केशरी नीलू केशरी महंत मोहित दास अभिजित केशरी के साथ-साथ नगर एवं आसपास गावो के बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक उपस्थित थे

किले के प्राचीन राम मंदिर में की गई पूजा

धमतरी । धर्म की नगरी धमतरी की ऐतिहासिक धरोहर किले के प्राचीन श्री राम मंदिर जो भारत वर्ष रामवनगमन में एकमात्र मंदिर हैं जहां जगतमाता सीता बीच मे विराजित हैं और अगल बगल स्वयं श्री हरि राम व भगवान शेषनाग लक्ष्मण विराजमान है जो दर्शाता है कि जब दण्डकारण्य में भगवान पहुचे तो घना जंगल था और बड़े खतरनाक वन्यप्राणी भी इसी कारण माता की सुरक्षा के दृष्टिकोण से भगवान ने उन्हें बीच मे रखकर वन पार किया था । रामनवमी के पावन पर्व रामभक्तों ने किले के श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना की और लोगों की सुख शांति एवं समृद्धि कि कामना की ।

विधायक दीपेश साहू सिद्धि एवं चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की सुख समृद्धि की कामना

बेमेतरा। विधायक दीपेश साहू चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि के पावन पर्व पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गावों सहित क्षेत्र व अंचल के देवी मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक दीपेश साहू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेवनारा के चंडी मंदिर, संडी में सिद्धि माता मंदिर, मांवली माता मंदिर, बैजलपुर के चंडी माता मंदिर सहित क्षेत्र व अंचल के अनेकों मंदिर में मातारानी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवाशियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किये और समस्त क्षेत्र व अंचलवाशियो को चैत्र नवरात्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनायें दिये।

इस अवसर पर परमेश्वर साहू, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन, दीना नाथ साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, साकेत साहू, ईश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, मंदिर समिति के सदस्यगण एवं ग्राम सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधिगण व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

व्यय प्रेक्षक ने लेखा दल, एमसीएमसी कक्ष का किया अवलोकन

खैरागढ़/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन) ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित लेखा दल एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा भी उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण के लिए स्थापित व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर प्रत्याशी और राजनैतिक दल द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक निर्वाचन व्यय का पारदर्शिता के साथ लेखा-जोखा हेतु आवश्यक निर्देश दिए। दस्तावेजों का अवलोकन किया और उन्होंने एमसीएमसी कक्ष में सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज के मामलों में निगरानी एवं चुनाव प्रक्रिया के दौरान मीडिया उल्लंघन के मामलों की निगरानी के बारे में जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के तहत स्थापित इलेक्ट्रानिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज , प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज की जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु समस्त गठित की गई।

न्यूज गैलरी

सृष्टि व सक्षम का नवोदय में चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। रविन्द्र भारती स्कूल मदनपुर के विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। जिसमें कु. सृष्टि जोगवंशी पिता श्रीराम जोगवंशी ग्राम दुल्लापुर व सक्षम सिंह ठाकुर पिता शिवराज सिंह ठाकुर ग्राम टेढ़ाधौरा ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर अपना स्थान बनाया और विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही अपने पालकों को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। रविन्द्र भारती विद्यालय में नवोदय परीक्षा की प्रतिवर्ष उत्कृष्ट तैयारी करायी जाती है। जिसमें सुविधात्मक अध्यापन कराया जाता है। प्रतिवर्ष रविन्द्र भारती विद्यालय के विद्यार्थी चयनित होते हैं। चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चन्द्राकर व संस्था के प्राचार्य मनोहर यादव द्वारा बधाई दी गई।

रामनवमीं पर निकला जुलूस

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर सोनार पारा स्थित श्रीराम मंदिर में जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। स्वर्णकार समाज द्वारा भण्डारे का आयोजन के साथ-साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये श्रीराम मंदिर में जाकर संपन्न हुई। स्वर्णकार समाज द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर भण्डारा एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सजीव श्रीराम दरबार सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिष्ठित लोग के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। श्रीराम मंदिर से प्रारंभ यह शोभायात्रा पुराना बस स्टैण्ड, गोल बाजार, बड़ा बाजार होते हुये स्टेट बैंक रोड से पुलपारा से होकर सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैण्ड में समाप्त हुई। स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाले गये इस भव्य शोभायात्रा में लोगों ने श्रीराम दरबार की आरती भी की। शोभायात्रा में समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे।

जिले में होंगी 30 संगवारी मतदान केंद्रों की स्थापना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिले में बनाए गए विशेष मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण की शुरुआत गुरुवार को हुई। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित संगवारी मतदान केंद्र में मतदान कराने पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों क्रमांक 01 को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में युवा मतदान केंद्र एवं सक्षम मतदान केंद्र के दिव्यांग कर्मियों के लिए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों क्रमांक 01 का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। संगवारी मतदान दल हेतु आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने महिलाओं को निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी को प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेकर आवश्यक पहलुओं को समझने तथा ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग करने कहा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा विशेष मतदान केंद्र के संचालन के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान ईव्हीएम, वीवीपैट संचालन, ईवीएम सीलिंग, मतदान संबंधी प्रपत्र भरने, ईवीएम सीलिंग, मॉक पोल, रिकॉर्ड संधारण सहित अन्य कार्यों को विस्तार से बताकर प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को बीयू, सीयू, वीवीपैट को जोड़ने एवं उसको उपयोग की प्रक्रिया, फॉर्म 12 भरने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

वृद्ध की हत्या कर शव तालाब में फेंका

एक नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। थाना प्रभारी मालखरौदा राजेश चंद्रवंशी को सुबह करीब 10 बजे ग्राम सकर्रा के दुलेश्वर बरेठ से मोबाइल से सूचना मिला कि, गांव के समारू सारथी उम्र करीबन 75 साल का शव जूना तालाब में पानी में उफला हुआ है। सूचना पाकर तत्काल थाना प्रभारी मालखरौदा के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने टीम के साथ ग्राम सकर्रा पहुंचे, जहां जूना तालाब में समारु सारथी का शव पानी में उफला मिला, शव को बाहर निकालने पर उसके सिर में चोट होना तथा खून निकला पाया गया। प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के द्वारा मामले के गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री रमा पटेल तथा अनुभागीय अधिकारी मनीष कुंवर को घटनास्थल भेज भेजे थे। दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस द्वारा मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। शव पंचनामा करवाई में मृतक की मृत्यु उसका गला घोट कर तथा सर को पटक कर चोट पहुंचाकर आने से प्रतीत हो रहा था, मृतक के पुत्र के द्वारा मौके पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का रिपोर्ट दर्ज कराने पर तत्काल मौके पर धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत का विवेचना में लिया गया था तथा अलग-अलग टीम में पुलिस द्वारा आरोपियों के पिताजी किया जा रहा था। इस दौरान यह पता चला कि आरोपी भुवनेश्वर सारथी को एक नाबालिग बालक के साथ रात में मृतक के घर के आसपास देखा गया था, भुनेश्वर सारथी के द्वारा पूर्व में चोरी करना पाया गया था। संदेही भुवनेश्वर सारथी को पुलिस अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि रात्रि करीब 11 बजे वह अपने नाबालिग साथी के साथ मृतक जो कि अपने घर में अकेला रहता था उसके घर में चोरी करने का योजना बनाकर गए थे इस दौरान मृतक के साथ उनका मारपीट हुआ, भुनेश्वर सारथी के द्वारा अपने पास रखे चुन्नी/ स्कॉर्प से उसका गला घोट कर घर के बाहर निकाल कर नाबालिग साथी के साथ मिलकर मृतक के सिर को पटक कर हत्या कर दिया, और मृतक के घर से1000 नगद तथा एक मोबाइल फोन को चोरी कर लिए। इसके पश्चात दोनों के द्वारा मृतक के शव को जूना तालाब में ले जाकर फेंक दिया गया था। दोनों आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपी भुवनेश्वर सारथी से घटना में प्रयुक्त चुन्नी/ स्कॉर्प घटना के समय पहने खून लगे कपड़े 420 नगद, तथा नाबालिग से 410 नगद, चोरी के मोबाइल तथा घटना के समय पहने कपड़े को जप्त किया गया है। पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए 4 घंटे की भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, दोनों आरोपियों को धारा 302, 382, 394, 397, 201, 34 भादवि के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया है जहां से उनको न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मददेनजर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाली गई। उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जीएस जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन व एसडीओपी एसआर घृतलहरे के मार्गदर्शन पर 17 अप्रैल को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशीलता को देखते हुये शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रो एवं मुख्य मार्गो से थाना सिटी कोतवाली से रवाना होकर चौक-बालानी, पड़ाव चौक, सिंधी कालोनी, मल्हापारा, चुड़ीलाईन, बड़ा बाजार, पुलपारा, दाउपारा, रेस्ट हाउस होते हुये पैदल एवं वाहनों द्वारा फ्लैग मार्च निकाल कर शहर में आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने हेतु एसडीओपी सालिक राम घृतलहरे, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक तेजनाथ सिंह एवं फास्टरपुर, जरहागांव, लालपुर थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफकी संयुक्त टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

मंदिरों और घरों से हुई जंवारा विसर्जित

मुंगेली/नवप्रदेश। नवरात्र में क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों एवं घरों में विराजित ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन कार्यक्रम सुबह से देर रात्रि तक नदी में किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु जसगीत की थाप पर नाचते गाते जंवारा विसर्जन करते रहे।

शहर समेत अंचल में नवरात्र महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चौत्र नवरात्र के दुर्गाष्टमी के पर्व पर शनिवार को सुबह से देर रात तक देवी मंदिरों में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। भक्तों की भारी भीड़ रही। मां महामाया मंदिर में पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन कार्य संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डाली। नगर की आराध्य देवी मां महामाया, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शक्ति मंदिर में सुबह पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। हवन पूजन के बाद मंदिरों व समितियों द्वारा नौ कन्या भोज कराया गया। इसके साथ ही देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। नगर के हृदय स्थल सोनारपारा में प्राचीन मां महामाया मंदिर में रात्रि 11रू30 बजे मंदिर से जंवारा विसर्जन के लिए निकले जिसे आगर नदी में

विसर्जित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उमड़े। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इसी तरह पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इस दौरान जसगीतों के बीच नदी में ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव-गांव में जंवारा विसर्जन का उत्साह जबरदस्त देखने को मिला।

सट्टेबाजों का धंधा जोरों पर

पुलिस से कार्रवाई की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में नए पुलिस अधीक्षक के आने के बाद से सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगने से शहर सहित जिले के नागरिकों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की थी। जिले में 2 माह से बंद सट्टे-जुएं के कार्य पुनःतेजी से पैर पसारने लगा है। शहर सहित जिले में सभी प्रमुख चौक-चौराहों, गांव गलियों में सट्टे का कारोबार करने वाले खुलेआम सट्टा-पट्टी लिखते नजर आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि पुलिस कार्यवाही के साथ ही सट्टे के रोकथाम के लिये पुलिस को जनजागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

जिले में नए पुलिस अधीक्षक के आने के बाद लगभग 2 माह तक जिले में सट्टे का कारोबार पर अंकुश लग गया था। 2 माह के बाद पुनः सट्टा तेजी के साथ जिले में पैर पसारना शुरू

कर दिया है। जिले में एक बार फिर से सट्टा खाईवाल सक्रिय हो गए हैं। शहर सहित जिले में सभी प्रमुख चौक-चौराहों, गांव गलियों में सट्टे का कारोबार करने वाले खुलेआम सट्टा-पट्टी लिखते नजर आ रहे हैं। जिले में प्रतिदिन लगभग लाखो रुपये का सट्टा का कारोबार होता है। प्रदेश में जहां एक ओर जुआ-सट्टा अवैध व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है वही जिले में खानापूर्ति के लिये कभी-कभी कार्यवाही की जाती है। बताया जाता है कि सट्टा खाईवाल फास्टरपुर सेतगंगा में बैठकर पूरे जिले में खुलेआम सट्टा का अवैध कारोबार संचालित करता है। सट्टा खाईवाल के बारे में जानकारी होने के बाद भी उस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की जाती है। जिले में पुनः सट्टे का कारोबार शुरू हो जाने से लोगों में चर्चा है कि राजनैतिक संरक्षण के चलते यह व्यापार फल-फूल रहा है। उल्लेखनीय है कि 2 माह से सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगने से शहर सहित जिले के नागरिकों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की थी। लेकिन फिर से सट्टा शुरू होने की खबर से नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सट्टे के अवैध व्यापार के चलते छिटपुट बिजनेस करने वाले एवं युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस कार्यवाही के साथ ही सट्टे के रोकथाम के लिये पुलिस को जनजागरूकता अभियान चलाना चाहिए। जिससे लोग इस अवैध सट्टे

सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथियां घोषित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22, 23, 24, 25, 29 और 30 अप्रैल तथा 2 और 3 मई को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्?टेंट/एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी अनुसार उम्मीदवारों के डाउनलोड करने के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपलोड किए गए हैं।

ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों का विवरण- बिलासपुर- आईओएन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर और चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, रायपुर - आईओएन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर और कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर, भिलाई (दुर्ग) - आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 एंड 3 फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, रुंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, साईं कॉलेज, स्ट्रीट -69, सेक्टर-6, भिलाई नगर और मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, दुर्ग - छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग और भारती कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग, जगदलपुर - झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर उम्मीदवारों से एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचने कहा गया है।

छात्र-छात्राओं ने दिखाया नीट कोचिंग में उत्साह

सरगुजा कलेक्टर ने लिए फीडबैक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में शहर एवं ग्राम के प्रतिभावान बच्चों को नीट परीक्षा की तैयारी कराने कलेक्टर विलास भोस्कर की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क कोचिंग कक्षा का संचालन 28 मार्च से निरंतर चल रहा है। बच्चों का उत्साह अब नीट कोचिंग में दिखने लगा है।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आवासीय निशुल्क नीट कोचिंग का संचालन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबिकापुर में किया जा रहा है। कक्षा का संचालन निरंतर 38 दिवस तक होगा। कक्षा में अभी तक 164 बच्चे पंजीकृत हैं। प्रतिदिन इनमें भौतिक, रसायन, वनस्पति एवं जंतु विज्ञान की एक-एक घंटे की अवधि की कक्षा संचालित होती है। छात्र छात्राओं को निःशुल्क आवासीय व्यवस्था के साथ ही छात्रावास से पुलिस लाइन विद्यालय तक आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई है। बच्चों के अभ्यास के लिए बेहतर अध्ययन सामग्री और किताबें निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। समय-समय पर कलेक्टर सरगुजा स्वयं बच्चों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, बच्चों के प्रश्न पूछ कर सही उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। इसके साथ ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय शासकीय मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त रीडर्स एवं प्रोफेसर, पूर्व मेडिकल छात्र द्वारा तैयारी कर रहे बच्चों की मोटिवेशनल क्लासेस ली जाती हैं।

जिले में चल रही उत्कर्ष क्लासेस

कलेक्टर सरगुजा के निर्देशन में पूरे जिले में 35 हायर सेकण्डरी विद्यालयों में गणित, भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान तथा हाई स्कुलों में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की पढ़ाई उत्कर्ष कोचिंग के रूप में शुरू की गयी है। इन कोचिंग से सरगुजा के छात्र छात्राओं को आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं में मदद मिलेगी। उत्कर्ष की ये कक्षाएं पूरी गर्मी में सप्ताह में चार दिवस कोचिंग एवं पांचवें दिवस साप्ताहिक परीक्षा के साथ पूरी होगी। इसी तरह सरगुजा जिले के प्राचार्यो, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ई सेवाएं एवं करियर मार्गदर्शिका का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के प्रबंधन, विषय चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं के जानकारी के साथ पाठ्यक्रम, विभिन्न विषयों के साथ रोजगार के अवसर, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुविधाएं, सरगुजा जिले के बच्चों को राज्य स्तर एवं राष्ट्र स्तर पर उपलब्ध टैलेंट हंट एवं अन्य छात्रवृत्तियों सम्बंधित परीक्षाओं की जानकारी का संकलन किया जा रहा है। इस मार्गदर्शिका में बारहवीं के बाद विदेशी भाषाओं को सीखने हेतु भी जानकारी संग्रहित की गई है ताकि सरगुजा के बच्चे अपना परचम विदेशों में भी लहरा सके।

लोकसभा चुनाव रंगोली, मानव श्रृंखला से शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को आव्हान किया गया

अधिकारी-कर्मचारियों ने निकाली रैली, मतदान करने किया जागरूक

सीपत/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मस्तूरी एसडीएम अमित सिन्हा के निर्देशानुसार व सीपत तहसीलदार डॉ सिद्धि गवेल मस्तूरी एबीईओ शिवराम टंडन स्वीप नोडल प्रभारी व एबीईओ योगेश कुमार कौशिक महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी पूनम कुर्रे स्वास्थ्य विभाग डॉ. भावना पंचायत विभाग से एडीईओ मिथलेश देवांगन सचिव सीपत रेखा पाण्डेय के अगुवाई में शिक्षकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजस्व पंचायत विभाग महाविद्यालय के 166 कर्मचारी अधिकारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप रंगोली और मानव श्रृंखला के रूप मतदाता शपथ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को आव्हान किया गया। रैली का आयोजन

नवाडीह से तहसील बस स्टैंड सीपत बाजार पारा कन्या शाला तक हुआ। स्लोगन के माध्यम से आमजन को मतदान करने प्रेरित किया गया। इस रैली में मस्तूरी ब्लाक के सभी विभाग अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। रैली के जरिए लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय, श्रीकांत श्रीवास, तुलेश्वर सिह कौशिक, रामबाबू कर्ष, रामप्रसाद साहू, रमेश पटेल, गोपीचंद वर्मा, धर्मेंद्र, प्रकाश गौरहा, शिवनाथ यादव, महाविद्यालय से प्राध्यापक शत्रुहन धृतलहरे सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

माइक्रो ऑब्जर्वर व ईवीएम कमीशनिंग स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशिक्षण जारी हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत सभाकक्ष में ईवीएम कमीशनिंग स्टाफ एवं कलेक्टरेट सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वेशन को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ईवीएम कमीशनिंग प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों को कमीशनिंग से संबंधित बारीकियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दौरान बताया गया कि ईवीएम कमीशनिंग निर्वाचन में होने वाला सर्वाधिक जिम्मेदारी पूर्ण कार्य है, अतः यहां पर किसी तरह की गलती ना हो, इसका ध्यान रखें। प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित क्रमांक की मशीन किस बूथ के लिए आवंटित है, इसका विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके

साथ ही बैलेट पेपर तथा पिंक पेपर सील पर आरओ के हस्ताक्षर अनिवार्य रुप से चेक करने की सलाह दी गई। डीएलएमटी डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि कमीशनिंग करते समय दो बातों का विशेष तौर पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है, पहली, कैंडिडेट सेट करते समय तीनों मशीनें आपस में जुड़ी होनी चाहिए तथा वीवीपैट चालू अवस्था में होना चाहिए, दूसरा कमीशनिंग के बाद अनिवार्यतया सीआरसी की जानी चाहिए और वीवीपैट को लॉक अवस्था में रखना चाहिए। वहीं माइक्रो ऑब्ज़र्वर के प्रशिक्षण में निर्वाचन कार्य में उनकी भूमिका एवं दायित्वों के सम्बंध में बताया गया। बताया गया कि यहां पर सिर्फ निगरानी रखने का महत्वपूर्ण कार्य करना है और मतदान केंद्र पर पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष तरीके से पूरा कराते हुए ऑब्जर्वर को इसकी रिपोर्ट देनी है।

■ न्यूज गैलरी

योगी की सभा सागर में 21 को

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम सागर(कुमरदा) में 21 अप्रैल को 11 बजे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आमसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में कुमरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू ने बताया कि पूर्व में श्री योगी डोंगरगाँव में विधानसभा चुनाव के दौरान सभा ली थी। अब लोकसभा चुनाव के दौरान राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय के पक्ष में सभा लेंगे। सभी सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। ऐसे में आमजनों की सहूलियत के अनुसार व्यवस्था की जा रही है।जिसमें कार्यक्रम स्थल , हेलीपेड व पार्किंग स्थल का जायजा लेने लोकसभा संयोजक मधुसुदन यादव पहुँचे सभा में मोहला मानपुर, खुज्जी व डोंगरगाँव विधानसभा से भारी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे । इस दौरान जिला महामंत्री रवींद्र वैष्णव, हीरेंद्र साहू , किसुन यदु, बोधन साहू , अजय पटेल, गुलाब गोस्वामी , अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदरसाहू , नूनकरण भुआर्य, हिरदे देवांगन, संजय सिन्हा, कंशु यादव, एकांत चंद्राकर, सहित प्रशासनिक अधिकारी व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जांजगीर-रायपुर लोस के लिए पुलिस आब्जर्वर होंगे आहिरे

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में आचार संहिता लागू होने के पश्चात निष्पक्ष निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिसके अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर चांपा एवं क्रमांक 08 रायपुर के लिए आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक श्री विपीन आहिरे को पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 76470- 46304 है।।जिला बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के लिए निर्वाचन से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए दिये गये मोबाईल नंबर पर कान्टेक्ट कर सकते है,कोई भी व्यक्ति पुलिस आब्जर्वर से सीधे सम्पर्क कर सकता है। कोई भी चुनाव संबंधी सुझाव दे सकता है। एवं किसी भी प्रकार के शिकायत कर सकता है।

लोगों को घर-घर जाकर दिया जा रहा मतदाता सूचना पत्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। जिला प्रशासन की ओर से इसकी सभी तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में मतदाताओं को मतदान तिथि, समय और उनके संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी युक्त पर्ची उनके घर-घर जाकर दी जा रही है। मतदाता सूचना पत्र में मतदान और मतदाता से संबंधित सभी जानकारी सरल रूप में मौजूद है। इससे मतदाताओं को मतदान करने में आसानी और सहज होगी। इसी के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को 26 अप्रैल को संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करने की अपील की जा रही है। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के बारे में आग्रह किया जा रहा है। अपील सह आमंत्रण पत्र देने के साथ लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों में सुलभ मतदान की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्र भवनों के भू तल पर ही बनाए गए है। बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए रैंप भी बनाए गए है। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में पानी, छायादार शेड, मतदाता मित्र आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा मतदान केंद्रों में दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती - शिशुवती मतदाताओं को भी किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।

दामन गांव में नाकाम रहा सिस्टम, यहां के लोगों ने कभी नहीं डाला वोट

■ गवाही दे रहे गांव के युवा-बुजुर्ग

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। समूचे भारत वर्ष में लोकतंत्र के महापर्व की तैयारी जोरों पर चल रही है. छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के आम मतदाता उत्साहित हैं. लेकिन दंतेवाड़ा जिले में एक गांव ऐसा भी है, जहां के लोग चाहकर भी मतदान नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इनकी कोई पहचान नहीं है. इनके पास न तो आधार कार्ड है, न ही राशन कार्ड है, और न ही मतदान पहचान पत्र है. हम बात कर रहे हैं कुआकोंडा ब्लॉक के गुमियापाल पंचायत के आश्रित ग्राम दामन की. यह गांव सरकारी दावों को ठेंगा दिखा रहा है. गांव के बुजुर्ग देवा मीड़यामी बताते हैं कि उनकी उम्र लगभग 75 साल हो चुकी है, लेकिन उन्होंने आज तक मत का प्रयोग नहीं किया है. उन्हें नहीं पता कि कौन सा चुनाव है, किसलिए हो रहा है, क्यों हो रहा है. वह किसी नेता को भी नहीं जानते, वह जानते हैं तो सिर्फ सरपंच को, जो गांव में गाहे-बगाहे आता है.

गांव में अधिकांश लोग गोंडी ही बोलते हैं. 10वीं पास हड़मा कहता है कि गांव में कभी कोई जागरूकता दल नहीं आया और न ही मतदान पहचान पत्र बनाए गए. गांव के लोगों को नहीं मालूम कि वोट कब होना है. इन लोगों ने कभी वोट नहीं किया. वहीं समेली गांव के जागरूक नागरिक लिंगा कोड़ोपी ने बताया कि इस गांव तक कभी शासन-प्रशासन पहुंचा ही नहीं. सड़क से महज पांच किमी की दूरी पर स्थित दामन गांव एक बार फिर से लोकतंत्र के महापर्व में वंचित हो जाएगा.

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मतदान दलों की स्थिति की पूरी जानकारी दी लेकिन गुमियापाल के आश्रित ग्राम पर जानकारी लेने के बाद ही कुछ कहने की बात कही. उन्होंने तत्काल तहसीलदार को बुलाया और दामनपारा की जानकारी लेने की बात कही. कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा ऐसा हो नहीं सकता कि कोई पारा मतदाता पहचान पत्र के बगैर हो. इस मामले की गहराई से जांच करवाई जाएगी।

देर रात तक होता रहा ज्योति कलशों का विसर्जन

महानवमी पर मां बम्लेश्वरी की विशेष पूजा-अर्चना मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। बुधवार को राम नवमी के साथ ही माता के 9 दिवसीय उत्सव नवरात्र का समापन हुआ. देशभर में नम आँखों से भक्तों ने माता को बिदाई दी गई. छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ डोंगरगढ़ में भी देर रात तक माता बमलेश्वरी की ज्योति कलश का विसर्जन हुआ. साथ ही शहर के अन्य देवी मंदिरों के ज्योति कलशों का विसर्जन भी बुधवार की रात स्थानीय महावीर तालाब में हुआ.

बता दें कि माता बमलेश्वरी के धाम डोंगरगढ़ में नवरात्र को बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है. यहाँ कई वर्षों से दोनों नवरात्र पर आस्था की हज़ारो ज्योत जलाई जाती है. प्रथम दिन से ही पूरे विधि विधान से माता की पूजा पाठ और जवारों का नौ दिन रात जतन किया जाता है. अष्टमी को हवन के बाद नवमी की रात माता के ज्योत जवारों का पूरे भक्ति भाव से विसर्जन किया जाता है. आख़िरी दिन ज्योति सिर पर लिये महिलायें झांकी स्वरूप में मंदिर से तालाब तक आती हैं. डोंगरगढ़ में विसर्जन के लिए मंदिर ट्रस्ट, शासन प्रसाशन, रेलविभाग के साथ स्थानीय नगर वासी भी सहयोग करते हैं. जिसकी वजह के कई सालो से ये परंपरा अपने भव्य स्वरूप में चलती आ रही है. महानवमी पर नीचे मंदिर की मनमोहक झांकी निर्धारित रूट के मुताबिक मुंबई हावड़ा रेलवे ट्रैक से होते हुए शीतला मंदिर के सामने से स्थानीय महावीर तालाब पहुची. इस दौरान नीचे मंदिर और शीतला मंदिर की माई ज्योत की परंपरागत भेंट भी हुई. भेंट के बाद ज्योत विसर्जन के लिए आगे बढी. ये परंपरा भी डोंगरगढ़ में लंबे समय से चली आ रही है.

कई दशकों से माता की ज्योति विसर्जन होते तक मुंबई हावड़ा प्रमुख रेल मार्ग पर मेगा ब्लॉक किया जाता है और क़रीब तीन घंटे तक इस रेल मार्ग पर रेल के पहिये थम जाते हैं. रेल्वे और प्रशासन मिल कर कई दशकों से चली आ रही इस परंपरा का सकुशल निर्वाह कर रहे हैं. वहीं आज भी महाराष्ट्र के शहनाई वादन की परंपरा चल रही है, शहनाई बजाने वालों की टीम महाराष्ट्र के सालेकसा से आती है. पर्व की शुरुआत से लेकर नवरात्र में आरती और विसर्जन के दौरान शहनाई वादन होता है. 9 दिनों तक शहनाई बजाने वाले कलाकार डोंगरगढ़ में रहकर सेवा करते हैं. ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकलने से लेकर विसर्जन तक शहनाई निरंतर बजती है. ये परंपरा कई दशकों से ऐसे ही अनवरत चली आ रही है.महानवमी की देर रात तक नीचे बमलेश्वरी मंदिर की 901 और शीतला मंदिर में 61 ज्योत के साथ शहर भर के सभी देवी मंदिरों की हज़ारो ज्योति स्थानीय महावीर तालाब पहुंची, जहां पूरे विधि विधान से माता के ज्योत जवारे का विसर्जन किया गया।

रामनवमी पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे जानकी रमण प्रभु देवालय

कबीरधाम/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा अपने गृह शहर रामनवमी के अवसर पर पहुंचे और जानकी रमन प्रभु देवालय में श्रीराम की पूजा अर्चना की।

मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चनाः

जहाँ मंदिर के प्रमुख पुजारी अखिलेश शुक्ला ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन व आरती की। विजय शर्मा ने मंदिर की परिक्रमा कर जिलेवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

डिप्टी सीएम ने कहाःउपमुख्यमंत्री सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यह पल हमारे लिए ऐतिहासिक है। अयोध्या में 500 साल के बाद श्रीराम जी का सूर्य तिलक किया गया। पूरे देश में रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

राम धुन में लोग मग्न हैं। सम्पूर्ण देश भगवामय हो गया हैं। सनातनी गदगद नही समा रहें हैं। प्रभु श्री राम से यही मेरी कामना है कि प्रदेश में खुशहाली बनी रहें।

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर हरिहर उपाध्याय, रामबिलास चंद्रवंशी, दुर्गेश पांडेय, अनुराग उपाध्याय, विक्की गुप्ता, अजय गुप्ता, निशांत झा, प्रवीण शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने रैली में कलेक्टर ने चलाया आटो

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले भर में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार 18 अप्रैल को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में पहली बार ऑटो रैली का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 8 किलोमीटर तक 151 ऑटो के साथ रैली निकाली गई। महारैली के उत्साह को बढ़ाने के लिए और शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वयं कलेक्टर केएल चौहान ने ऑटो चलाते हुए रैली का नेतृत्व किया। कलेक्टर को ऑटो चलाते देख बड़ी संख्या में ऑटो चालक, ग्रामीण, नगरवासी और आधिकारी कर्मचारी पहुंचे।

कलेक्टर ने ऑटो चलायाः जहां एक ओर कलेक्टर श्री चौहान ऑटो चला रहे थे। वहीं उनके पीछे सवारी के रूप में उनकी पत्नी रानी चौहान, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल और एसडीओपी निधी नागपुरे बैठी थी। इस रैली में बलौदाबाजार, भाटापारा शहर के ऑटो चालक, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीण, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

प्राण प्रतिष्ठा और रामनवमी कार्यक्रम में शामिल हुए बजरंगी

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल रामनवमी के अवसर पर जलविहार कॉलोनी रुद्री में शिव मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए । धूमधाम से भोले बाबा की पूजा अर्चना हुई उसके बाद ग्राम. रत्नाबान्धा स्थित पंचमुखी हनुमान नगर में श्री राम परिकर मन्दिर में हवन पूजन भोग प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ । । . , विश्व हिन्दू परिषद के कार्याध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर मा अंगारमोती धाम तुमबुजुर्ग स्थित श्री राम परिकर मन्दिर में पूजा अर्चना कर भोग भंडारे में सम्मिलित हुए। समाजसेवी मोहन साहू के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ,पीयूष जैन, डाकेश्वर साहू, चित्रेश, प्रिंस जैन, सत्यम सिन्हा, गोल्डी जैन,बिट्टू ग्वालानी विजय मिश्रा एवम कार्यकर्ताओ द्वारा रामनवमी शोभा यात्री के स्वागत कार्यक्रम हेत मकई चौक में मंच स्थापना की गई ।

पूरे शोभा यात्रा के दौरान मंच से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के समस्त पदाधिकारियों द्वारा जय श्री राम के नारे लगाकर पुष्पवर्षा की गई एवं शोभायात्रा को भगवामय कर भगवान से अखण्ड आर्यावर्त भारतवर्ष में पुनः रामराज्य के स्थापना की प्रार्थना की. गई।

कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर रामनवमी के इस पावन पर्व पर समस्त जिले वासियों से हाथ जोड़कर यह अपील की कि, पूरा समाज नशा मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हो,लोकल व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन मार्केट का बहिष्कार करे, गौ माता की सेवा करे और उन्हें राजमाता का दर्जा दिलाने हेतु सहयोग करे।

अन्धविश्वास का सहारा लेकर मतांतरण कराने वाले लोगों से सावधान रहें और उनकी शिकायत प्रशासन से करे, और सभी नागरिको से अपील राष्ट्रहित चिंतन कर शत प्रतिशत मतदान कर राम राज्य की स्थापना के लिए संकल्प करें।

कोरोना की विपरीत परिस्थितियों में भी मोदी जी के कारण देश का व्यापार फला फूला

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर में बीते दिवस मंडल भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, सह संयोजक दिनेश गांधी, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखिजा, उत्तम गिडिया, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। व्यापारी सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती, पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। पश्चात् सम्मेलन के मुख्यअतिथि व प्रखर वक्ता खूबचंद पारख ने विस्तार से वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारियों को होने वाली समस्याओं तथा शासन से मिलने वाले मदद आदि के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यापारियों के लिए व्यापारिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है एवं विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को तीन लाख तक की लोन सुविधा प्रदान करने का अभिनव प्रयास किया है। इसके अलावा मध्यमवर्गीय व्यापारियों को 10 - 10 लाख रू. तक का मुद्रा लोन बिना गारंटी के देकर व्यापारियों का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग को इंडस्ट्री लगाने के लिए मोदी सरकार तथा प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत की सब्सिडी देने की घोषणा की है एवं इंटरेस्ट सब्सिडी के रूप में 40 प्रतिशत देने की घोषणा की है, जो सराहनीय कदम है।

मंदिरों के गर्भ गृह में लोगों के प्रवेश को वर्जित करें

कवर्धा/नवप्रदेश। आदित्यवाहिनी कवर्धा द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों में जाकर गर्भ गृह में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को वर्जित करने संबंधी अपील की तथा इसका एक अभियान चलाया।

ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ पुरीपीठ के वर्तमान 145 वें श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्दसरस्वतीजी महाभाग जी कुछ वर्ष पूर्व कबीरधाम जिले के ग्राम सारंगपुरखुर्द में आयोजित धर्मसभा में गर्भ गृह में सब के प्रवेश संबंधी प्रश्न के समाधान में बताया था कि मंदिरों के गर्भ गृह में केवल परंपरा प्राप्त पुजारी का ही प्रवेश होना चाहिए सनातन धर्म में विधि और निषेध की प्रधानता होती है। प्रायः लोग कोरी भावुकता के वशीभूत होकर अशुद्ध अवस्था में एवं बिना शास्त्रीय पोशाक धारण किए तथा विधि निषेध का पालन किए बिना मंदिरों के गर्भ गृह में प्रवेश करते हैं जिससे देवी देवताओं का तेज तिरोहित हो जाता है। परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी ने संकेत किया था कि मन्दिर निर्माण की कुछ शास्त्रीय विधा परम्परा होती है। जब बिजली के प्रयोग को लेकर विधि-निषेध का नियम क्रियान्वित होता है तो उसके पीछे यह कारण होता है कि इसके प्रयोक्ता लाभ ले सकें तथा हानि से बच सकें, इसके लिए विधि-निषेध का निर्माण किया गया। इसके पीछे न राग था, न द्वेष था, न कोरी भावुकता थी और न अज्ञानता ही थी। इसी प्रकार सनातन वेदादि शास्त्रों के आधार पर जल-थल-नभ में व्यापक जो सच्चिदानंद स्वरूप परमात्मा हैं, उन्हें मांत्रिक, तांत्रिक विधा से अर्चा विग्रह में अभिव्यक्त किया जाता है। भगवान का वह दिव्य तेज विद्यमान रहे, इस भावना से वेदादि शास्त्रों के मर्मज्ञ मनीषियों ने मूर्ति के पूजन के संबंध में नियम तय किए हैं।

बढ़ती गर्मी में सावधानी जरूरी वरना हो सकती है मौसमी बीमारियां

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बदलते मौसम के साथ तापमान में भी तेजी से वृद्धि होती जा रही है ऐसे में मौसम सम्बंधी बीमारियों के प्रकोप की आशंका लोगों को रहती है। बेहतर होगा इस बाबत सावधानी बरती जाए जिससे किसी खतरे से बचा जा सके। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार इस बढ़ती गर्मी में लू लगना,डायरिया,मलेरिया, डेंगू जैसे रोगों का खतरा बना रहता है। डायरिया दूषित जल अथवा दूषित भोज्य पदार्थ के सेवन से होता है इसके साथ ही साफ-सफाई ना रखना भी एक कारण होता है। इसमें पतला दस्त बहुत अधिक मात्रा में आता है तथा शरीर में पानी की कमी हो जाती है ऐसी स्थिति में तरल पदार्थ का मरीज को सेवन करवाते हुए चिकित्सक से संपर्क करने की जरूरत होती है। इसी प्रकार मलेरिया, डेंगू मच्छर से फैलने वाले रोग हैं जिससे बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग एवं आसपास कोई जल जमाव न होने दें इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार इस मौसम में सबसे बड़ा खतरा लू लगने का है। तेज़ धूप में बिना हाथ पैर और मुँह को ढँके घर से बाहर निकलना लू के खतरे को निमन्त्रित करना होगा। तेज़ बुखार, बदन में जलन,सर दर्द,चक्कर,उल्टी, कमज़ोरी ये कुछ लक्षण हैं जो लू के समय दिखाई पड़ते हैं। बचाव के लिए कम से कम धूप में निकलना और तरल पदार्थों का सेवन उचित होगा। बीमारी की दशा में प्रारंभिक उपचार के रूप में सर पर ठंडी पट्टी देना,भीगे ठंडे कपड़े से शरीर पोंछना,पंखे के नीचे मरीज को रखना एवं ओ आर एस घोल देना।

हड़कंप परिजनों ने गुमशुदगी की दर्ज कराई थी रिपोर्ट, किसने की हत्या जांच में जुटी पुलिस

बाड़ी में दफन मिली नवविवाहिता की लाश, पति भी तीन दिनों से गायब

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. साजा विधानसभा के ग्राम पंचायत लुक में एक नवविवाहिता महिला की बाड़ी में लाश मिली है. महिला की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गई है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. बताया जा रहा रहे कि नवविवाहिता की लाश बाड़ी में एक फिट गड्ढे में गड़ी हुई मिली है. यह मामला परपोड़ी थाना क्षेत्र है. जनकारी के अनुसार, गुरुवार को परपोड़ी थाना के ग्राम लुक में ससुराल के ब्यारे में एक फिट गड्ढे में दबी महिला की लाश मिली. मृतिका की पहचान रश्मि वर्मा पति ओमप्रकाश वर्मा उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है. विगत दो माह पूर्व ही मृतका रश्मि वर्मा की ओमप्रकाश से विवाह हुई थी. मायके पक्ष वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए मृतका के पति और परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है. वहीं घटना के बाद से मृतका का पति ओमप्रकाश घर से फरार है. विगत तीन दिन पूर्व ही परिजनों ने दोनों पति-पत्नी की परपोड़ी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी.घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर शव को जांच के लिए रायपुर लैब भेजा है।

रामनवमी पर 3 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

भटगांव/नवप्रदेश। राम नवमी के पावन अवसर पर भटगांव के गायत्री प्रज्ञा पीठ में 3 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष गायत्री परिवार,परिजनों के द्वारा राम नवमी के दिन गायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमे इस वर्ष राम नवमी के साथ साथ कुंवार नवरात्रि का नवमी दिन है जिस कारण राम नवमी के साथ साथ नवरात्र के पर्व को भी मनाया गया । जिसमे सुबह से ही गायत्री प्रज्ञा पीठ के परिजन तैयारी के जुट गए थे फलस्वरूप बड़ा ही सुन्दर ढंग के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें नगर भटगांव के भक्तगण सहित आसपास गांव के लोग भी शामिल रहे तो वही महिलाएं नन्ही बच्चियों को नौ कन्या भोजन भी कराया जिसके बाद पूर्णाहुति कर कार्यक्रम का समापन हुआ वही कार्यक्रम में पधारे सभी भक्तो के लिए भोजन व्यावथा भी किया।

रिकॉर्ड उछाल के बाद सोना ठहरा, चांदी में 500 की कमी

वाराणसी। वेडिंग सीजन का दौर शुरू हो गया है. वेडिंग सीजन की शुरुआत के साथ सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद अब उसकी कीमतें ठहर गई है. यूपी के वाराणसी में 18 अप्रैल को सर्राफा बाजार खुलने के साथ 22 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ. वहीं बात चांदी की करें तो उसकी कीमत में 500 रुपए प्रति किलो की कमी आई है. बताते चलें कि सोने चांदी की कीमत हर दिन टैक्स, उत्पाद शुल्क के कारण घटता बढ़ता रहता है। वाराणसी के सर्राफा बाजार में 18 अप्रैल को 22 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ. गुरुवार को बाजार खुलने के सोने की कीमत 68100 रुपये रही. 17 अप्रैल को भी इसका यही भाव था. वहीं 16 को इसकी कीमत 67200 रुपये थी. इसके पहले 15 अप्रैल को इसका भाव 66650 रुपये था. वहीं 14 अप्रैल को इसकी कीमत 67350 रुपये थी. 13 अप्रैल को भी इसका यही भाव था. इसके पहले 12 अप्रैल को इसकी कीमत 66350 रुपये थी. वहीं 11 अप्रैल को इसका भाव 66250 रुपये था।

ये है 24 कैरेट का भाव

22 कैरेट सोने केअलावा बात यदि 24 कैरेट 10 ग्राम शुद्ध सोने की करें, तो गुरुवार को इसकी कीमत 73580 रुपये हो गई. 17 अप्रैल को भी इसका यही भाव था. वाराणसी के सर्राफा कारोबारी विजय तिवारी ने बताया की अप्रैल महीने में सोने की कीमतों में लगातार तेजी के बाद अब उसकी कीमतें ठहरी है. उम्मीद है आगे इसकी कीमतो में उतार चढ़ाव का दौर जारी रहेगा।

चांदी में 500 रुपये सस्ता

सोने से इतर बात चांदी के कीमत की करें, तो गुरुवार को इसकी कीमत में 500 रुपये प्रति किलो की कमी आई, जिसके बाद चांदी का भाव 86500 रुपये हो गई. इसके पहले 17 अप्रैल को इसका भाव 87000 रुपये था. वहीं 16 अप्रैल को इसकी कीमत 86000 रुपये थी।

इसके पहले 15 अप्रैल को इसका भाव 85500 रुपये था. वहीं 14 अप्रैल को इसकी कीमत 86500 रुपये रही. 13 अप्रैल को भी इसका यही भाव था. वहीं 12 अप्रैल को इसकी कीमत 85000 रुपये थी. इसके पहले 11 अप्रैल को इसका भाव 85500 रुपये था।

इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल 28 कर्मचारियों को झटका

नई दिल्ली। गूगल ने अपने उन सभी 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जो कंपनी द्वारा इजराइल के साथ किए गए एक कॉन्ट्रेक्ट के विरोध में दफ्तर परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। गूगल ने अपने कर्मचारियों को ऐसे वक्त में नौकरी से निकाला है, जब हाल ही में 9 कर्मचारियों को निलंबित किया गया था।

इसके अलावा यूएस में कंपनी के एक कर्मचारी को गिरफ्तार भी किया गया था। गूगल ने जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है, उन्होंने हाल ही में कंपनी द्वारा इजराइल से किए गए 1.2 बिलियन डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट का विरोध किया था। कंपनी ने आंतरिक ज्ञापन जारी कर कहा कि कंपनी में इस तरह का व्यवहार करने वाले कर्मचारियों के लिए कोई जगह नहीं है। हम इस तरह के व्यवहार को कभी-भी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

अगर कोई ऐसा करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गूगल ने स्टाफ से कहा, हमारी कंपनी में ज्यादा कर्मचारी अच्छा काम करते हैं। अब अगर आपको ऐसा लगता है कि हम इस तरह की हरकतों को नजरअंदाज करेंगे, तो हमारा आपको सुझाव है कि आप एक बार फिर से सोचें। कंपनी इसे बेहद गंभीरता से लेती है और हम इस तरह के व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अपनी दीर्घकालिक नीतियों को लागू करना जारी रखेंगे।

नो टेक फॉर अपारथाइड नामक समूह ने कहा, गूगल कर्मचारियों को हमारे श्रम के नियमों और शर्तों के बारे में शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार है। नौकरी से निकालना बदले की कार्रवाई है। कंपनी ने बताया कि इसने जांच के बाद ऐसी शरारतपूर्ण गतिविधियों में संलिप्त 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। अगर जरूरत पड़ी तो कंपनी और भी कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी।

बांगुर सीमेंट ने नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

गुरूग्राम। बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं।

इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।''

बदल जाएगी भारतीय रेलवे स्लीपर वंदे भारत, 24 घंटे में रिफंड

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे लोकसभा चुनाव 2024 के बाद 100 दिन का एजेंडा तैयार कर लिया है। रेलवेका जोर ज्यादा से ज्यादा ऐसी सुविधाएं प्रदान करना है जिससे यात्रियों का सफर और बेहतर बन सके। रेलवे ने 100 दिन का जो प्लान तैयार किया है उनमें 24 घंटे टिकट रिफंड स्कीम , कॉम्प्रिहेंसिव सुपर ऐप, स्लीपर वंदे भारत ट्रेन और तीन इकोनॉमिक कॉरिडोर = शामिल हैं। रेलवे अधिकारियों के हवाले से हाल ही में जानकारी दी थी कि नई सरकार के गठन के बाद अगले 100 दिन में रेलवे में कई बड़े बदलाव किए जाने की योजना है। नए लॉन्च होने वाले टिकट रिफंड स्कीम में यात्रियों के लिए 24 घंटे में रिफंड की गारंटी मिलेगी। मौजूदा रिफंड प्रक्रिया में आमतौर पर टिकट कैंसिल होने पर पैसे वापस आने में 3 दिन से एक सप्ताह तक का समय लगता है। दर्जी की दुकान से शुरुआत, अब 1.3 बिलियन डॉलर की नेट वर्थ, जानें कौन हैं देश की सबसे बड़ी लिस्टेड प्रॉपर्टी कंपनी के मालिक इसके अलावा रेलवे एक सुपर ऐप लॉन्च करने की भी तैयारी में है। इस ऐप में रेलवे से जुड़ी तमाम सर्विसेज की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यात्री टिकट बुकिंग, कैंसिलेशन से लेकर लाइव ट्रेन ट्रैकिंग और ट्रेन से ही खाना भी ऑर्डर कर सकेंगे। इसके अलावा नई सरकार के 100 दिन के एजेंडा में रेलवे के लिए एक बीमा स्कीम भी लॉन्च की जाएगी। पीएम रेल यात्री बीमा योजना को सभी रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

आईएमएफ को उम्मीद, भारत बनेगा वैश्विक विकास का इंजन

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं भारत को भविष्य में वैश्विक आर्थिक विकास के संभावित इंजन के रूप में देखती हैं, क्योंकि देश सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि चीन की जीडीपी वृद्धि दर 2024 में 4.6 प्रतिशत आंकी गई है जिसके 2025 में और धीमी होकर 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना है।

आईएमएफ की जारी विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट ने न केवल 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, बल्कि देश को एक उम्मीद की किरण भी बताया है जो मध्यम अवधि में वैश्विक विकास का समर्थन करता है जिसका फायदा दूसरे देशों को भी होगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण चीन के पिछड़ने के साथ आईएमएफ की रिपोर्ट कहा गया है कि भारत और ब्राजील जैसे अन्य बड़े उभरते बाजार वाले जी20 देश वैश्विक व्यापार प्रणाली में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे और वैश्विक विकास को आगे बढ़ाएंगे। आईएमएफ की रिपोर्ट भारत की आर्थिक नीति पर भी मुहर लगाती है क्योंकि यह मजबूत विकास दर का श्रेय मजबूत घरेलू मांग को देती है, जो ग्रामीण मांग के पटरी पर लौटने के साथ राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों और बिजली संयंत्रों जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकारी खर्च में भारी वृद्धि के कारण बनी है। कृषि के लिए बढ़े हुए आवंटन, मनरेगा जैसी ग्रामीण रोजगार योजनाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष कार्यक्रमों ने ग्रामीण मांग को बढ़ाने और औद्योगिक उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार बनाने में मदद की है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान 90,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं, जो कि उससे पहले के 10 साल की तुलना में लगभग दोगुना है। राजमार्ग बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश 2013-14 में 51,000 करोड़ रुपये से चार गुना से अधिक बढ़कर 2022-23 में 2.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को जारी नवीनतम अंकटाड रिपोर्ट में 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है, जो आमतौर पर मंदी के दौर से जुड़ी 2.5 प्रतिशत की सीमा से बमुश्किल ऊपर है।

खेल, मनोरंजन

आईपीएल 2024 : बीच सीजन सीएसके को बड़ा झटका बाहर हुआ स्टार खिलाड़ी, इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन की एंट्री

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स अभी तक आईपीएल 2024 में अच्छा कर रही है, लेकिन टीम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है. पिछले सीजन CSK की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले डेवोन कॉनवे अंगूठे में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह CSK फ्रैंचाइज़ी ने इंग्लैंड के दायें हाथ के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को अपने स्क्वाड में शामिल कर लिया है. सीजन में खेलने के लिए रिचर्ड को उनके बेस प्राइस यानी 50 लाख रुपये की रकम अदा की जाएगी। CSK अभी प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है, लेकिन डेवोन कॉनवे के ना होने से टीम को प्लेऑफ की रेस से हाथ धोना पड़ सकता है।

हालांकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ अच्छी पारियां खेल रहे हैं, लेकिन टीम के टॉप ऑर्डर में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो निरंतर बड़े स्कोर बना रहा हो। कॉनवे ने आईपीएल 2024 में चेन्नई के लिए खेलते हुए 16 मैचों में 672 रन बनाए थे, जिनमें 6 अर्धशतकीय पारियां भी शामिल रहीं. उन्होंने पिछले सीजन गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में भी 47 रन की अहम पारी खेलकर छ्स्य को 5वीं बार चैंपियन बनाया था। इसी चोट के कारण कॉनवे आईपीएल 2024 में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। खैर उनकी जगह लेने वाले रिचर्ड ग्लीसन की बात करें तो उन्होंने 2022 में भारत के खिलाफअंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट डेब्यू किया था. वो इंग्लैंड के लिए अभी तक 6 टी20 मैच खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 9 विकेट झटके हैं।

ग्लीसन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ज्यादा अनुभव ना हो, लेकिन फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट में काफी खेल चुके हैं. वो बिग बैश लीग और बांग्लादेश प्रीमियर लीग में भी परचम लहरा चुके हैं. खैर अब उन्हें आईपीएल 2024 में खेलने का मौका मिलता है तो वो अपना आईपीएल डेब्यू कर रहे होंगे।

जान्हवी कपूर स्टारर उलझ का टीजर आउट, एक्शन अवतार में अभिनेत्री

मुंबई। जाह्नवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म उलझ की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है. मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है. टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं। पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म उलझ के टीजर की बात करें तो इसकी शुरुआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है. जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं. इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है- सुहाना, क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था धोखा, वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं. ये राष्ट्र, सीमाएं तो रेत पर खींची गई लाईनें हैं.वे किसी लायक नहीं हैं। उलझ का टीजर जाह्नवी कपूर के वॉयसओवर के साथ होता है. जाह्नवी कहती हैं- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है, या तो देकर या लेकर. टीजर में जाह्नवी कपूर को जासूसी करते देखा जा सकता है जो अलग-अलग फाइलें खंगालती नजर आती हैं. इसके साथ-साथ वे एक्शन अवतार में भी दिखाई देती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी अहम किरदार में हैं. वहीं टीजर में अली खान भी दिखाई दिए हैं. इसके अलावा आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मियांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी ने भी फिल्म का हिस्सा हैं. उलझ को सुधांशु और परवेज शेख ने लिखा है. जाह्नवी कपूर की ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे जूनियर एनटीआर स्टारर देवारा: पार्ट 1 में भी दिखाई देंगी।

भारत के स्टार लॉन्ग जंपर मुरली श्रीकंर नहीं ले पायेंगे पेरिस ओलंपिक में हिस्सा

चोट के कारण पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेना संभव नहीं

नई दिल्ली। इस साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। इन खेलों में भारत की मेडल की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। भारत के स्टार लॉन्ग जंपर और पेरिस में मेडल लाने के दावेदार माना जा रहे मुरली श्रीकंर इन खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे। श्रीशंकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके बताया कि चोट के कारण उनका पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेना संभव नहीं है। श्रीशंकर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की और बताया कि उन्हें मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने लिखा, 'मैंने अपनी जिंदगी में मुश्किलों का डटकर सामना किया, मेहनत की और परिणाम हासिल किया। जो मेरे लिए बुरा सपना था वही अब हकीकत बन गया है। मेरा पेरिस ओलंपिक में जाने का सपना टूट गया।'उन्होंने आगे लिखा, 'मंगलवार को ट्रेनिंग के समय मेरे घुटने में चोट लगी थी। सारे टेस्ट के बाद यह फैसला किया गया कि मेरे घुटने को सर्जरी की जरूरत है। इसके कारण मैं उस चीज से दूर हो गया जिसके लिए सालों से मेहनत कर रहा था। हर रोज उठकर खुद को फिट महसूस करना एक एथलीट का सपना होता है।

श्रीलंकाई टीम ने रचा इतिहास, चेंज किया वनडे इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट

महिला वनडे में सबसे सफल रनचेज करने वाली टीम
श्रीलंका महिला टीम बनाम साउथ अफ्रीका - 302 रन
ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम बनाम न्यूजीलैंड - 289 रन
ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम बनाम भारत - 283 रन
न्यूजीलैंड महिला टीम बनाम भारत - 280 रन
ऑस्ट्रेलिया महिला टीम बनाम भारत - 278 रन

नई दिल्ली। श्रीलंका की महिला टीम और साउथ अफ्रीका की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई। इस सीरीज के दौरान दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा। एक मैच श्रीलंका और एक मैच साउथ अफ्रीका ने अपने नाम किया। वहीं एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। ऐसे में यह सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हुई। इस सीरीज के आखिरी मुकाबले को श्रीलंका की महिला टीम ने अपने नाम किया। सीरीज के तीसरे मैच को श्रीलंकाई टीम ने अपने नाम किया इस मैच में चमारी अटापट्टू और उनकी टीम ने इतिहास रचा। श्रीलंका ने पोटचेफस्ट्रूम के सेनवेस पार्क में इतिहास रचा, जब उन्होंने तीसरे वनडे में 302 रनों का पीछा करते हुए महिला वनडे इतिहास में सबसे सफल रन चेज दर्ज किया। श्रीलंकाई टीम ने इस लक्ष्य का पीछा करते ही 11 साल पुराने एक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इससे पहले महिला क्रिकेट में सबसे सफल रनचेज के मामले में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम पहले स्थान पर थी। जोडी फील्ड्स की ऑस्ट्रेलिया टीम ने 14 दिसंबर 2012 को उत्तरी सिडनी ओवल में 289 रनों का पीछा किया था और बुधवार को इस रिकॉर्ड को सालों बाद तोड़ दिया गया। महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल रनचेज के अलावा श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने इस मैच में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया।

सुस्त पड़ी मैदान तो क्रू की पकड़ अब भी बरकरार

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर 3 फिल्में लगी हुई हैं, जिनमें से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां मुख्यता दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है।एक ओर बड़े मियां छोटे मियां इन दिनों सबसे ज्यादा कमाई कर रही है, तो मैदान की हालत सुस्त दिख रही है। इसके साथ ही क्रू अपने तीसरे हफ्ते में भी दर्शकों को खींचने में सफल हो रही है।चलिए जानते हैं किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की। अली अब्बास जफर की एक्शन से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी और मंगलवार को भी फिल्म ने अच्छा कारोबार किया है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के छठवें दिन यानी मंगलवार को 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया।अक्षय-टाइगर और पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनीत इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 45.55 करोड़ रुपये हो गया है। अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान, बड़े मियां छोटे मियां के साथ ईद के खास मौके पर ही रिलीज हुई थी।

■ न्यूज गैलरी

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो नग दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ढाचा भवन हाउसिंग बोर्ड कालोनी प्रार्थी स्पर्श झा 30 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4856 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में अमलीडीह निवासी गजानंद साहू ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएल 1910 को सर्विस रोड संजयनगर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। संजयनगर स्थित गरीब नवाब चौक के पास पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शेख सबनूर 20 वर्ष गरीब नवाब चौक के पास संजयनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नोमान ईरफान व शाहरूख ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थिया के पति शेख साहिल से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब बेचते महिला सहित तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचते हुए महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 60 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 1030 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मां उदर गड़ी कंपनी सरोरा के सामने अवैध शराब बेचते आरोपी सुरेन्द्र साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 520 रुपए जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में अवैध शराब बेचते आरोपिया नीलम साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र मनहर 33 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। सरस्वती नगर पुलिस ने कुकुरबेड़ा में चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कुकुरबेड़ा के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र मिश्रा 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजा तस्करी करते कार सवार युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सरस्वती नगर पुलिस ने कबीर चौक के पास गांजा तस्करी करते कार सवार एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचनरा पर कबीर चौक शनि मंदिर के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी कार क्रमांक सीजी 04 एलपी 4515 को रोककर तलाशी लिए, तो उसमें 40 किलो गांजा मिला। पूछताछ में कार सवार आरोपी ने अपना नाम नरेश निहाल 35 वर्ष बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

भोजन की तलाश में हाथी गांव की ओर कर रहे रुख

कोरबा/नवप्रदेश। बढ़ती गर्मी के कारण जंगली जीव-जंतु जंगल को छोड़ गांव की ओर रूख कर रहे हैं। हर वर्ष गर्मी शुरू होते ही वन्य क्षेत्रों में पानी की कमी होने लगती है। जिसके चलते वन्य प्राणी पानी और भोजन की तलाश में शहर और गांव की तरफ आने लगे हैं। जंगल से हाथियों का दल भोजन की तलाश में कटघोरा वन मंडल के कोरबा पहुंचा गया। यहां पर हाथियों ने एक बार फिर से चक्काजाम कर दिया है। चार विशाल हाथियों का दल सड़क पार करते नजर आया है। अपने मस्त अंदाज में दिखाई दिए हैं। इससे इलाके मे दहशत का माहौल बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि, गुरूवार को कोरबा के कटघोरा वन मंडल के चोटिया मार्ग पर हाथियों का दल सड़क पार करते नजर आया है। आधे घंटे तक रोड जाम हो गया। हाथियों को गांव के पास देख लोगों में काफी दहशत है। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी । सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हाथियों के दल से दूर करते अलर्ट किया जा रहा है। जहां पर हाथियों के झुंड को नजर आया उससे महज 500 मीटर की दूरी पर एक गांव है।

कटघोरा वन मंडल के चोटिया मार्ग पर हाथियों का झुंड नजर आया है जिससे आधे घंटे तक मार्ग में आवागमन बाधित रहा।

ग्राम डांडकेशरा के नजदीक पहुंचा था हाथियों का दल

कुछ दिन पहले सरगुजा जिले में 13 हाथियों का दल मैनपाट के ग्राम डांडकेशरा के नजदीक पहुंचा। गांव के पास हाथियों का दल पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है और लोग रतजगा करने के लिए मजबूर हैं। यह घटना मैनपाट वन परिक्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार, डांडकेशरा गांव में 13 हाथियों का दल पहुंच गया। इससे इलाके में हड़कंप मच गया है। वन विभाग ने गांव में अलर्ट जारी कर दिया है। बावजूद इसके लोग हाथियों को देखने के लिए उनके करीब जा रहे हैं।

वन विभाग ने हाथियों से दूर रहने की अपील

वन विभाग हाथियों के दल की निगरानी में जुट गया है। वहीं लोगों से अपील भी की है कि, हाथियों के पास जाना खतरनाक हो सकता है, इसलिए उनसे दूर रहें।

पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में शामिल

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा चुनाव अपने अंतिम चरण में है। 26अप्रैल को कांकेर में मतदान होना है।

इस बीच कांग्रेस के पूर्व विधायक/संसदीय सचिव और वर्तमान में प्रदेश प्रवक्ता रहे शिशुपाल शोरी अपने समर्थकों के साथ सीएम साय के समक्ष हाथ का साथ छोड़कर भाजपा में शामिल होंगे। इस बीच खबर यह भी आ रही है कि पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने कांग्रेस छोड़ने की वजह पार्टी की खराब नीति और अनदेखी से आहत होकर भाजपा प्रवेश की कही बात शिशुपाल ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को आदिवासी सीएम देकर आदिवासियों का मान बढ़ाया है। शिशुपाल शोरी के साथ आज बालोद क्षेत्र से भी कांग्रेस के कई लोग भाजपा प्रवेश करने जा रहे हैं। शिशुपाल शोरी ने कहा कि कांग्रेस में 10 साल तक निष्ठा से कार्य करने के बाद भी पार्टी में उनकी अनदेखी होती रही। लेकिन अब वो मन बना चुके हैं कि आम जनता के हित में काम करने वाली भाजपा के साथ जाकर लोगों की सेवा करेंगे।

कांकेर लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा में जाने से कांग्रेस को नुकसान

कांकेर लोकसभा चुनाव अब बड़ा दिलचस्प होता जा रहा है। शोरी को विधानसभा के दौरान टिकट नहीं दिया गया था। इसके बाद लोकसभा में प्रत्याशी बनाए जाने के आश्वासन के बावजूद टिकट काट कर लोकसभा में पराजित प्रत्याशी बिरेश ठाकुर को दे दिया गया था। जिसके बाद से ही पूर्व विधायक शोरी नाराज़ चल रहे थे। शोरी ने अंततः कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने के फैसले लेते हुए कांग्रेस को अलविदा कह दिया। शोरी आदिवासी समाज के नेता माने जाते हैं। आदिवासी समाज में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।

प्रत्याशी चयन से नाराज कार्यकर्ता

लोकसभा चुनाव के दौरान कांकेर लोकसभा से कांग्रेस में अनेक नाम सामने आ रहे थे। इस बीच कांग्रेस पर्यवेक्षको के साथ कार्यकर्ताओ से राय शुमारी के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी चयन में लंबे इंतजार के बाद हारे हुए प्रत्याशी को अंतिम समय में उम्मीदवार घोषित किए जाने बाद से ही कांग्रेस नेता सहित कार्यकर्ताओं में पार्टी के खिलाफ जमकर आक्रोश साफ देखा जा सकता था।

कांग्रेस पार्टी में वर्तमान स्थिति में सबकुछ अच्छा नहीं चल रहा है। कांकेर जिला कांग्रेस की बात की जाए तो कांकेर में जब तक कांग्रेस की सरकार थी तब तक कांग्रेस के निष्ठावान कर्मठ कार्यकर्ताओ की अनदेखी होती रही है। कई बार कांग्रेस के निष्ठावान कर्मठ कार्यकर्ता अपनी नाराज़गी जता चुके थे। छत्तीसगढ़ में पंद्रह सालों तक जमी भाजपा को हटाने आंदोलन से लाठिया खाई उनको सरकार बनते ही दरकिनार कर दिए जाने का नतीजा रहा की महज पांच साल में ही कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से जाना पड़ा और इस बार लोकसभा में भी अवसरवादियों के हावी होने से और कांग्रेस छोड़कर जाने वाले दिग्गज आदिवासी नेताओ के चलते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत की गारंटी पर सवालिया निशान लगता दिख रहा है। खैर कांग्रेस की नैया पार होगी या डूबेगी ये तो आने वाला समय तय करेगा।

माँ महामाया मंदिर में हुआ चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन

नवागढ़/नवप्रदेश। माँ महामाया मन्दिर परिसर में चल रहे श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन नवरात्र के छठवें रोज से अष्ठमी तक किया गया। जिसमें माता सेवा, रंगोली एवं माला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिदिन शाम को श्रीधाम वृंदावन की भागवताचार्य लक्ष्मी निधि शर्मा के द्वारा प्रवचन दिया गया।

महोत्सव का उद्घाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास धर दीवान के द्वारा किया गया। उन्होंने नवागढ़ के पुरातन इतिहास की जानकारी विस्तार पूर्वक दी और बताया कि किस प्रकार नवागढ़ राजा महाराजा का गढ़ रहा है,हम सभी चाहते है कि नवागढ़ की इस धरोहर को और भी भव्य रुप देते हुए प्रदेश के साथ - साथ राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिले। आज समिति द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्र महोत्सव एवं शारदीय नवरात्र में महाआरती के कार्यक्रम के दूर-दूर तक चर्चा होती है जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने समिति के प्रत्येक आयोजन में प्रतिवर्ष प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगो धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

वहीं मंगलवार को महोत्सव के समापन अवसर पर भागवताचार्य लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि देवी उपासना के पर्व चैत्र नवरात्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन कर हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति द्वारा यह प्रयास सराहनीय है।

विश्व हीमोफीलिया दिवस पर मॉडल ब्लड सेंटर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड सेंटर द्वारा विश्व हिमोफिलिया दिवस (17 अप्रैल) के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विजय कापसे, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सूदित पाल एवं समस्त ब्लड बैंक स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि हिमोफिलिया एक वंशानुगत (जेनेटिक) बीमारी है, जो अभिभावकों से संतान में आती है। यह बीमारी दो तरह कि होती है, हिमोफिलिया ए और हिमोफिलिया बी।

हिमोफिलिया ए हर 5000 पुरूषों में एक को और हिमोफिलिया बी , हर 30000 पुरुषों में एक को होता है, यह बीमारी अधिकतर पुरुषों में पायी जाती है, जबकि महिलाएं अधिकतर रोग वाहक होती है।

हिमोफिलिया ए फैक्टर 8 और हिमोफिलिया बी फैक्टर 9 की कमी के कारण होता है, यह फैक्टर्स शरीर में रक्त के स्त्राव को रोकने में मददगार होते हैं, इनकी कमी से रक्त स्त्राव समय पर नहीं रूकता जिससे मरीज की जान भी जा सकती है। हर साल लगभग 60 प्रतिशत हिमोफिलिया के मरीज गंभीर रूप से बीमार होते हैं, जिसमें से 30 प्रतिशत हर साल अपनी जान गंवा देते है। इन मरीजों का कोई स्थायी इलाज नहीं होता है, पहले क्रायोप्रेसिपिटेट , रक्त का एक घटक जिसमें फैक्टर 8 और फैक्टर 9 होते हैं, देकर इनका उपचार किया जाता था।

नई टेक्नोलॉजी, प्लाज्मा फ्रैक्शनेशन के कारण अब फैक्टर 8 और फैक्टर 9 को रक्त से अलग करके उपयोग में लाया जा सकता है, हिमोफिलिया के मरीजों को इन फैक्टर की बार-बार जरूरत पढ़ती है। दवाई कंपनीयों द्वारा बनाये गये यह फैक्टर मंहगे होने के कारण सभी मरीजों को उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। पर अब कुछ दवा कंपनीया जो इन फैक्टर को बनाती है, कंपनी सोशल रिस्पांसिबिलिटी के द्वारा इन मरीजों के लिये फैक्टर 8 और फैक्टर 9 के इन्जेक्शन को मुफ्त में मुहैया कराया जाता है। इन मरीजों की संख्या कम होने के कारण ऑनलाईन पंजीयन कराने की उपयुक्त व्यवस्था अभी नहीं हो पाई है। साथ ही हिमोफिलिया सेंटर जैसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे इन मरीजों की जानकारी प्राप्त की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान सुझाव देते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि हिमोफिलिया के मरीजों के लिए ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जिससे मरीजों को चिन्हित कर इनका ऑनलाईन पंजीयन किया जा सके। प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में अनिवार्य रूप से हिमोफिलिया सेंटर की व्यवस्था हो जाने से इन मरीजों को काफी फ़ायदा मिलेगा तथा उपचार सुचारु रूप से संभव हो सकेगा।

पीएम मोदी के 23 को धमतरी आगमन की तैयारियां शुरू

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धमतरी आगमन होगा। प्रशासन इसकी तैयारी भी शुरू कर चुकी है। प्रधानमंत्री की सभा धमतरी से लगे श्यामतराई में होगी जहां पर पंडाल, डोम बनना शुरू हो चुका है। हेलीपैड के लिए भी खेत का समतलीकरण किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में महासमुंद, राजनांदगांव और लोकसभा में मतदान 26 अप्रैल को होना है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत धमतरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अप्रैल को आ रहे हैं इसके लिए श्यामतराई की जगह को चिन्हित किया गया है यहां पर किराया भंडार द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में गुरुवार को जन संवाद कक्ष में कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के साथ भाजपाइयों की बैठक भी हुई। जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, अर्चना चौबे, चेतन हिंदुजा, विजय साहू, राजीव पांडे, प्रकाश गोलछा, अविनाश दुबे, नवीन सांखला, डीपेंद्र निलेश लुनिया आदि मौजूद थे। प्रशासन की ओर से कलेक्टर एसपी के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक, डीएसपी एमएस चंद्रा, आर आई दीपक शर्मा, आयुक्त विनय पोयम, निरीक्षक शरद ताम्रकार भी मौजूद थे। महामंत्री रामू रोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री का 23 अप्रैल को धमतरी आना प्रस्तावित है।

इसके लिए श्यामतराई की जगह को चिन्हित किया गया है। उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप भी पहुंचेंगे। इसके लिए हेलीपैड एवं अन्य जगहों का भी निरीक्षण किया गया है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के धमतरी कार्यक्रम को लेकर भाजपा में जमकर उत्साह है। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है।

जेल में कैदियों को करा रहे हैं योगाभ्यास

■ कैदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व औषधियों का वितरण

कोरिया /नवप्रदेश। जेलों में परिरूद्ध बंदियों में कुछ बंदी विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग ने राज्य के सभी आयुर्वेदिक महाविद्यालयों व अस्पतालों के माध्यम से बंदियों के स्वास्थ्य जांच, उपचार व योगाभ्यास कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में आयुषविंग, जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर द्वारा विगत दिनों जिला जेल में 43 कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा औषधियों का वितरण भी किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अरविंद नारायण सिंह ने जानकारी दी है कि वार्षिक कार्य योजना के तहत जेल में कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे मंगलवार को किया जाएगा।

जेल के कैदियों को अष्ठांग योग, विशेषकर सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी भस्त्रिका योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि कैदियों को दिए जा रहे योग के विभिन्न विधाओं से उन्हें मानसिक अस्थिरता से निजात मिलेगी, वहीं उनकी सोच में एक सकारात्मक परिवर्तन आएगी।

डॉ. सिंह का कहना है कि वैसे भी हर इंसान को योगाभ्यास करना चाहिए ताकि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकारों से निजात मिले। इसी परिप्रेक्ष्य को देखते हुए जेल में बंद कैदियों को योग्याभ्यास कराया जा रहा है साथ ही डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के साथ औषधि वितरण भी किया जा रहा है।